# नवबिहार टाइम्स
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 10 मार्च 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 287 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1624 : इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1801 : ग्रेट ब्रिटेन में पहली बार जनगणना की गई।
1922 : महात्मा गांधी राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए।
1922 : चीन द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर।
1945 : जापान ने वियतनाम को स्वतंत्र देश घोषित किया।
2007 : यूक्रेन के वैसिलीइवानचुक को हराकर विश्वनाथन आनन्द शतरंज में प्रथम स्थान पर पहुंचे।
2010 : भारतीय संसद की ऊपरी सदन राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ।

# परिसीमन के मुद्दे पर झामुमो को मिला कांग्रेस और राजद का साथ

## झामुमो पहले ही 2026 के बाद होने वाले परिसीमन के लिए मौजूदा प्रारूप का कर चुकी है विरोध



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने 2026 के बाद होने वाले परिसीमन के लिए मौजूदा प्रारूप के विरोध करने का एलान कर दिया है। झामुमो के एलान के बाद झारखंड में उसके सहयोगी दल कांग्रेस और राजद ने भी इस मुद्दे पर झामुमो का समर्थन किया है और परिसीमन के मौजूदा मसौदे का विरोध करने की घोषणा की है। वहीं परिसीमन के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब 2008 में देश में परिसीमन हुआ था, तब किसकी सरकार थी और उसने तब परिसीमन क्यों कराया था? परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि दरअसल भाजपा की मंशा परिसीमन के बहाने देश में आदिवासियों और दलितों के लिए आरक्षित सीटों को कम करना है, ताकि उनकी राजनीतिक ताकत कम हो जाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भाजपा की मंशा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के संविधान को बदलने की है। संविधान में अधिकतम 550 लोकसभा सदस्यों की अनिवार्यता है, लेकिन परिसीमन के मौजूदा प्रारूप में लोकसभा सीटों की संख्या 846 हो जाएगी।

**राजद भी परिसीमन के खिलाफ : अनीता यादव**

कांग्रेस की तरह राजद भी परिसीमन के मुद्दे पर अपने सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ है। प्रदेश राजद उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि राजद भी मौजूदा प्रारूप में परिसीमन का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने अपने दीर्घकालिक राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखते हुए मौजूदा प्रारूप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि अगर मौजूदा प्रारूप में परिसीमन लागू किया जाता है तो इससे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज की राजनीतिक ताकत कम हो जाएगी।

**कांग्रेस को परिसीमन से पहले देना होगा ये जवाब : भाजपा**

2026 के बाद लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर झामुमो के विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि झामुमो एक क्षेत्रीय पार्टी है, वह कई मुद्दों पर इस तरह विरोध कर सकती है, लेकिन अगर कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते परिसीमन का विरोध करती है, तो उन्हें बताना होगा कि वर्ष 2008 में जब परिसीमन हुआ था, तब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी, तब उसने परिसीमन क्यों कराया था।

> ■ **आगे की रणनीति बनाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा बुलाई बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 मार्च को जा रहे चेन्नई**

**सीएम हेमंत सोरेन जाएंगे चेन्नई**

झामुमो ने मौजूदा प्रारूप में 2026 के बाद लोकसभा सीटों के परिसीमन का विरोध करने का पहले ही निर्णय ले लिया है। इस पर आगे की रणनीति बनाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल होने के लिए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 मार्च को चेन्नई जाएंगे।

# दो सड़क हादसों में तीन की मौत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पलामू जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई है। इन हादसों में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। पहला हादसा छतरपुर-जपला रोड पर अरुण आवासीय विद्यालय के पास हुआ। यहां दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में छतरपुर के पिंडराही निवासी 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा हादसा हरिहरगंज थाना क्षेत्र में एनएच 139 पर अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रात डेढ़ बजे हुआ। इस हादसे में ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के रविकांत कुमार (26) और गया जिले के सुनील कुमार (20) के रूप में हुई है। रविकांत और सुनील एक ही बाइक पर छतरपुर से हरिहरगंज की ओर जा रहे थे।

# एनटीपीसी अधिकारी हत्याकांड की जांच के लिए हजारीबाग पहुंचे आईजी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव के हत्याकांड ने पूरे राज्य भर में हड़कंप मचा दिया है। स्थिति की नजाकत को देखते हुए बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे। जहा उन्होंने हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह समेत डीएसपी, एसडीपीओ के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव की हत्या ने हजारीबाग की पुलिसिया सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। पुलिस मुख्यालय भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे, जहां उन्होंने हजारीबाग के तमाम वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। आईजी ने इस घटना की विस्तृत जानकारी ली है। साथ ही यह भी जाना है कि एनटीपीसी के कर्मी और अधिकारियों को किस तरह की सुरक्षा हजारीबाग पुलिस मुहैया करा रही है। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जांच की जा रही है। पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है। घटना के कारण को बिंदुवार देखा जा रहा है। इस घटना के पीछे किसी आपराधिक गिरोह या फिर नक्सली संगठन का हाथ है इसे लेकर भी जांच की जा रही है। पुलिस घटना पर काफी संवेदनशील दिख रही है। इस बात का दावा भी किया गया है कि बहुत जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा। बता दें कि हजारीबाग में कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह में शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे एनटीपीसी के पदाधिकारी को गोली मार दी गयी। इस वारदात को अंजाम देकर अपराधी फरार हो गए। घटना के बाद उन्हें हजारीबाग के निजी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद एनटीपीसी के सभी वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे थे। बता दें कुमार गौरव डिजीएम डिसपैस केरेडारी में अपनी सेवा दे रहा थे।

# 12 साल बाद टीम इंडिया ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा आइसीसी खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए। रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।


**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियम्सन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन और विलियम ओरूर्क।

भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने 83 गेंदों में 83 गेंदों का सामना किया, जिसमें 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। भारत की ओर से शुभमन गिल ने 31, श्रेयस अय्यर 48, अक्षर पटेल 29, हार्दिक पांड्या 18 और केएल राहुल ने नाबाद 34 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारत की ओर से गेंदबाजी में स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन दिखाया। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि रविंद्र जडेजा ने एक विकेट लिए। तेज गेंदबाज में मोहम्मद शमी ने 9 ओवर में 74 रन देकर एक विकेट लिए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दुबई में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने डेरिल मिशेल और माइकल ब्रेसवेल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 251 रन का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिशेल ने 63 और माइकल ब्रेसवेल ने 53 रनों की पारी खेली। विल यंग 15, रचिन रविन्द्र 37 और ग्लेन फिलिप्स 34 रनों की पारी खेली।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ अस्वस्थ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद रात करीब 2 बजे उन्हें एम्स में एडमिट किया गया। जानकारी के अनुसार फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स हॉस्पिटल जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने एक्स पर लिखा- एम्स गया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय स्वास्थ्य मत्री जेपी नड्डा भी सुबह एम्स गए और उन्होंने भी धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# अप्रैल में बिहार आएंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल में एक बार फिर पटना आने वाले हैं। वह पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास और कई अन्य विकास परियोजनाओं की घोषणा भी करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से बिहार आने का आग्रह किया गया है। वह अप्रैल में यहां आयेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पटना और बिहटा एयरपोर्ट के अलावा कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम और सीएम बिहार के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। एनडीए के लिए बिहार हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। 2027 तक चार घंटे में राज्य के किसी भी कोने से लोग पटना आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख सरकारी नौकरी और रोजगार देने का भी लक्ष्य रखा गया है। 12 लाख सरकारी नौकरी और 38 लाख रोजगार दिए जाएंगे। जबकि तीन सौ से अधिक डिग्री कॉलेज राज्य में खोले जाएंगे। इसके साथ ही वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। पिंक बसें चलाने की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसमें केंवल महिलाएं ही सफर करेंगी। ड्राइवर से लेकर सभी स्टाफ भी महिलाएं ही होंगी। इसके अलावा पटना में जिम ऑन व्हील भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर अनुमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि फसल बर्बाद न हो, इसके लिए सरकार आधुनिक कोल्ड स्टोरेज निर्माण की दिशा में तेजी से काम करेगी।

# शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के लिए हमने लगातार काम किया : नीतीश

## टीआरई-3 (तीसरे चरण) के तहत 51,389 नए शिक्षकों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से टीआरई-3 (तीसरे चरण) के तहत 51,389 नए शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए। रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ 8 जिलों के करीब 100 शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र दिया, जबकि शेष शिक्षकों को अन्य 30 जिलों के जिला मुख्यालयों में नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले अरवल की नूतन कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया। नूतन कुमारी का चयन 11वीं-12वीं कक्षा के लिए हुआ है। वह आईटी कंपनी में काम करती थी, जिसे छोड़कर अब बिहार में शिक्षक बनी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में शिक्षा के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी। शाम होते ही लोग बाहर निकलने से डरते थे लेकिन आज माहौल पूरी तरह बदल चुका है। हमने शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम किया है। आज लड़का-लड़की सब बराबर हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू हुई थी और अब तक तीन चरणों में कुल 2,68,548 शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। इसके अलावा, 42,000 हेडमास्टर भी बीपीएससी परीक्षा पास कर चुके हैं, जिन्हें अगले महीने नियुक्ति-पत्र सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में शिक्षकों की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन उनकी सरकार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी। अब तक 2,53,961 नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जा चुका है। 86,039 नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए तीन विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। कुल मिलाकर बिहार में अब सरकारी शिक्षकों की संख्या 5,65,746 हो गई है। पटना, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, सारण, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के शिक्षकों को गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को खटारा से समृद्ध बिहार बनाने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य और दुनिया से परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण का काम केवल शिक्षक ही कर सकते हैं। बिहार सरकार का लक्ष्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। नई नियुक्तियों के बाद शिक्षा प्रणाली में सुधार की उम्मीद है, जिससे राज्य के छात्रों को लाभ मिलेगा। वहीं मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जब वे शिक्षा मंत्री थे उसी समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति करने का फैसला किया था।




# रविशंकर प्रसाद का अचानक पैर पकड़ने लगे नीतीश कुमार, फिर गले से लगाया



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में आज एक बार फिर से अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद पांव छूने लगे. हालांकि बाद में उन्होंने गले से लगाया. रविशंकर प्रसाद का पैर पकड़ने लगे नीतीश : दरअसल, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया था. मुख्यमंत्री नीतीश भी इसमें शामिल होने पहुंचे थे. अचानक नीतीश कुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का पैर पकड़ने के लिए झुके.

### रुके, फिर गले से लगाया

नीतीश कुमार के साथ जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद थे. ज्योंहि नीतीश कुमार झुकने लगे तो संजय झा और खुद रविशंकर प्रसाद ने उन्हें रोका. इसके बाद नीतीश कुमार ने रविशंकर प्रसाद को लगे से लगाया. सीएम के आसपास मौजूद सभी लोग यह नजारा देखकर हैरान हो गए.

### गुलाल और फूलों की होली

होली गीत के बीच रविशंकर प्रसाद ने मुख्यमंत्री को गुलाल लगाया. वहीं मुख्यमंत्री ने भी रविशंकर प्रसाद के साथ फूलों की होली खेली. मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी फूलों की होली खेलते नजर आए. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पहुंचे थे. नेताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया.

### कुछ ही देर रुके मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बिहार स्काउट एंड गाइड में सुरक्षा के सख्त एग्जाम किए हुए गए थे. मुख्यमंत्री ज्यादा देर रुक नहीं, कुछ ही देर में होली खेल कर निकल गए.

### नीतीश कुमार बीजेपी के सामने झुक गए

जब यह तस्वीर सामने आयी तो विपक्ष को मौका मिल गया. ऐसे में आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने उनपर तंज कसा. सीएम नाम की घोषणा को लेकर घेर लिया. राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि हमारे नेता शुरू से कह रहे हैं कि नीतीश कुमार बीजेपी के सामने झुक गए हैं. अब साफ-साफ दिखता है. कितना झुकेंगे यह भी जनता देख रही है. क्यों झुके हैं ये भी जनता जान रही है. अब इनका कुछ चलता नहीं है. राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार कहते हैं कि अब नीतीश कुमार को कुछ समझ में नहीं आ रहा है. आज फिर एक मंजर दिख ही गया. लगातार ऐसा ही दिखेगा. इनको (नीतीश कुमार) और बीजेपी के सामने झुकना पड़ेगा. तब भी इनके सीएम नाम की घोषणा बीजेपी नहीं करेगी, ये भी आप देख लीजिएगा.-

### पहले भी कई बार पैर पकड़ने लगे हैं नीतीश

नीतीश कुमार इससे पहले भी कई बार दूसरे के पैर छूने को लेकर सुर्खियों मे रह चुके हैं. 3 नवंबर 2024 को चित्रगुप्त पूजा के दौरान पूर्व सांसद और उद्योगपति रविंद्र किशोर सिन्हा का पैर छुआ था. 7 जून 2024 को दिल्ली में ऑल इंडिया एनडीए पार्टियों की बैठक में नीतीश कुमार पीएम मोदी का पैर छूने लगे थे. हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पकड़ लिया था. 10 जुलाई 2024 को पथ निर्माण विभाग के कार्यक्रम के दौरान अधिकारी प्रत्यय अमृत का पैर पकड़ने के लिए आगे बढ़ गए थे.

### कौन बड़े नीतीश या रविशंकर ?

रविशंकर प्रसाद से उम्र में सीएम नीतीश कुमार बड़े हैं. जहां रविशंकर प्रसाद की उम्र 70 साल है. वहीं नीतीश कुमार 74 साल के हैं. नीतीश का जन्म 1 मार्च 1951 को हुआ था. वहीं रविशंकर प्रसाद का जन्म 30 अगस्त 1954 को हुआ था. ऐसे में अपने से छोटे रविशंकर प्रसाद के पैर छूने की कोशिश पर नीतीश कुमार की खिल्ली उड़ रही है.

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्य में एआई की भूमिका अनुपयोगी : डॉ. मिश्र

**दरभंगा, एजेंसी।** संस्कृत में अनुवाद के क्रम में अनेक भाषाओं के शब्दों का प्रयोग हुआ है। शब्द की दृष्टि से संस्कृत भाषा समृद्ध भाषा है। साहित्य से इतर विषयों में मशीनी अनुवाद (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) मददगार हो सकता है, लेकिन साहित्य में यह कदाचित उपयोगी नहीं है। पूर्व भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली एवं कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय संस्कृत अनुवाद दक्षता संवर्धन कार्यशाला में शांति निकेतन, पश्चिम बंगाल के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अरुण रंजन मिश्र ने उक्त बातें कही। संस्कृत में प्रयुक्त शब्दों के अनुवाद में प्रयोग विधि पर चर्चा करते हुए डॉ. मिश्र ने कहा कि जिस ग्रंथ का प्रभाव एवं प्रसिद्धि समाज में सबसे ज्यादा हो उसका अनुवाद आवश्यक होता है। अनुवादकों की योग्यता की चर्चा करते हुए कहा कि अनुवादक को जिस भाषा से जिस भाषा में अनुवाद करना है- उन दोनों भाषाओं का ज्ञान आवश्यक है। भाषा के साथ संस्कृतियों का ज्ञान भी जरूरी है। मात्र शब्दों का अनुवाद करने से अनुवाद की पूर्णता नहीं होती, अपितु उनका भाव भी व्यक्त होना आवश्यक है। संस्कृत भाषा में एक शब्द के लिए अनेक पर्यायवाची शब्द उपलब्ध हैं। शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करना चाहिए। पीआरओ निशिकांत ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन पूर्व कुलपति प्रो. रामचंद्र झा, कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय, डीएसडब्ल्यू डॉ. शिवलोचन झा, डॉ. ममता पांडेय ने किया। संयोजक डॉ. यदुवीर स्वरूष शास्त्री ने विषय प्रवर्तन करते हुए सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीसीडीसी डॉ. दिनेश झा, डॉ. शंभु शरण तिवारी, डॉ. रितेश कुमार चतुर्वेदी, डॉ. एल सविता आर्या सहित लगभग 40 प्रतिभागी शामिल रहे।

### मुंगेर में मालगाड़ी के दो डिब्बे नाले में गिरे

#### जमालपुर रेल इंजन कारखाना में शटिंग के दौरान घटना, दो महीने पहले भी हुआ था हादसा



**मुंगेर, एजेंसी।** जमालपुर रेल कारखाना परिसर में शनिवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के दो डिब्बे ब्रेकर तोड़कर आगे बढ़ गए। ये डिब्बे सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए जंघीरा मोहल्ले के पास स्थित नाले में जा गिरे। घटना से रेल परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। हादसे के समय घटनास्थल से महज 50 मीटर की दूरी पर जंघीरा रेलवे अंडरपास की मरम्मत का काम चल रहा था। सूचना मिलते ही रेल अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर भी जवानों के साथ घटनास्थल पर आए।

**दो महीने में दूसरी घटना :** बता दें कि रेल कारखाना जमालपुर में बीते? दो महीने में इस तरह की यह? दूसरी घटना घट चुकी है।? कारखाने में बीते 23 जनवरी को? भी मालगाड़ी के डिरेलमेंट की? बड़ी घटना हुई थी। तब घंटों ?जमालपुर-किउल रेलखंड पर? परिचालन बाधित रहा था। मालदा? की टीम ने तत्परता से मलबा? हटाकर ट्रेनों का संचालन शुरू ?कराया था। घटनास्थल पर?मौजूद रेलकर्मियों के मुताबिक,?पटरियों के समुचित रख-रखाव?में कमी हादसे की वजह हो?सकती है। हालांकि रेलवे के?अधिकारी इस पर अभी कुछ भी?कहने से बच रहे हैं।?

**सड़क किनारे रहती आबादी:** स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार की देर शाम अचानक तेज आवाज सुनाई दी। नाले के पश्चिमी छोर से करीब साढ़े तीन फीट ऊपर जमालपुर-किउल रेलवे ट्रैक है। पूर्वी छोर पर पांच फीट की दूरी पर मुख्य सड़क है, जिसके किनारे हजारों की आबादी बसी है।

**रखरखाव में कमी से हो रही परेशानी:** रेलकर्मियों का कहना है कि पटरियों के समुचित रखरखाव में कमी हादसे की वजह हो सकती है। हालांकि, रेलवे अधिकारी इस विषय पर कोई टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार भारत को प्रो-एक्टिव स्टेप लेना चाहिए: श्री श्री रविशंकर



**पटना, एजेंसी।** द आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर इन दिनों बिहार दौरे पर हैं. राजधानी पटना में उनकी आध्यात्मिक क्लास लगी. ज्ञान भवन में 1000 से अधिक लोग रविशंकर की पाठशाला में उपस्थित हुए. हजारों की संख्या में मौजूद लोगों के साथ उन्होंने संवाद स्थापित किया. इस दौरान लोगों के मन में जो सवाल थे, उसके जवाब दिए. लगभग 2 घंटे के सेशन में श्री श्री ने कई मुद्दों पर प्रकाश डाला और लोगों को जीवन जीने की कला सिखाई.

### रूस–यूक्रेन युद्ध पर क्या बोले ?

जब श्री श्री रविशंकर से सवाल पूछा कि विश्व के कई देशों में युद्ध चल रहे हैं. युद्ध की स्थिति में भारत को तटस्थ रहना चाहिए या फिर सत्य का साथ देना चाहिए. उन्होंने कहा कि मैंने यूक्रेन युद्ध की भविष्यवाणी पहले की थी. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि साल 2017 में मैं यूक्रेन की संसद को संबोधित करने गया था और उन दिनों यूक्रेन में अशांति की स्थिति थी रशियन बोलने वालों के साथ सरकार दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही थी, जैसा कि अतीत में श्रीलंका के अंदर देखने को मिला था. तमिल बोलने वालों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया था. रूस यूक्रेन युद्ध में भारत तटस्थ है. मेरी समझ से भारत के लिए तटस्थ रहने की नीति सही है.

### बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत पर भरोसा

वहीं, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर श्री श्री रविशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के अंदर शांति की स्थिति है और वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है. भारत सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेनी चाहिए. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत से उम्मीद है और भारत की सरकार को हिंदुओं की रक्षा के लिए प्रोएक्टिव स्टेप लेनी चाहिए.

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि हिंदुओं के प्रति जो अत्याचार कर रहे हैं बांग्लादेश में, हिंदुस्तान चुप है. हिंदुस्तान को बहुत प्रो एक्टिव स्टेप लेना चाहिए. अगर मुझसे पूछिये तो हमें युक्तिपूर्ण चलना चाहिए, ये तो आवश्यक है. रशिया-यूक्रेन वार में तटस्थ हैं, वो तो ठीक लेकिन बांग्लादेश मामले पर तटस्थ नहीं रहना चाहिए. हमें इस बारे में सोचना चाहिए.-

### वैक्सीन से जा रही है लोगों की जान

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि कोरोना वायरस मैन मेड वायरस है. वैक्सीन के साइड इफेक्ट हैं, लोगों की जान जा रही है. इससे बचने के लिए लोगों को ओजोन थेरेपी का सहारा लेना चाहिए. श्री श्री रविशंकर ने कहा कि मैं भी वैक्सीन नहीं लिया था. जो दवा मैंने बनाई थी, उसको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और सैकड़ों लोग स्वस्थ भी हुए.

### सनातन को लेकर क्या बोले ?

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि सनातन एक चमकता हुआ सूर्य है. इस पर जो पत्थर फेंकेगा, वह पत्थर वापस उसी को आकर लगेगा. सोमनाथ में स्थापित शिवलिंग को लेकर श्री श्री रविशंकर ने कहा कि शिवलिंग को नष्ट करने वाले खुद नष्ट हो गए. श्री श्री रविशंकर ने कहां की हजारों साल पहले गजनवी ने शिवलिंग के टुकड़े किए थे और उन्हें अग्निहोत्री लोगों ने दक्षिण भारत में सुरक्षित रखा. इस शिवलिंग को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बाद निकाला गया और आज वह सोमनाथ में पधार चुका है.

## फुटकर विक्रेता की मौत पर मांगा दस लाख का मुआवजा

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य विपिन बिहारी यादव ने फुटकर विक्रेता महेंद्र शाह की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है। पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए डीएसपी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर एक जांच कमेटी गठित करने की मांग किया है। परिवार को तत्काल प्रभाव से सरकार सरकारी नौकरी और 10 लाख का मुआवजे की भी मांग की है।

## होली दूसरों के संग खुशी मनाने का त्योहार

**दरभंगा/ बिरौल, एजेंसी।** होली का त्यौहार केवल रंगों का पर्व नहीं है बल्कि यह पर्व हमें जीवन में आनंद की अनुभूति तथा दूसरों के साथ खुशी मनाते हुए जीने का संदेश भी देता है। ये बातें सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने शनिवार को बिरौल में भाजपा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान व भाजपा नेता मणिकांत मिश्रा सहित सभी मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने सांसद को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर पार्टी नेता श्रवण चौधरी, मंडल अध्यक्ष हीरा ठाकुर, पिंटू झा, विकास विवेक चौधरी आदि ने जोगीरा गाया। इस मौके पर भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने होली मिलन का आनंद लिया।

### होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

बेनीपुर में अयाची मिथिला महिला कॉलेज पर महिला सम्मान दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर व डॉ. बैद्यनाथ चौधरी बैजू का सम्मान किया गया। उन्होंने डॉ. रेणु कुमारी, डॉ. सुनीता झा, प्रो. सुनीता कुमारी व डॉ. हीरा कुमारी को महिला सम्मान के रूप में सम्मानित किया। संचालन प्रो. देवेंद्र कुमार झा एवं डॉ. रामसेवक ठाकुर ने किया। रामबाबू झा, भगवान बाबू झा व संजय ठाकुर ने होली की प्रस्तुति की। प्राचार्य प्रवीण कुमार मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया। मौके पर कॉलेज कर्मी डॉ. रमन कुमार झा, डॉ. राजेंद्र साह, प्रो. विजय कुमार झा, प्रो. विनय मिश्रा, प्रो. तारानंद ठाकुर, लेखापाल विजय कुमार झा आदि थे।

## बेकाबू ट्रक ने ऑटो सवार को कुचला, हादसे में महिला और बच्चा समेत 4 की दर्दनाक मौत



**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार के सीतामढ़ी में सड़क हादसा हुआ है. जिले के बरियारपुर में अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो पर सवार सभी लोगों को रौंद दिया. हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है. प्रशासन ने कहा कि मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है. हालांकि एक्सीडेंट के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया.

**टक्कर के बाद ऑटो पर चढ़ा ट्रक:** शनिवार रात सोनबरसा-सीतामढ़ी एनएच 77 पर बरियारपुर फोरलेन के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी. हादसे के बाद ट्रक ऑटो के ऊपर चढ़ गया. स्थानीय बाइक सवार रामबाबू कुमार ने बताया कि मैं बाइक से आ रहा था. ट्रक बेकाबू था. सोनबरसा से आ रहा था, मुझे भी ओवरटेक कर रामनगरा के पास चांप दिया. मैं 2 इंच से बच गया. मैं गड्ढा में जाकर खड़ा हुआ और जबतक यहां पहुंचा तो देखा कि टेंपो में टक्कर मार दिया था.

**मरने वालों में महिला और बच्चा भी शामिल:** मृतक की पहचान भुतही थाना क्षेत्र के मधेसरा हनुमान नगर निवासी सोगारथ साह के पुत्र भरत साह, भरत साह की पत्नी अंजली देवी, भाई लालू साह की 5 वर्षीय पुत्री रीता कुमारी और ऑटो चालक पुनौरा थाना क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी सत्येंद्र राम के रूप में हुई है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. साथ ही उप चालक लगमा आजमगढ़ के रहने वाले मोहम्मद कलाम को गिरफ्तार कर लिया है. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार यात्रियों के शव ट्रक में फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी. वहीं, सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ रामकृष्णा मौके पर पहुंचे और जांच के आदेश दिए. हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों ने बताया कि सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे. उसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसे में महिला और बच्चा समेत 4 लोगों की जान गई है, जबकि कई लोग घायल हैं. सीतामढ़ी सदर डीएसपी का कहना है कि खाली ट्रक और टेंपो में टक्कर हुई है. तीन व्यस्क और एक बच्चे की लाश बरामद की गई है. मरने वालों में महिलाएं शामिल हैं. ट्रक चालक फरार हो गया है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है. मामले में कार्रवाई की जा रही है.

## घटना के बाद से प्रेमी लापता गांव के ही लड़के से 3 साल से था अफेयर, आरोपी गिरफ्तार

# भाई ने बहन की हत्या कर तालाब में फेंका शव

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के कटेया थाना क्षेत्र में एक भाई ने अपनी बहन की हत्या कर दी। जिसका शव शेख बेईली चवर के पोखर से बरामद किया गया है। मृतका की पहचान राजापुर महंत गांव निवासी अकलू महतो की बेटी पूजा कुमारी(18) के रूप में की गई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पूजा का मगहिया गांव निवासी धर्मेंद्र खटीक के साथ तीन साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिवार और गांव वालों को इस बारे में पता था। दोनों को कई बार समझाया गया, लेकिन वे अलग नहीं होना चाहते थे। तभी शुक्रवार को दोनों घर से लापता हो गए। जिसे लेकर धर्मेंद्र के पिता राम बराई खटीक ने कटेया थाना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 7 मार्च को दिवलिया बाजार में किसी समारोह में गया था और वापस नहीं लौटा।

### प्रेमी के साथ देख की हत्या

पुलिस ने जांच के दौरान पूजा के भाई रमेश महतो को हिरासत में लिया। पूछताछ में रमेश ने कबूल किया कि उसने बीती रात शेखबली चवर में अपनी बहन को धर्मेंद्र के साथ देखा। गुस्से में आकर उसने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को तालाब में फेंक दिया। जिसके बाद शनिवार की शाम पुलिस ने मछुआरों की मदद से तालाब में जाल डालकर पूजा का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी रमेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि धर्मेंद्र अभी फरार है। हालांकि लापता लड़के की सूचना पुलिस को अभी तक नहीं मिल पाई है। पुलिस ने शव के आसपास में ही एक लावारिस हालत में बाइक भी जब्त की है।बताया जाता है कि यह बाइक लापता धर्मेंद्र खटीक की है।



### लड़के की लापता होने की आशंका

कटेया थानाध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि धर्मेंद्र खटीक के परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया था, जिसमें धर्मेंद्र की लापता होने की बात कही गई थी। साथ ही कुछ लोगों पर अपहरण का आशंका जाहिर की गई थी। जिसके निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। जिसकी निशानदेही युवती का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में छानबीन शुरू कर दी है। लेकिन अब तक अपहृत युवक धर्मेंद्र खटीक का कुछ सुराग नहीं ले सका है।

## बजट में सम्राट की घोषणा पर अमल शुरू, बिहार के इन शहरों में पिंक बस का डेट तय



**पटना, एजेंसी।** बिहार में महिलाओं का सफर सुविधाजनक और सुरक्षित हो, इसके लिए पिंक बस लाने की तैयारी जोरों पर है। इसकी सुविधा अप्रैल के पहले सप्ताह से मिलनी शुरू होगी। पहले चरण में पटना, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में यह सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए 20 पिंक बस तैयार कर ली गयी है। इसको 31 मार्च तक पटना लाया जाएगा। इसमें दस बस पटना में और पांच-पांच बस भागलपुर और मुजफ्फरपुर में चलायी जाएगी। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी में बजट में इसका ऐलान किया था। बता दें कि बिहार सरकार ने इस बार के बजट में पिंक बस की सुविधा देने की घोषणा की है। इसके तहत महिलाओं को आने-जाने में सुविधा हो, इसके लिए पिंक बस चलायी जाएगी। राज्य के हर प्रमुख शहरों में पिंक बस चलायी जाएगी। पहले चरण की तैयारी बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने शुरू कर दी है। निगम की मानें तो पिंक बस को एसएमएल एपसू जू नाम की एजेंसी ने तैयार किया है। बस को पूरा गाढ़ा गुलाबी रंग का बनाया है। आगे-पीछे चारों तरफ गुलाबी रंग है। बस में 60 से 70 सीटें होंगी। तीनों शहरों में एक ही दिन एक साथ बस का परिचालन शुरू होगा।

**महिला ड्राइवर के लिए एजेंसी चिह्नित :** पिंक बस को चलाने के लिए परिवहन निगम की ओर से महिला ड्राइवर की खोज भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए एजेंसी का चयन किया गया है। संबंधित एजेंसी के माध्यम से महिला ड्राइवर लिये जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस की जांच होगी। अनुभव देखा जाएगा। कई चरणों में जांच के बाद ही महिला ड्राइवर रखी जाएगी। कुल 20 ड्राइवर और 20 कंडक्टर को रखा जाएगा। इसके अलावा दस ड्राइवर और रखीं जाएंगी जिससे किसी तरह की दिक्कतें होने पर ड्राइवर को रिप्लेस किया जा सकेगा।

**स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों का विशेष ध्यान :** बस के मार्ग तय करने में स्कूल और कॉलेज का समय का ख्याल रखा जाएगा। बस उसी मार्ग में चलेगी जिससे अस्पताल पहुंचना आसान हो। स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को पहुंचने में आसानी हो। कोशिश की जाएगी कि राजधानी पटना और इसके आसपास की जगहों पर पहुंचने में महिलाओं को निजी बस, ऑटो आदि का सहारा नहीं लेना पड़े।

## नवादा में गैस सिलेंडर वाली मैजिक वैन में आग:खाली सिलेंडर से भरी गाड़ी जली



### चालक सुरक्षित; बड़ा हादसा टला

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में एक बड़ा हादसा टल गया। पकरीबरावां प्रखंड के राजे बीघा गांव के पास गैस सिलेंडर ढोने वाली मैजिक वैन में अचानक आग लग गई। गाड़ी के मालिक मुरारी मोहन के अनुसार, चालक गुलनी गांव में भरे सिलेंडर उतारने के बाद खाली सिलेंडर लेकर लौट रहा था। वाहन खड़ा करके आराम करने के दौरान अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाना प्रभारी रंजीत कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही मैजिक वैन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

**आग लगने के कारणों की जांच कर रही पुलिस :** पुलिस जांच में सामने आया कि वाहन में रखे सभी सिलेंडर खाली थे। इसी कारण कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। गाड़ी मालिक ने इस संबंध में आवेदन दिया है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक की ओर से थाना में आवेदन दिया गया है। फिलहाल, किसी प्रकार की कोई बड़ी घटना नहीं घटी है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर फायर विभाग की टीम को बुलाकर आग पर काबू पा लिया गया है। अचानक गाड़ी में आग लगी है, कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 09-03-2025 22:11 Page 1



# शिशु रोग विशेषज्ञों का पटना में हुआ महाजुटान

## पेटीकोन 2025 का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में दो दिवसीय पेटीकोन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से बड़े-बड़े शिशु रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। इस कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ इस बात पर चर्चा की कि बच्चों में जो बड़ी और घातक बीमारियाँ हो रही हैं, उससे कैसे निजात पाई जाय। उनके इलाज के लिए कौन कौन से अत्याधुनिक उपकरण हैं,जिससे उनका इलाज कराया जा सके।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ पी पी मिश्रा ने बताया कि पटना के मौर्या होटल में आयोजित इस दो दिवसीय अधिवेशन में मुंबई, दिल्ली, चेन्नई और हैदराबाद सहित अन्य जगहों से डॉक्टर आये हुए हैं। एक सुखद वातावरण में यह अधिवेशन हो रहा है। यह हम चिकित्सकों और जितने हमारे जूनियर डॉक्टर इसमें शामिल हुए हैं, उनके लिए भी बहुत ही अच्छा समय है। बच्चों में हो रही गंभीर बीमारियों और उनके निराकरण की बातें यहां पर की जाएगी कि कैसे बेहतर से बेहतर उनका इलाज किया जा सके। गंभीर बिमारी वाले बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं कैसे की जाए, उन्हें क्या और कैसे फायदा मिलेगा इन सारी बातों पर चर्चा करने के बाद समस्या के समाधान के रास्ते निकाले जाएंगे।

डॉ वसंत खलटकर ने बताया कि इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक एक बहुत बड़ा संगठन है, जिसमें लगभग 47 हजार सदस्य हैं। इस संगठन ने एक बीड़ा उठाया है- बाय-बाय एनीमिया। इसके तहत हमलोग गंभीर बिमारी अनीमिया से जूझ रहे बच्चों के इलाज के लिए एक बस तैयार किया है। उस बस में दो टेक्नीशियन, दो डॉक्टर,एक चालक और एक हेल्पर रहता है। हम लोग गांव-गांव बस लेकर जा रहे हैं। वहां पर सबसे पहले हम लोग उसका हेल्थ चेकअप करते हैं। बच्चों का हीमोग्लोबिन कम होने पर उनको दवाई दी जाती है। उनको कीटनाशक दवा देते हैं और फिर उनका 3 महीने बाद हेल्थ चेकअप किया है। अब तक हमलोगों ने लगभग 30हजार बच्चों का टेस्ट लिया है जिसमें 60% बच्चों का हीमोग्लोबिन कम है यानी वह एनीमिया से ग्रसित हैं। बस तेलंगाना से महाराष्ट्र, महाराष्ट्र से कर्नाटक, कर्नाटक से अभी आंध्र प्रदेश में गई है। इसके बाद बस केरल और फिर नॉर्थ टू साउथ, कन्याकुमारी और मुंबई से कोलकाता और फिर बिहार के छोटे-छोटे गांव तक हम पहुंचेंगे।

डॉ वसंत खलटकर ने बताया कि हम लोगों ने दो फिल्म बनाई। एक दिशा और दूसरा यूटर्न। दिशा में आजकल जो बच्चे ड्रग्स से ग्रसित हैं, उन्हें ड्रग्स से कैसे बचाया जाय इसको लेकर यह फिल्म बनी हैं। इस फिल्म का उद्देश्य लोगों को जागरूकता करना भी है। इसमें यह भी दिखलाया गया है कि बच्चों के माता-पिता को क्या करना चाहिए। आज बच्चे मोटापा से ग्रसित हैं, तो उनको मोटापे से कैसे बचाया जाय इसपर भी बात होगी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में हमारी जानकारियों का आदान-प्रदान है। हमलोग अपनी बात एक दुसरे से साझा करेंगे। यह जानकरी बिहार के डॉक्टरों को मिलेगा तो बिहार में बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज हो पायेगा। आजकल बच्चों में हाइपरटेंशन बीमारियां हैं। प्राइमरी हेल्थ लेवल के डॉक्टर जिनको नॉलेज नहीं रहता उनको हम ट्रेनिंग देने की कोशिश करेंगे ताकि बच्चों का बेहतर इलाज किया जा सके।

## मंदिर में चोरी, लोगों में रोष

**मुजफ्फरपुर।** चोरों ने मंदिर में घुसकर माता दुर्गा की प्रतिमा पर लगे सोने के मुकुट और अन्य कीमती आभूषण चोरी कर लिए, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह पुजारी पूजा करने पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और माता की प्रतिमा का पर्दा भी नीचे गिरा पड़ा था। घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्ती पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है, जिससे चोर बेखौफ होकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि जब उन्होंने आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो संदिग्ध व्यक्ति मंदिर के पास आते-जाते दिखे। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं लोगों ने चोरी को अंजाम दिया है। पुजारी और भक्तों ने पुलिस से अपील की है कि जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर मंदिर से चोरी गई सभी सामग्रियों को बरामद किया जाए। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में भय का माहौल है और वे प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में चिकित्सक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बालमुकुंद की बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क हादसे में मौत हो गई। मोकामा से बख्तियारपुर के बीच एक जगह पर ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है। वहां कुछ दूरी तक गाड़ियां गलत लेन से चलती हैं। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार की टक्कर डॉक्टर बालमुकुंद की कार से हो गई। इस घटना में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पीछे से आ रही एक कार के कैमरे में यह हादसा रिकॉर्ड हो गया। रविवार दोपहर वह पटना से बेगूसराय आ रहे थे, इसी दौरान यह हादसा हुआ था।

करीब एक साल पहले उनकी पत्नी डॉक्टर अमृता की डेंगू से मौत हो गई थी। उनके तीन छोटे बच्चे,दो बेटियां और एक बेटा है। बुजुर्ग पिता भी बीमार रहते हैं। शहर के भारद्वाज गुरुकुल के निदेशक शिवप्रकाश भारद्वाज ने बताया कि 2017 में भीषण सड़क हादसे में डॉक्टर बालमुकुंद किसी तरह बच गए थे, लेकिन उनकी मां की मौत हो गई थी। 2023 में दिवाली के दिन उनकी पत्नी का निधन हुआ और अब एक और सड़क हादसे में उनकी जान चली गई। इस संबंध में शिवप्रकाश ने कहा कि शिवरात्रि के ब्रह्मकुमारी कार्यक्रम में उनकी आखिरी मुलाकात हुई थी। 1984 से 1991 तक सेंट पॉल्स स्कूल में बिताए बचपन के दिन कभी नहीं भूल सकते। जब भी जरूरत पड़ी, डॉक्टर बालमुकुंद और उनकी पत्नी मदद के लिए खड़े रहे। वे सिर्फ उनके परिवार के लिए नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों के लिए एक मजबूत सहारा थे। उन्होंने कहा कि, समझ नहीं आ रहा, काल उनके साथ इतना क्रूर क्यों रहा। वही इस घटना की जानकारी पाकर बेगूसराय शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉक्टरों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को भी रद्द कर दिया गया है। फिलहाल बेगूसराय में डॉक्टर बालमुकुंद के हादसे में मौत के बाद से लोगों में मातम पसरा है। वह काफी मिलनसार स्वभाव के थे।

## बकाया एरियर भुगतान करने की मांग

**रांची।** नगर निगम के मृत कर्मियों के आश्रितों ने शनिवार को आवेदन के माध्यम से प्रशासक संदीप सिंह से होली के त्योहार से पूर्व सातवें वेतनमान का बकाया एरियर भुगतान करने की मांग की है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने यह भी कहा है कि बकाया राशि के भुगतान लिए आश्रितों को नगर निगम की ओर से दोड़ाने का काम न किया जाए। इसलिए उच्चस्तरीय विभाग को आश्रितों की मांगों से अवगत कराते हुए संबंधित मांगों को पूरा कराया जाए। आश्रितों ने बताया कि जानकारी मिली है कि नगर निगम की ओर से पारिवारिक पेंशन पीएमसी एक्ट के तहत 400-500 रुपये देने पर विचार किया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश पर तीन आश्रित परिवार को राज्य सरकार के समतुल्य पारिवारिक पेंशन दिया गया है। राज्य सरकार के अनुसार, नगर निगम अपने कर्मियों के आश्रितों को पारिवारिक पेंशन देने के लिए सक्षम है। इसमें नगर विकास विभाग की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने प्रशासक से आग्रह करते हुए कहा कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए सभी आवेदकों की नियुक्ति एक साथ तृतीय वर्ग के लिए की जाए या सभी आश्रितों को होने वाली कठिनाई का समाधान किया जाए।

# शाद आलम जदयू मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया स्थित पुराना डाक बंगला में आयोजित जदयू पार्टी के स्वागत कार्यक्रम में पलासी प्रखंड के जेडीयू नेता शाद आलम को मीडिया सेल के जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए जाने पर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष आशीष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था । इस अवसर पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष शाद आलम ने अपने मनोनयन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा, कर्मठता, जुझारू और लग्नशीलता का प्रदर्शन किया। शाद आलम अररिया जिले के संगठन को मजबूती देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और संगठन के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने का वचन दिया।कार्यक्रम में अररिया विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार जी, पार्टी के युवा साथी सह मुखिया संघ के अध्यक्ष शाद अहमद बबलू, जिला महासचिव मख्मूर हयात, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. ऋषभ राज, जिला सचिव गोपाल कृष्ण मंडल, पलासी प्रखंड अध्यक्ष सदानंद मंडल, भवेश कुमार राय अध्यक्ष, नवीन श्रीवास्तव, राजू मंडल तारा, बिन्नी, पदाधिकारी गण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अभियंताओं के इस्तीफे से हड़कंप

**दरभंगा/समस्तीपुर।** जिला परिषद के जिला अभियंता ई. अनिल कुमार और सहायक अभियंता रामेश्वर झा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को अलग-अलग पत्र में इस्तीफा देने की बात कही है।

इसमें जिला अभियंता ने कहा कि व्यक्तिगत कारणों से जिला परिषद में काम नहीं करना चाहते हैं। इस कारण से डीक्यूएम सह जिला अभियंता पद से इस्तीफा दे रहा हूं। हालांकि, सहायक अभियंता सह कनीय अभियंता रामेश्वर झा के पत्र से प्रशासनिक और राजनीतिक महकमा में हड़कप मच गया है।

रामेश्वर झा ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव के कारण अभियंत्रण विभाग पंगु बनकर रह गया है। ऐसी परिस्थिति में अपने दायित्व का निर्वहन करने में अपने आप को असक्षम महसूस किया। ऐसी परिस्थिति में अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में एक साथ इंजीनियरिंग विभाग के दो महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के इस्तीफा देने से राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चचाएं हो रही है।

# गंगा में डूबे तीन भाई, दो की मौत एक लापता

## खोजबीन में जुटे गोताखोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मटिहानी (बेगूसराय)।** मटिहानी थाना क्षेत्र के चाक गंगा घाट में रविवार को हृदय विदारक घटना हुई। पांच किशोर भैंस के बच्चे को नहलाने के लिए गंगा नदी में उतरे। इसी क्रम में सुधीर यादव के 13 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार भैंस के बच्चे के साथ अधिक पानी में चला गया और डूबने लगा।

उसे डूबता देख अन्य बच्चे भी आगे बढ़े और डूबने लगे। दो को तो स्थानीय लोगों ने बचा लिया, परंतु तीन बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। दो का शव स्थानीय गोताखोरों द्वारा गंगा नदी से बाहर निकाल लिया गया है।

सुधीर यादव के पुत्र सत्यम कुमार एवं सिकेश यादव के पुत्र दिलखुश का शव निकाला गया है। सुधीर यादव के ही दूसरे पुत्र अविनाश का अभी तक पता नहीं लगा है। स्थानीय गोताखोर शव की खोजबीन में लगे हुए हैं। सरकारी बोट गंगा घाट तक तो पहुंची, परंतु खराब होने के कारण शव ढूंढने में उसकी मदद नहीं ली जा सकी। मिली जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे एक ही परिवार के हैं। तीनों बालो यादव के पोते हैं। दो बच्चे बालो यादव के बड़े पुत्र सुधीर यादव के जबकि एक बच्चा बालो



यादव के छोटे पुत्र सिकेश यादव का पुत्र हैं। सिकेश को चार पुत्री है। सबसे छोटा पुत्र चार पुत्री के बाद हुआ। वहीं, सुधीर यादव को तीन पुत्र है। इसमें से एक पुत्र की गंगा में डूबने से मौत हो गई जबकि एक पुत्र अभी लापता है।

घटना की जानकारी मिलते ही मटिहानी थानाध्यक्ष नीतेश कुमार, मटिहानी प्रखंड विकास पदाधिकारी, छितनौर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजन सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण चाक घाट पर जुटे हैं। स्थानीय तैराकों द्वारा अविनाश के शव की तलाश की जा रही है। इस घटना से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बालो यादव के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# जीआरपी ने अंतरराज्यीय गिरोह के 8 सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जीआरपी थाना की पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 104 ग्राम सोना, 400 ग्राम चांदी, 25,000 रुपये नकद और करीब 15 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद किया है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर कुछ संदिग्ध लोग इकट्ठा हुए हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही सभी संदिग्ध भागने लगे, लेकिन पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर 8 लोगों को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए। पकड़े गए आरोपी पटना जंक्शन समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर घूम-घूमकर यात्रियों को झांसे में लेकर उनके पैसे, आभूषण और मोबाइल फोन लूटते थे। यही नहीं, ये गिरोह ट्रेनों में चोरी और नशा तस्करी जैसी घटनाओं को भी अंजाम देता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 8 मोबाइल फोन, 25,000 रुपये नकद, 104 ग्राम सोना, 400 ग्राम चांदी और करीब 15 लाख रुपये का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस अब इनसे जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। सभी आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर के हत्था थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की लाश उसके कमरे में फंदे से लटकी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस भी जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान मनीषा कुमारी (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसने प्रेम प्रसंग में समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के बबलू राय से शादी की थी। मनीषा के मामा हरिहर सहनी का कहना है कि उन्हें जैसे ही मनीषा की मौत की खबर मिली, वैसे ही हत्या की आशंका हुई।

# भागलपुर को मिली एक और एयरपोर्ट की सौगात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार की तरक्की के साथ-साथ भागलपुर की भी तरक्की तय हो गई है। केंद्रीय बजट और बिहार बजट दोनों में बिहार के साथ-साथ भागलपुर के लिए सौगातों की बरसात हुई है। दोनों बजट को मिलाकर भागलपुर और आसपास के इलाकों को सबसे ज्यादा मिला है। बिहार बजट 2025-26 में भागलपुर के लोगों को दोहरी खुशी मिली है।

भागलपुर और आसपास के लोगों को दो-दो एयरपोर्ट की सौगात मिली है। एक सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और दूसरा भागलपुर में छोटे विमानों की उड़ान के लिए एयरपोर्ट। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने संवाददाता सम्मेलन में कही। बिहार बजट में बिहार के हर कोने के लोगों के लिए हवाई यातायात को सुगम बनाने के प्रावधान कर राज्य की औद्योगिक उड़ान को सुनिश्चित किया गया है।

बजट में भागलपुर के सुल्तानगंज, पूर्वी चंपारण के रक्सौल और नालंदा के राजगीर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण का ऐलान हुआ है तो भागलपुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा, मधुबनी, बीरपुर समेत सात शहरों के एयरपोर्ट को छोटे हवाई जहाजों के उड़ान के लिए तैयार किए जाने की भी घोषणा हुई है। इन एयरपोर्ट के तैयार होने से बिहार में आर्थिक निवेश बढ़ेंगे और राज्य की औद्योगिक तरक्की तेज रफ्तार पकड़ेगी।

भागलपुर और सुल्तानगंज में हवाई यातायात की सुविधा बहाल होने के बाद यहां की औद्योगिक गतिविधि में बेतहाशा इजाफा होगा और इलाके के लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे। केंद्रीय बजट में भी भागलपुर को बड़ी सौगातें मिली है। विक्रमशीला केंद्रीय विश्वविद्यालय बनना तय होने के साथ बिहार में स्थापित होने वाले कृषि के क्षेत्र में तीन नए सेंटर आफ एक्सीलेंस में एक की स्थापना भागलपुर में होगी। भागलपुर में मौसम विज्ञान केंद्र की स्थापना होने जा रही है।

उन्होंने कहा केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार की इनायत हमेशा भागलपुर पर रही है। केंद्रीय बजट में भी बिहार में बनने वाले 28 हजार करोड़ के तीन एक्सप्रेस वे और चार स्पीड कारीडोर में पटना-पूर्णिया और बोधगया-दरभंगा वाया राजगीर वैशाली के साथ बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे की सौगात यहां के लोगों को मिली।

पिछले साल के केंद्रीय बजट में मिले 21.4 हजार करोड़ की लागत से पीरपैंती में एक नया एनटीपीसी पावर प्लांट और बक्सर के चौसा में एनटीपीसी का एक नया पावर प्रोजेक्ट पूरा हुआ।

## बांका में लगेगा धीरेन्द्र शास्त्री का दरबार

**बांका।** धोरैया प्रखंड के गौरा गांव में चल रहे दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह चंडी महायज्ञ कार्यक्रम में रविवार को पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। वहां उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर उन्होंने हिंदू राष्ट्र बनाने में सहयोग की अपील की। उपस्थित भीड़ ने भी अपने-अपने हाथ उठाकर जय श्री राम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ अपना समर्थन दिया।

अपने आधा घंटे के संबोधन में पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने राष्ट्र व हिंदुत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देश सनातनियों का है, तनातनियों का नहीं। बिहार संतों की भूमि है। हम तोड़ने नहीं, हिंदुओं को जोड़ने के लिए निकले हैं। जब तक देश हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं होगा, हम चैन से नहीं रहेंगे। जातिवाद और छुआछूत से ऊपर रहेंगे तो हिंदू राष्ट्र बनेगा। बाबा ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि हम किसी दल का प्रचार करने निकले हैं। यह बता दें कि हम हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए आए हैं।

# सदर अस्पताल में जन्म लेने वाली बच्चियों को डीएम ने दिया तोहफा

## बच्चियों के अभिभावकों के बीच बेबी किट व पौधों का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष पहल की गयी। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से सदर अस्पताल में बेबी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेते हुए जिलाधिकारी अनिल कुमार ने सदर अस्पताल में जन्म लेने वाली बच्चियों के अभिभावकों के बीच बेबी किट व पौधों का वितरण किया।

जिलाधिकारी ने परिवारा में बेटी के जन्म पर अभिभावकों को बधाई व शुभकामना देते हुए बच्चियों के बेहतर स्वास्थ्य व सफल जीवन की कामना की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप, अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आकाश कुमार राय, वरीय चिकित्सक डॉ जीतेंद्र प्रसाद, डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार, अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद, आईसीडीएस डीपीओ मंजूला व्यास, जिला मिशन समन्वयक शोएब रूमी, जेंडर विशेषज्ञ अनुज रंजन सहित अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

जिलाधिकारी अनिल कुमार मौके पर कहा कि बेटियां हमारे समाज का अभिन्न अंग है। इस महत्वपूर्ण मौके पर जन्म लेने वाली बेटियों को एक छोटा सा उपहार देने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बच्चियों के अभिभावकों के बीच बेबी किट, फलों की टोकरी व एक पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया है। सभी से यह अनुरोध किया गया है कि बेटा हो या बेटियां सभी को समान अवसर व अधिकार प्रदान



किया जाना चाहिये।

उन्हें एक ही तरह की परवरिश दी जाये। ताकि बच्चियां भी बड़ी होकर अपनी क्षमता व योग्यता के अनुसार समाज के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म व उनके बेहतर स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यह एक छोटा सा प्रयास है। बेबी किट से बच्चियों को आवश्यक देखभाल मिलेगी। वहीं पौधों को वितरण संबंधित परिवारों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित व प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है।

# नहाने के दौरान गंगा में दो डूबे, मौत

## एक को नाविक ने बचाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर रील्स बनाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंगा में नहा रहे दो युवक डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना गांधी मैदान थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि चार दोस्त दोपहर करीब 1 से 1:30 बजे कलेक्ट्रेट घाट पहुंचे थे। इनमें से आमिर और हसनुल बन्ना गंगा में नहा रहे थे, जबकि तीसरा दोस्त वीडियो बना रहा था और चौथा किनारे बैठा था। रील्स बनाने के दौरान आमिर और बन्ना गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद नाविक ने एक युवक को बांस फेंककर बचा लिया, लेकिन आमिर और बन्ना की डूबने से मौत हो गई।

दोनों मृतक युवक सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के शाहगंज कब्रिस्तान इलाके के रहने वाले थे और ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे। सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को निकालने के लिए टीम को बुलाया गया, जिसने दो घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद कर लिए। परिजनों ने लिखित में पोस्टमार्टम न कराने की गुजारिश की, जिसके बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया।

26 फरवरी को भी इसी घाट पर बड़ा हादसा हुआ था। उस दिन नौ युवक डूबने लगे थे, जिसमें चार को बचा लिया गया था, जबकि पांच की मौत हो गई थी।

# बिहार ने सिक्किम को 154 रनों से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, सिविल लाइंस, नागपुर में खेले गए महिला अंडर-23 वनडे ट्रॉफी मुकाबले में बिहार ने सिक्किम को 154 रनों के बड़े अंतर से हराया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 49.5 ओवर में 224 रन बनाए, जिसके जवाब में सिक्किम की टीम 28.2 ओवर में मात्र 70 रन पर ऑलआउट हो गई।



बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 224 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से श्रुति ने 84 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 80 रनों की बेहतरीन पारी खेली।

इसके अलावा, प्रीति ने 31, कोमल आर. कुमारी ने 25, हर्षिता ने 21, अक्षरा गुप्ता ने 14, कप्तान यशीता सिंह और निक्की कुमारी ने 10-10 रन का योगदान दिया। तेजस्वी ने 3 और नंदिता नंदन ने नाबाद 2 रन बनाए। सिक्किम की ओर से लीजा और रचल ने 2-2 विकेट झटके, जबकि कप्तान प्रणिता, डिक्का और प्रेतिका को 1-1 विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्किम की टीम बिहार की घातक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी और 28.2 ओवर में महज 70 रन पर सिमट गई। कप्तान प्रणिता ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 55 गेंदों में 2 चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाए।

लीजा ने 35 गेंदों में 12 रन का योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सकी।बिहार की ओर से प्रीति कुमारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5.2 ओवर में 1 मेडन रखते हुए 7 रन देकर 3 विकेट लिए।

कप्तान यशीता सिंह ने 4 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट झटके। तेजस्वी ने 5 ओवर में 1 मेडन के साथ 13 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जबकि कोमल को 1 विकेट मिला।

इस जीत के साथ बिहार ने टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और टीम ने शानदार संतुलित प्रदर्शन किया। बिहार की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही शानदार रहीं, जिससे टीम ने सिक्किम पर बड़ी जीत दर्ज की।

## तेजस्वी यादव ने खेला क्रिकेट

**हाजीपुर।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के बिदुपुर प्रखंड पहुंचे, जहां उन्होंने क्रिकेट खेलकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। यह वही मैदान है, जहां जिला प्रशासन द्वारा पंचायत सरकार भवन बनाए जाने की योजना थी, लेकिन तेजस्वी यादव के हस्तक्षेप के बाद इसे खेल मैदान के रूप में विकसित किया गया।

तेजस्वी यादव क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया और ऐलान किया कि आने वाले समय में वह अपनी स्वर्गीय दादी के नाम पर बिदुपुर में एक भव्य टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि बिदुपुर प्रखंड के हर पंचायत में एक-एक क्रिकेट टीम बने, जिससे खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अपना कौशल निखार सकें। तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार की खेल नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब हमारी सरकार थी, तब हमने खेल को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की थी।

# 734 लाभुकों पर हुआ सर्टिफिकेट केस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** स्टूडेंटस क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण (लोन) की किस्त जमा नहीं करने वाले 734 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस किया गया है। सभी के विरुद्ध वारंट जारी करने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। ऐसे ऋणियों पर सरकार का करोड़ों रुपये बकाया है। इन सभी ने योजना के तहत राशि लेकर पढ़ाई पूरी की, किंतु सरकार की ओर से ऋण जमा करने के लिए गाइडलाइन का पालन नहीं किया। न किस्त की राशि जमा की और न ही विभाग को अपनी अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

हद तो यह है कि नोटिस भेजे जाने के बाद भी अधिकतर ने न तो विभाग से संपर्क किया और न ही अपनी स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद विभाग ने ऐसे लाभुकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार, जिले के करीब 1928 लाभुकों ने ऋण की राशि जमा करने में लापरवाही बरती। नोटिस के बाद 269 ने शपथपत्र देकर विभाग को अपनी स्थिति से अवगत कराया और मोहलत ली। 86 लाभुकों ने योजना के तहत लिए गए ऋण की राशि जमा कर दी। 734 लाभुकों ने न तो शपथपत्र देकर मोहलत ली और न ही राशि जमा की। योजना के तहत इंटर के बाद स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ ही मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईटीआई, बीएड, लॉ समेत सभी व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा के लिए चार लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है।

पढ़ाई पूरी करने के बाद ऋण की राशि 84 किस्तों में देनी होती है। इसके लिए विस्तृत गाइडलाइन है, जिसके अनुसार मोहलत भी दी जाती है। जिले में अब तक 15 हजार 115 को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इंटर के बाद स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ ही व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा के लिए योजना से राशि दी गई थी। जिन लाभुकों ने पढ़ाई पूरी होने के बाद गाइडलाइन के अनुसार न तो ऋण की किस्त जमा की और न ही इस संबंध में विभाग से कोई संपर्क किया, उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दायर किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल पर बात कर रहा युवक 120 फुट गहरे कुएं में गिरा, हुई मौत

**हाथरस , एजेंसी।** हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के नगला तजना के पास 7 मार्च की रात मोबाइल पर बात कर रहे युवक राहुल 120 फुट गहरे कुएं में गिरने मौत हो गई। वह खेत से आलू लादकर ला रहे थे, इस दौरान उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। हादसे के वक्त वह अपने चाचा से बात कर रहे थे।

राहुल गांव बहानपुर का रहने वाले थे और 7 मार्च शाम ट्रैक्टर-ट्राली लेकर गांव नगला तजना में खेतों से आलू लेने गए थे। आलू लादने में उन्हें रात हो गई। वह ट्रैक्टर-ट्राली में आलू लादकर रहे थे, इस दौरान उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। वह ट्रैक्टर से उतरकर मोबाइल पर अपने चाचा से ट्रैक्टर खराब होने के संबंध में बात कर रहे थे। इस दौरान वह रास्ते के किनारे चले गए और वहां स्थित करीब 120 फुट गहरा कुआं था। राहुल ने ध्यान नहीं दिया और उसमें वह गिर गए।

राहुल से फोन पर संपर्क टूटने पर परिजन मौके पर पहुंचे। कुएं में गैस बनी हुई थी और गहराई भी अधिक थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और दमकल मौके पर पहुंच गई। करीब चार घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद राहुल को कुएं से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

### मुठभेड़ में गोवंश की हत्या के आरोपी के पैर में लगी गोली

**बहराइच , एजेंसी।** परसोहर गांव में हुई गोवंश की हत्या के आरोपी से शनिवार तड़के बसहिया जगत गांव के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की गोली से आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी को सीएचसी पहुंचाया गया है। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। गोली आरोपी के पैर में लगी है।

परसोहरा गांव में चार मार्च को गोवंश के रक्तरंजित शव खेत में मिले थे। जांच के दौरान इस मामले में अशरफ पुत्र शरीफुल निवासी ग्राम हरचन्दा की तलाश हो रही थी। शनिवार जांच के दौरान पुलिस व क्राइम ब्रांच को सूचना मिली की आरोपी अशरफ बाइक से कहीं जा रहा है। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, तभी अशरफ ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। वहीं, पुलिस की फायरिंग में गोली आरोपी के पैर में लग गई। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। उसे सीएचसी मुस्तफाबाद इलाज के लिए लाया गया। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. रवि ने बताया कि युवक के पैर में गोली लगी थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

**इस मामले में थानाध्यक्ष हो चुके हैं निलंबित:** खेत में चार मार्च को गोवंशों के अवशेष मिले थे। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति थी। घटना को संज्ञान में लेकर एसपी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया था। वहीं टीम गठित कर घटना का खुलासा करने का आदेश दिया था। इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी।

### कपड़े की दुकान में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**बहराइच , एजेंसी।** थाना क्षेत्र के वजीरगंज बाजार स्थित कपड़े की दुकान में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। करीब दस लाख का नुकसान बताया जा रहा है।

फखरपुर के वजीरगंज बाजार में मेराज अंसारी की कपड़े की दुकान है। शुक्रवार की रात मेराज अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। इसी दौरान देर रात दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने सूचना दुकान मालिक को दी। बढ़ती आग को देखते हुए ग्रामीणों ने दुकान का ताला तोड़कर आग बुझाने की कोशिश भी की। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक भी ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पाया गया, लेकिन इस दौरान दुकान में रखा सारा कपड़ा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक मेराज ने बताया कि करीब दस लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। अग्निकांड की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है।

# झकरकटी में बनेगी अब आठ मंजिला इमारत, तीन साल तक बंद रहेगा बसों का संचालन, 143 करोड़ से होगा निर्माण



**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में तीन माह के भीतर झकरकटी बस अड्डा की सूरत बदलने लगेगी। पीपीपी मॉडल के तहत यहां अब सात की जगह आठ मंजिला बहुउद्देशीय इमारत बनाई जाएगी जिससे यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। इसमें दो बेसमेंट भी होंगे। निर्माण के लिए कंपनी का चयन भी कर लिया गया है। यह कार्य 143 करोड़ रुपये से होगा। इस काम को कराने में करीब तीन साल लगेंगे। इस कारण यहां से बसों का संचालन नहीं किया जाएगा।

निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी हो गया है जो पंजाब की कंपनी सीगल कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। कंपनी के अधिकारी यहां आकर निरीक्षण कर चुके हैं। साथ ही मंडलायुक्त के साथ तीन बार बैठक भी कर चुके हैं। बस अड्डे के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि निर्माण कार्य की वजह से करीब तीन साल तक झकरकटी से बसों का संचालन बंद करना पड़ेगा।

**हर दिन 1000 बसों की होती है आवाजाही:** इस दौरान बस अड्डा जीटी रोड पर सीओडी पुल के पास ले जाया जाएगा। राज्य सड़क परिवहन निगम कानपुर परिक्षेत्र ने यहां कैंट बोर्ड से जमीन किराये पर ली है। बस अड्डा शुरू करने के लिए भूमि समतलीकरण का काम झकरकटी बस अड्डा बनाने वाली कंपनी करेगी। झकरकटी बस अड्डे से हर दिन 1000 बसों की आवाजाही होती है।

**बस अड्डे का पीपीपी मॉडल पर विकास कराने की तैयारी:** यहां से बांदा, चित्रकूट, उरई, झांसी, कानपुर देहात, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, लखनऊ, दिल्ली, प्रयागराज आदि शहरों के लिए बसें संचालित होती हैं। साथ ही राजस्थान व मध्य प्रदेश की रोडवेज बसें भी आती हैं। बस अड्डे पर मेट्रो कार्य के लिए कुछ हिस्सा पहले ही अधिग्रहीत हो गया है। इससे बसों की पार्किंग की समस्या आ रही है। इसी के चलते बस अड्डे का पीपीपी मॉडल पर विकास कराने की तैयारी है।

**मेट्रो ने जमीन का किया अधिग्रहण, फिर बन रहा ले-आउट:** पूर्व में पांच एकड़ भूमि में बहुउद्देश्यीय इमारत के निर्माण के लिए स्वीकृत दी गई थी। बाद में मेट्रो ने और जमीन का अधिग्रहण कर लिया। अब फिर से ले-आउट बन रहा है, जो हफ्ते-दस दिन में पास होकर आ जाएगा। कार्य शुरू होने के बाद इसकी लागत बढ़कर 200 करोड़ तक जा सकती है।

#### ये होंगी सुविधाएं

मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, मल्टीप्लेक्स, सुपर स्पेशियलिटी, निचले खंड में यात्रियों के लिए वेटिंग रूम, फूड व किड्स जोन सहित अन्य सुविधाएं होंगी। साथ ही बड़ी स्क्रीनों पर बसों के आने-जाने का समय व प्लेटफार्म भी दर्शाया जाएगा जिससे यात्रियों को सहूलियत होगी।

#### बस अड्डे के किनारे लगेंगे शेड

बस अड्डे के किनारे शेड लगाए जाएंगे। यहां विभिन्न रूटों की बसें आकर खड़ी होंगी। लंबी रूट की बसों को अलग व नजदीकी रूटों की बसों के लिए अलग शेड होंगे। परिवहन अधिकारियों की लखनऊ, कानपुर देहात व दिल्ली जाने वाली ज्यादातर बसों को ग्रीन सिटी बस अड्डे से संचालित करने की तैयारी है।

## साथी की चांदी और डेढ़ लाख रुपये को हड़पने के लिए कारोबारी ने रची थी लूट की झूठी कहानी

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बिसावर चौकी क्षेत्र के टीकैत बंबा के निकट शनिवार की देर शाम चांदी कारोबारी से लूटपाट की सूचना पुलिस जांच में झूठी निकली है। पुलिस का कहना है कि अपने साथी की चांदी बिक्री के डेढ़ लाख रुपये हड़पने के लिए उसने पुलिस को झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने नकदी बरामद कर ली है।



बिसावर निवासी कन्हैयालाल ने शनिवार की देर शाम पुलिस को सूचना दी थी कि टीकैत बंबा पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उससे पांच किलो चांदी और डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस ने करीब एक घंटे तक बदमाशों की तलाश की, लेकिन बदमाश नहीं मिले। कारोबारी से पूछताछ की तो वह पुलिस को इधर-उधर टहलाता रहा। उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच उगल दिया।

पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल ने अपने पड़ोसी कारोबारी की चांदी को मथुरा में बेचा था, जिसका उसे एक लाख 58 हजार रुपये मिले थे। उसने रुपयों को महावन क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन यहां छिपा दिया था और टीकैत बंबा पर आकर लूटपाट की कहानी रच दी। पुलिस ने कन्हैयालाल का शांतिभंग करने में चालान किया है। सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि उक्त चांदी कारोबारी कन्हैयालाल ने लूट की झूठी सूचना दी थी। रुपये उसकी बहन के यहां से बरामद कर लिए गए हैं।

## पत्रकार हत्याकांड: पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

### बोले- कांग्रेस परिवार के साथ खड़ी



**सीतापुर , एजेंसी।** सीतापुर में दिनदहाड़े पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रविवार को सुबह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है। जनता की आवाज उठाने वाले सुरक्षित नहीं हैं। लोगों ने बताया कि हम जिस रास्ते से आए हैं वहीं हत्या की गई थी जो कि दिखाता है कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार कानून व्यवस्था खराब होने का मुद्दा उठा रही है। कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

#### खुलासे के लिए सक्रिय हुईं टीमें

पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की दिनदहाड़े हुई हत्या के बाद पुलिस टीमें खुलासे के लिए सक्रिय हो गई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ घटना के समय इलाके में सक्रिय मोबाइल फोन नंबर जुटाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जिस हिसाब से राघवेंद्र की हत्या हुई है, उससे साफ जाहिर है कि आरोपियों के पास राघवेंद्र की सटीक लोकेशन थी। पुलिस ने इसलिए राघवेंद्र के घर से घटनास्थल व उससे आगे जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है। पुलिस इसी दिशा में जांच के साथ आगे बढ़ रही है। राघवेंद्र की धान खरीद के सिंडीकेट व जमीनों की हेराफेरी से जुड़ी खबरों में शामिल लोग भी पुलिस के रडार पर हैं। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच के साथ चार टीमें लगाई हैं। कॉल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज व अन्य बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। राघवेंद्र के मोबाइल फोन को भी खंगाला जा रहा है।

#### परिजन बोले- एक कॉल के बाद घर से निकले थे

परिजनों की मानें तो राघवेंद्र के नंबर पर सीतापुर से ही एक कॉल आई थी। इसके बाद वह घर से निकले थे। उन्हें शक है कि बदमाशों ने राघवेंद्र का घर से ही पीछा करना शुरू किया। इसके बाद इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में पड़ने वाले हेमपुर ओवरब्रिज पर वारदात को अंजाम दिया। जिस ढंग से घटना को अंजाम दिया गया है, उससे जाहिर है कि पहले राघवेंद्र को रोका गया होगा। अगर ऐसा न होता तो बाइक के घटनास्थल पर रगड़ने के साक्ष्य व राघवेंद्र के शरीर पर भी चोट लगने के निशान मिलते लेकिन ऐसा नहीं है। राघवेंद्र के फोन में लगे पैटर्न लॉक को पुलिस एक्सपर्ट की मदद से खोलने का प्रयास कर रही है।

## काशी के संतों ने खालिस्तानियों को चेताया..., बोले- हिन्दू मंदिरों पर हमले बंद करो; मदनी के खिलाफ नाराजगी




**वाराणसी , एजेंसी।** कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित हिन्दू मंदिर पर हमले के विरोध में काशी के संतों ने अपनी नाराजगी जताई है। अखिल भारतीय सन्त समिति और गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा कि ये हमला भारत और अमेरिका के संबंधों को खराब करने की सुनियोजित साजिश है। स्वामी जीतेन्द्रानन्द ने कहा कि इस हमले में खालिस्तानी भी लिप्त हो सकते हैं। भारत और अमरीकी सरकार को इसमें मिलकर काम करना होगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। ऐसी कार्रवाई जो हिन्दुओं के खिलाफ बुरा सोचने वालों के लिए एक सबक बने। सन्त समिति ने अमरीकी सरकार से मांग की कि अपने देश में हिन्दू मंदिरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करे। इसी क्रम में स्वामी जीतेन्द्रानन्द ने मौलाना ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी पर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की।

### आगरा में बवाल: मस्जिद के बाहर कहासुनी के बाद पथराव, मच गई भगदड़...पुलिस को देख भागे उपद्रवी

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के कागारौल कस्बा में रविवार सुबह फिर से पथराव हो गया। सुबह-सुबह अचानक हुए पथराव से कस्बा में भगदड़ का माहौल बन गया। व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। धड़ाधड़ दुकानों के शटर गिरने लगे। 10-15 मिनट चले पथराव से कागारौल जगनेर मार्ग पर भगदड़ का माहौल बन गया। इस दौरान वाहनों का आवागमन भी रुक गया। शनिवार देर शाम को लगभग 8ः00 बजे मस्जिद में निर्माण कार्य को लेकर मुस्लिम समाज से दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। जिसमें दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ था। पुलिस ने रात में ही तकरीबन 10 से 12 लोगों को उठाकर थाने पर बंद कर दिया था। प्रकरण ने रविवार सुबह फिर तूल पकड़ लिया। फिर से तकरार हो गई और रविवार सुबह कागारौल जगनेर मार्ग थाने से 200 मीटर की दूरी पर 10 से 15 मिनट तक पथराव होता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर उपद्रवी भाग खड़े हुए। उपद्रवियों की पुलिस गली-गली में तलाश कर रही है। कागारौल जगनेर मार्ग पर भयभीत दुकानदारों ने दुकानों के शटर गिरा दिए हैं।

### पुरवा में अतिक्रमण अभियान में तोड़फोड़ का किया विरोध

**उन्नाव , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में कलक्ट्रेट जाकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इसमें पुरवा में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में की गई तोड़फोड़ का विरोध किया। जिलाध्यक्ष रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत पुरवा में सात मार्च को अतिक्रमण अभियान बिना नोटिस दिए और बगैर मुनादी कराए चलाया गया था। इससे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को काफी नुकसान हुआ है। कहा कि एक ओर बिना सूचना के अचानक अभियान चालू कर दिया गया, वहीं होली का त्योहार नजदीक होने से इस तरह से अभियान चलाकर व्यापारियों को निशाना बनाया गया। उन्होंने प्रशासन के इस रवैया को तानाशाही करार दिया। कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन कार्य नहीं कर रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने प्रकरण की जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## नकल के लिए छात्रों से वसूलते थे 30 हजार, 500 रुपये में सॉल्वरों से लिखवाते थे कॉपियां

**हरदोई , एजेंसी।** हरदोई जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान शुक्रवार को दो केंद्रों पर लखनऊ एसटीएफ की कार्रवाई से बड़े पैमाने पर नकल के रैकेट का खुलासा हुआ है। प्रश्नपत्र हल करवाने के लिए विद्यार्थियों से 20 से 30 हजार रुपये वसूले जाते थे। एक विषय की कॉपी लिखने के लिए सॉल्वर को 400 से 500 रुपये दिए जाते थे।

वहीं, जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक के आवास से 20 हल की हुई और 49 सादी कॉपियां मिली हैं। 65 प्रवेशपत्र सहित नकल के कई सामान भी मिले हैं। एक कार से भी 11 हल की हुई कॉपियां मिली हैं। उधर, दो केंद्रों से सॉल्वर पकड़े जाने के मामले में एसटीएफ ने शनिवार को 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**प्रबंधक और लिपिक समेत तीन की तलाश:** इसमें कॉलेज के प्रबंधक, केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा प्रभारी को भी नामजद किया गया है। 22 आरोपियों में से 19 को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 14 आरोपियों को जेल और पांच किशोर आरोपियों को बालसुधार गृह भेजा गया है। पुलिस को जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक और लिपिक समेत तीन की तलाश है।

**घर में रखवाया गया था कॉपियों को:** दलेलनगर में स्थित जय सुभाष महाबली इंटर कॉलेज में छापे के दौरान शुक्रवार को एसटीएफ ने नैरा निवासी केंद्र व्यवस्थापक राममिलन सिंह और उसके पुत्र परीक्षा प्रभारी मनीष सिंह को हिरासत में लिया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने एसटीएफ को बताया कि सॉल्वरों से लिखवाई गई कॉपियों को पास ही बने घर में रखवाया गया है।

**कार की तलाशी में मिलीं 11 कापियां:** एसटीएफ ने जब घर जाकर जांच की, तो वहां मौजूद दो लड़कियों ने दो कॉपी लिखने की जानकारी दी। यह भी बताया कि जो कॉपियां लिखी गई हैं वह शिक्षक शारदा प्रसाद ले गए हैं। शारदा प्रसाद ने कॉपियों को परीक्षा प्रभारी की कार में रखे जाने की जानकारी दी। इस पर जब कार की तलाशी हुई तो कार में चालक की सीट के पीछे वाली सीट पर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की लिखी हुई 11 कापियां मिलीं।

**केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर भी मिले:** एसटीएफ टीम के सामने केंद्र व्यवस्थापक और परीक्षा प्रभारी ने राजफाश किया कि



बाहर से हल कराई गई कॉपियों को अंदर विद्यार्थियों की ओर से लिखी कॉपियों से बदलकर बंडल में रखवा दिया जाता है, जबकि विद्यार्थी को दी जाने वाली कॉपी को नष्ट करा देते थे। एसटीएफ को बाहर और परीक्षा केंद्र के अंदर मिली कॉपियों पर केंद्र व्यवस्थापक और कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर भी मिले हैं।

**65 प्रवेश पत्र और 80 प्रवेश पत्र बरामद:** जांच में जुटी एसटीएफ को जगन्नाथ सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक के आवास से 20 हल की हुई और 49 सादी कॉपियां मिली हैं। 65 प्रवेशपत्र सहित नकल के कई सामान भी मिले हैं। एक कार से भी 11 हल की हुई कॉपियां मिली हैं। उधर, दो केंद्रों से सॉल्वर पकड़े जाने के मामले में एसटीएफ ने शनिवार को 22 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## साथी की पिटाई से नाराज किसानों ने लगाया जाम, पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त

**बीसलपुर , एजेंसी।** ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में साथी की पिटाई से नाराज किसानों ने किसान सहकारी चीनी मिल गेट के पास गन्ना लदे वाहनों को मार्ग पर खड़ा कर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया तो आक्रोशित किसान पुलिस से ही भिड़ गए। पथराव कर दिया। कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने लाठियां फटकार कर प्रदर्शनकारी किसानों को खदेड़ा।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलैंदा गौटिया निवासी भजनलाल शनिवार देर शाम किसान सहकारी चीनी मिल के गेट स्थित क्रय केंद्र पर गन्ना तुलवाने गए थे। मिल गेट पर पहले से गन्ना भरे वाहनों की कतार थी। इसपर भजनलाल ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली वहीं सामने स्थित एक प्रतिष्ठान के सामने खड़ी कर दी। इस पर प्रतिष्ठान के मालिक ने आपत्ति जताई और दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। आरोप है कि प्रतिष्ठान मालिक के इशारे पर उसके चार साथियों ने भजनलाल की पिटाई कर दी और आरोपी भाग गए। प्रतिष्ठान बंद कर मालिक भी चला गया। अपने साथी की पिटाई होने से नाराज होकर गन्ना तुलवाने आए किसानों ने गन्ना भरे वाहनों को चीनी मिल के सामने खड़ा कर जाम लगाने के साथ पथराव कर दिया।

सूचना पर सीओ डॉ. प्रतीक दहिया मौके पर पहुंचे। स्थिति को देख आसपास के थानों से पुलिस बुलाई गई। प्रदर्शनकारी किसानों को खदेड़ने के बाद देर रात स्थिति सामान्य हुई। एहतियातन यहां फोर्स को तैनात किया गया है।

## संपादकीय

# पंचपति का रोग

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से आई नवनिर्वाचित महिला पंचों की जगह उनके पतियों द्वारा शपथ ग्रहण किए जाने की खबर चिंताजनक इस मायने में भी है कि यह किसी तरह का आश्चर्य या विस्मय नहीं पैदा करती। आम तौर पर इसे इस रूप में लिया जा रहा है कि यह तो होता ही है। मामला खास इसलिए बना क्योंकि इसका विडियो वायरल हो गया। अगर विडियो वायरल न हुआ होता तो शायद ही यह घटना सुर्खियों में आती और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शायद ही होती। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि 3 मार्च को कबीरधाम जिले के परसवारा गांव में हुए इस कार्यक्रम के दौरान किसी भी संबंधित व्यक्ति को इसमें कुछ भी गलत नहीं लगा। किसी ने कुछ छुपाने की जरूरत नहीं महसूस की। धूमधाम से गुलाल लगाए माला पहने इन पंच पतियों को शपथ दिलाई गई। पूरे कार्यक्रम का न केवल विडियो बनाया गया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी डाल दिया गया। वह तो जब विडियो वायरल हुआ और मीडिया की पूछताछ शुरू हो गई, तब स्पष्टीकरण लिए-दिए जाने लगे। अगर इस गांव की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति पर गौर करें तो यह सब अस्वाभाविक भी नहीं लगता। 2011 की जनगणना के मुताबिक 320 परिवारों और 1545 की जनसंख्या वाले इस गांव में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात प्रति हजार पर 936 है, जो राज्य के लिंगानुपात (969) के मुकाबले काफी कम है। साक्षरता दर जहां पुरुषों में 82.86 प्रतिशत है वहीं महिलाओं में यह महज 51.19प्रतिशत है। 50 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान की बदौलत पंचायतों में महिलाओं को नुमाइंदगी तो मिल रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी पंचायत स्तर पर कुल 32.29 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिनमें 15.03 लाख महिलाएं हैं। 46.6 प्रतिशत के इस अनुपात को बुरा नहीं कहा जाएगा। लेकिन व्यवहार में पितृसत्ता का साया इसे निरर्थक बना देता है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पंचायतों में महिलाओं की जगह उनके पति या अन्य रिश्तेदारों की भूमिका समाप्त करने के लिए समिति भी गठित की गई थी। इस समिति की पिछले महीने आई रिपोर्ट में ऐसे मामलों में भारी जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई। लेकिन यह मामला जटिल और संवेदनशील है। कड़ी सजा पर जोर का उलटा असर हो सकता है। विडियो वायरल होने की वजह से परसवारा भले सुर्खियों में आ गया हो, यह ऐसा इकलौता गांव नहीं है। अन्य इलाकों से भी इस तरह की खबरें जब-तब सामने आती रहती हैं। ऐसे में कड़ी से कड़ी सजा के बजाय जागरूकता फैलाने पर जोर होना चाहिए। पंचायतों के कामकाज में महिलाओं की भागीदारी और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में प्रशासन की रचनात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी महिलाएं



**अन्नपूर्णा देवी**

आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। हम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' का देश हैं। अर्थात 'जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों का सम्मान नहीं होता है वहाँ किये गये समस्त अच्छे कर्म भी निष्फल हो जाते हैं÷- यह भाव, विचार और विश्वास भारतीय मानस में बसा हुआ है। 'शतपथ ब्राह्मण' में उल्लेख मिलता है कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में संगीत व पर्यावरण- संरक्षण का शिक्षण उनकी महान विदुषी पत्नी अरुन्धति ही देती थीं। ऋग्वेद में भी गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, रोमशां जैसी अनेक वेद मंत्रद्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है जिनके ब्रह्मज्ञान से समूचा ऋषि समाज उल्लसित था, परन्तु दुःख का विषय है कि स्त्री-शिक्षा की इतनी गौरवपूर्ण व स्वर्णिम परिपाटी, परवर्ती काल में खासतौर से मध्ययुग में आक्रांताओं के शासनकाल और उसके बाद फिरंगियों की गुलामी के दौरान छिन्न-भिन्न होती चली गयी। आजादी के संघर्ष के दौरान और आजादी के बाद महिलाओं का समाज में पुनः कुछ सम्मान बढ़ा, लेकिन उनके प्रगति की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं के सशक्तिकरण में गंभीर बाधा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है । महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा था¬÷जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जाएगी , तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएंगे।÷ इसी क्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं ÷सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है÷। महिलाओं के उत्थान से ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण संभव है ।

जब 1920 के आसपास दुनिया भर में महिलाएं अपने समान नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही थीं तब हिंदी के ख्यातिलब्ध रचनाकार मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे कि 'यदि पुरूष में स्त्री के गुण आ जायें तो वह देवता हो जाता है' । रानी अहिल्याबाई होलकर से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक, रानी गाइदिन्ल्यू से लेकर सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। वर्तमान भारत इन महान महिलाओं के प्रेरणादायी जीवन से तत्व ग्रहण कर अग्रसर हो रहा है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम %कार्रवाई में तेज़ी लाना% (Accelerate Action) है। इस थीम का संदेश है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु अनेक ठोस कदम उठाए हैं। यह नीतियां महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जमीन पर लाभ दिखना शुरू हो गया है।

गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना हो, स्वास्थ्य और सुविधा में सुधार हेतु 'उज्ज्वला योजना' हो या बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना' हो, महिलाओं-बेटियों का हित भारत सरकार की प्राथमिकता हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर महिला कर्मियों को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दी गई है। उधर मोदी सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए शुरू की गई मुद्रालोन योजना में महिलाओं की भागीदारी 69 प्रतिशत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ऋण दिया जाता है जिसके तहत अब तक 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किया जा चुके हैं। ÷बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ÷ और ÷मिशन शक्ति÷ जैसी योजनाओं एवं ÷सेल्फ़ी विद डॉटर÷ जैसी पहलों ने हमारी बालिकाओं- युवतियों के लिए नया आसमान खोला है। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी/स॥त्र) सशक्तिकरण योजना द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला समूहों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने के नए कीर्तिमान बनाए जा रहे हैं। आज भारत की नारी एक नए आर्थिक क्षितिज की ओर अग्रसर है।

शिक्षा, सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी मानी जाती है। इस सन्दर्भ में महात्मा गांधी का यह कथन और भी अर्थवान है- ÷जब एक पुरुष शिक्षित होता है तब एक व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तब एक परिवार शिक्षित होता है' । इस सूक्ति के मद्देनज़र मोदी सरकार के शासन में भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक रूप से बढ़ रही है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, महिला नामांकन दर 1.57 करोड़ से बढ़कर 2.18 करोड़ हो गया है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का अद्वितीय कार्य हो, तीन तलाक़ कानून द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए महिला बटालियनों का गठन हो, अथवा शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए संस्थान और ट्रेनिंग प्रोग्राम, हमारी सरकार महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है। कला, खेल, अभिनय, राजनीति से लेकर सरकारी नौकरियों व प्रोफेशनल जगत- सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं अपनी भागीदारी न सिर्फ़ सुनिश्चित कर रही हैं बल्कि अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी धाक भी बना रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विकसित भारत के लिए अपने चार स्तंभों की बात करते हैं तो उसमें महिलाएं भी एक हैं। इस 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निसंदेह महिलाओं की चतुर्दिक भूमिका होने वाली है। ऐसे में हमें महिलाओं के पराक्रम और क्षमता को समझने की जरूरत है। आइए इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम, महिलाओं के विकास का पथ प्रशस्त करने का संकल्प लें । विकसित एवं सशक्त भारत की निर्माण यात्रा, महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के माध्यम से ही संपन्न होगी ।

**( लेखिका भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

# एक छोटे मुल्क की बड़ी सीख

**(शशि शेखर)**

उस वक्त हम हो ची मिन्ह सिटी के युद्ध संग्रहालय में थे। वे लम्हे चकित कर देने वाले रोमांच के थे। वहां सिर्फ युद्ध का साजो-सामान न था, बल्कि कदम-दर-कदम मानवीय जिजीविषा और सामरिक रचनात्मकता का संगम पसरा हुआ था। वियतनामियों ने फ्रांस, अमेरिका और अपने गृहयुद्ध की यादों को काफी करीने से संजो रखा है। इन अजर-अमर गाथाओं को वे सिर्फ दूसरों को नहीं दिखाते, अपने दिल में भी हरदम बसाए रखते हैं। गुलामी से स्थायी मुक्ति का अकेला रास्ता यही है।

इस भवन तक पहुंचने से पहले ही हमें उन अमेरिकी तोपों और टैंकों के दर्शन होने लगते हैं, जिन्हें अमेरिकी सैनिक छोड़ भागे थे। मैंने बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां देखे। युवा अपने बच्चों को और बुजुर्ग अपने नाती-पोतों को अनूठी समरगाथा से रू-ब-रू कराने वहां आए थे। संगृहीत तोप, गोले, हेलीकॉप्टर और अन्य आयुधों के आगे चस्पां विवरणों को वे बेहद ध्यान से देखते और इत्मीनान से बच्चों को बताते। मैं इतने मुल्कों में घूमा किया, पर ऐसा अंदाज इससे पहले कहीं नहीं दिखाई दिया।

वियतनाम में गुजरे वे चार दिन रह-रहकर हॉवर्ड फास्ट की माई ग्लोरियस ब्रदर्स का वह संवाद याद दिलाते, जो ईसा से पूर्व स्थापित हुए यहूदी मुल्क के हर बाशिंदे की जुबान पर था- हम एक हजार साल पहले मिस्र में गुलाम थे। आज तक इजरायल उसी राह पर चल रहा है। वियतनाम ने उसे सुथरे तरीके से अपना लिया है। वह इजरायल की तरह पड़ोसियों से जंग नहीं लड़ रहा। इधर, चीन से भी उसके रिश्ते सुधरे हैं। हालांकि, वहां का आम आदमी चीन के नाम पर मुंह बिचकाता है। चीन ने एक हजार साल उन पर हुकूमत की थी। शताब्दियां बीत गईं, पर वियतनाम के खुद्दार लोग चीनियों की दमन-गाथा को बिसरा नहीं पाते। पराधीनता के विरुद्ध भावनाओं का ऐसा सामूहिक ज्वार मैंने कभी कहीं और नहीं देखा। वे महज अपनी आजादी से संतुष्ट नहीं हैं। उनमें जबरदस्त प्रगति-कामना भी है।

यही वजह है कि भूगोल में हमारे राजस्थान से छोटा होने के बावजूद उनकी तरक्की आंखें खोलने वाली है। युद्ध और गृहयुद्ध के दशकों लंबे दौर से गुजरकर वह 1976 में अपने पैरों पर खड़ा हो पाया, मगर अगले पच्चीस वर्ष घावों से उबरने के थे। उसने गति पकड़ी इस सदी के आरंभ से और अभी चौबीस साल भी नहीं पूरे हुए, पर 99 फीसदी से ज्यादा घरों में बिजली है। वियतनाम में बिजली आंख-मिचौली भी नहीं खेलती और 50 प्रतिशत से अधिक आबादी के पास साफ पीने का पानी है। यही नहीं, 87 प्रतिशत से भी अधिक वियतनामी राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा रहे हैं। विश्व बैंक की रपट बताती है कि साल 2022 में महज 4.2 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे रह बचे थे।

यात्रा के दौरान हम 70 किलोमीटर दूर मेकांग डेल्टा देखने के लिए राजमार्ग से गए। 'एक्सप्रेस वेज' का ऐसा रूप मैंने अमेरिका में भी नहीं देखा। कहीं कोई गड्ढा नहीं, गति अवरोधक नहीं और आगे निकलने की जानलेवा होड़ भी नहीं। इससे पहले राजधानी की सड़कों को भी परखा था, कहीं कोई ट्रैफिक सिपाही नहीं, लेकिन जाम का नामोनिशान तक नहीं। मैंने एक बार भी वहां हॉर्न की ध्वनि नहीं सुनी। इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल में जगह-जगह लिखवाया नारा याद आ गया - अनुशासन ही देश को महान बनाता है। हम उस थोपे गए अनुशासन से कितना महान देश बना पाए? वियतनाम में स्व-अनुशासन जीवनशैली का मुकम्मल हिस्सा लगा।

कोई आश्चर्य नहीं कि दस करोड़ की आबादी वाले इस मुल्क की अर्थव्यवस्था क्रय शक्ति क्षमता यानी पीपीपी के हिसाब से 1.350 ट्रिलियन डॉलर पार कर चुकी है। विश्व बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में यहां की विकास दर छह फीसदी से अधिक आंकी है। अगले वर्ष इसमें बढ़ोतरी का अनुमान है। यही वजह है कि इस वर्ष के पहले आठ माह में ही उसे 14.15 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश हासिल हुआ है। भारत आकार, आबादी और अर्थव्यवस्था में उससे कहीं बड़ा है, पर इस वर्ष हमें 2023 के मुकाबले कम विदेशी निवेश प्राप्त हो सका है। यह हमारे लिए खतरे की घंटी भले न हो, पर चेतने की बात जरूर है। वियतनाम आसियान का सदस्य है। इसके देशों की कुशल आबादी दुनिया के सामने असीम संभावनाएं पेश करती है। वियतनाम में शिक्षा को कितनी तरजीह दी जाती है, इसका अंदाज सिर्फ इस तथ्य से लग जाता है कि अकेले हो ची मिन्ह सिटी में 55 विश्वविद्यालय हैं। इसी चलन के चलते इन देशों ने पिछले 30 वर्षों में काबिल-ए-गौर तरक्की हासिल की है।

लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का दंभ भरने वाले पश्चिमी देशों का नकाब यहां भी हवा का झोंका बन जाता है। उन्हें ऐसे मुल्कों का राजनीतिक वातावरण रास आता है। इनमें से अधिकांश देशों में आर्थिक प्रगति को लोकतांत्रिक मूल्यों पर तरजीह दी जाती है। वियतनाम में एकदलीय व्यवस्था है। चीन की तरह वहां भी कम्युनिस्ट पार्टी की हुकूमत है। वहां बोलने की आजादी है, पर सरेआम अपने देश के बारे में बात करने में लोग हिचकते हैं। मॉस्को और बीजिंग की भांति वहां के बाशिंदों को भी लगता है कि उन पर नजर रखी जा रही है।

मुझे इसका इल्म न होता, अगर फैन्सी सैगॉन मॉल में मैंने एक नौजवान से पूछ न लिया होता कि क्या आप खुद को कॉमरेड मानते हैं? उसने इधर-उधर देख फुसफुसाकर बोला था- हम 'रेड कैपिटलिस्ट' हैं। मतलब? उसका उत्तर था- ऊपर से हमारे नेता सोशलिस्ट हैं, पर अंदर से कैपिटलिस्ट। कहीं हर ओर पसरे अनुशासन की असली वजह यही तो नहीं? चाहे जो हो, पर विलासिता की वस्तुओं से दमकते स्टोर्स भरे पड़े थे। दिल्ली और एनसीआर के कम ही मॉल ऐसे होंगे, जहां एक साथ इतने लग्जरी स्टोर हों।

कहते हैं, हर चमक-दमक के पीछे गहरी कालिमा छिपी होती है। वियतनाम में भी इसका असर दिखाई पड़ रहा है। वहां के युवा विवाह संस्था से मुंह मोड़ रहे हैं। एक 28 साल के नौजवान ने बताया कि हमारी शादी करने की हिम्मत नहीं पड़ती। महंगाई इतनी है कि बच्चे कैसे पलेंगे? मैंने उससे पूछा कि आपके यहां तो शिक्षा 'फ्री' है, फिर कैसी दिक्कत? उसका उत्तर था, यह ठीक है कि बच्चे के लिए फीस की व्यवस्था नहीं करनी होगी, पर उसे पालने के लिए कई अन्य खर्चे करने पड़ेंगे। वे कहां से आएंगे? वह गलत न था। मेरे लिए यह पहला मुल्क था, जहां मैंने पांच लाख का नोट देखा। भारतीय मुद्रा में उसकी कीमत अमूमन दो हजार रुपये होती है।

# बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी बढ़ी

**( कमलेश पांडे )**

बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

बिहार में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर महीने में होंगे। हालांकि, उससे महीनों पहले राज्य में धार्मिक और राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। कहीं एनडीए और यूपीए एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते प्रतीत हो रहे हैं तो कहीं उनके गठबंधन के अपने ही साथी एक-दूसरे को रणनीतिक मात देते हुए अपनी सीटें बढ़ाने को लेकर बेताब नजर आ रहे हैं। इस नजरिए से भाजपा-जदयू की धींगामुश्ती और राजद-कांग्रेस की अंदरूनी कुश्ती के बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सबके बने बनाए खेल बिगाड़ रही है।

एक तरफ जहां धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है, वहीं हिंदुत्व का नया जनज्वार यहां भी पैदा होती दिखाई दे रही है। इससे जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कम, लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके समर्थक ज्यादा परेशान हैं। इस बीच बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जब अपने हिंदू राष्ट्र के एजेंडे के साथ बिहार पहुंचे, तो रही सही कसर पूरी हो गई। क्योंकि उनका हुर्मुठ धार्मिक अंदाज बिहारियों पर भी अपना छाप छोड़ेगा ही।

उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सुपौल में और आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीश्री रविशंकर भी पटना में यानी राज्य में मौजूद हैं। इससे धीरेंद्र शास्त्री के गोपालगंज में पांच दिवसीय हनुमंत कथा की समां बंध चुकी है। वहीं, बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

पंडित शास्त्री का यह कहना कि वह अब सनातनियों को झुकने नहीं देंगे, हिंदुओं की आबादी घटने नहीं देंगे, और भारत के पहले ही बहुत टुकड़े हो चुके हैं, इसलिए अब भारत के और टुकड़े होने नहीं देंगे, को सुनकर हिन्दू गदगद हैं। वहीं, पंडित शास्त्री ने सवालिया लहजे में यह पूछकर अपना धार्मिक एजेंडा स्पष्ट कर दिया है कि ईसाइयों के हितचिंतक 95 देश हैं, इस्लामी मतावलंबियों यानी मुसलमानों के हितचिंतक 65 देश हैं, लेकिन हिंदुओं का हितचिंतक कौन देश है?

उन्होंने अपनी चिंता प्रकट करते हुए आगे कहा कि भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, भूटान, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशों में जो 150 करोड़ हिन्दू हैं, जो दुनिया की तीसरी बड़ी धार्मिक आबादी है, उनका हितचिंतक तो अखंड भारत के ही देशों को होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यदि ये ऐसा नहीं करेंगे तो हम डंके की चोट पर उनसे हिंदुत्व से जुड़े ये कार्य करवाएंगे, लेकिन हिंदुओं का अहित नहीं होने देंगे। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि हम हिंदुओं के लिए ही जीयेंगे और हिंदुओं के लिए ही मरेंगे। इसलिए हम पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में घूम-घूम कर हिंदुत्व का अलख जगा रहे हैं।मुझे बिहार के लोगों से ज्यादा उम्मीद है। हिन्दू राष्ट्र की मजबूत हुंकार इसी क्रांतिकारी भूमि से भरी जाएगी।

स्वाभाविक है कि बिहार में बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का एक धार्मिक नेता वाला अवतार दिखा। इससे पहले वह उड़ीसा, झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों को भी हिंदुत्व और भारतीयता के लिहाज से जगाते चले आ रहे हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि जिंदगी कितनी भी अच्छी हो, यदि इसमें भक्ति ना हो तो वह किसी काम की नहीं। जीवन में भक्त और भक्ति एक दूसरे के बिना सफलता की कामना संभव नहीं है। इसलिए पुरुषार्थ करते रहिए, जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा, जीवन में सबका सम्मान करें। छोटे से छोटे व्यक्ति भी सम्मान के पात्र होते हैं।

# बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?

**दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।**

**( योगेश कुमार गोयल )**

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला।

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में



पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं।

जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।( लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला कामगारों को कोल इंडिया का तोहफा

**महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी; कब से मिलेगा**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनबाद में कोयला कामगारों को 21.3 फीसदी परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मिलेगा। यह 1 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। इसका आदेश कोल इंडिया ने जारी कर दिया है। पिछले तिमाही से 1.2. महंगाई भत्ता में वृद्धि हुई है। इससे कोयला कर्मियों के वेतन में न्यूनतम 370 रुपए से लेकर अधिकतम 2350 रुपए तक की वृद्धि प्रतिमाह होगी। करीब सवा दो लाख कोयला कामगारों को लाभ मिलेगा। कोल इंडिया के महाप्रबंधक, श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध ने इसकी जानकारी सभी अनुषंगी कंपनियों को दी है। नया वीडीए कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनी में लागू है। हर तीन महीने में कामगारों के वीडीए में संशोधन किया जाता है। वीडीए पर एटक के लखन लाल महतो ने कहा कि वीडीए की गणना वास्तविक महंगाई के अनुसार नहीं की जाती है। वास्तविक महंगाई के अनुसार गणना हो तो कोयला कर्मियों को ज्यादा आर्थिक लाभ होता।

### बंसल का आजीवन सदस्यता निष्कासन वैधः सुरेंद्र

**बोकारो/फुसरो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन के शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार खेमका ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से अलग-अलग मीडिया में चल रहे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पत्र में बेरमो द्वारा द्वारा विगत माह सुरेश बंसल के निष्कासन संबंधी नियम को संविधान के विपरीत बताया गया है। परंतु बेरमो शाखा इस पत्र को असंवैधानिक और नियम के विपरीत मानती है। इस पत्र के साथ झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के निष्कासन संबंधी नियम 3.3 के बिंदु 3.3.4 की प्रति में सारा उल्लेख है। अगर यह नियम संविधान में गलत लिखा गया है तो निष्कासन संबंधी नियम की प्रति शाखा को उपलब्ध करवाने की मांग बेरमो शाखा करती है। सुरेश बंसल का निष्कासन में पूरे नियम को पालन किया गया है और इनका आजीवन सदस्यता निष्कासन पूर्णतः वैध है।

### अंगवाली-बालू बंकर तक सड़क निर्माण रुका

**बोकारो/अंगवाली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली से फुसरो शहर जाने वाले मार्ग के बीच दामोदर नदी पुल के उत्तरी छोर से बालू बंकर तक निमार्णाधीन मार्ग का निर्माण अबतक लंबित पड़ा है। बीते दो महीने से संवेदक द्वारा मेटल व छाई सहित अन्य संसाधन मार्ग के किनारे गिराया गया है। हालांकि बीते माह यह सुनने में आ रहा था कि सिंगारबेड़ा के कुछ भूमि-रैयत विवाद उत्पन कर रहे थे, जिसे सलटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा मे प्रयास जारी है कि चुप्पी साधा गया है, पता नहीं चल रहा। विवश होकर अंगवाली के लोग आवागमन तो करते हैं, लेकिन वे नाराज अवश्य दिख रहे हैं। इसी तरह तेनुघाट-बोकारो नहर मार्ग की मरम्मत भी ठप पड़ी है। टेंडर हुए नब्बे करोड़ की राशि का क्या होगा पता नहीं।

### तुपकाडीह नेपाली गैराज में लगी आग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तुपकडीह नहर किनारे स्थित गैराज में आग लगने के कारण दो वाहन जल कर राख हो गए। घटना शॉर्ट शर्किट के कारण होने से बताई जा रही है। गैराज संचालक ने बताया कि सब कुछ सामान्य था , काम कर रहे थे कि टायर फटने की आवाज आई और उसके बाद हम सब थोड़े ही देरी में आग का भयंकर रूप देखने लगे। जल्दी में लोग पहुंचे और आग पर काबू पाया। थोड़े देर में आये दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

### महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैंः अध्यक्ष

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पेंशनर समाज की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पेंशनधारकों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने महिलाओं को देवी स्वरूपा बताते हुए उनके सम्मान पर जोर दिया। बैठक में कामडारा प्रखंड के चन्द्र मोहन बड़ाइक ने समाज की सदस्यता ग्रहण की। सचिव ने त्रैमासिक आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर बल दिया। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित स्वास्थ्य बीमा योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में कई वरिष्ठ सदस्य एवं मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन उपस्थित थे।

### महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम कंसारी पालकोट प्रखंड और गुमला में कांसा एवं पीतल के बर्तन निर्माण करने वाली महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन , मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला और सीएसआर हिंडालको के सहयोग से आयोजित हुआ।द.पालकोट पंचायत की मुखियाजसिंता मिंज ने महिला कारीगरों को सेफ्टी किट प्रदान कीं। प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूरज महतो ने बताया कि यह किट कारीगरों को सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे अपने कार्य को अधिक सुचारू रूप से कर सकेंगी।

### जमशेदपुर में स्वच्छ हवा के लिए महिलाओं ने की अगुवाई

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छ हवा केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारा अधिकार है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने आओ बदलें हवा कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने और स्वच्छ हवा के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए प्रेरित करना था। महिला कल्याण समिति और आदर्श सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में उन महिलाओं के नेतृत्व की सराहना की गई, जो स्वच्छ हवा के लिए संगठित होकर परिवर्तन ला रही हैं। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू वन मंथ इन माई लाइफ 2.0 अभ्यास में चार हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को कम लागत वाले वायु गुणवत्ता मॉनिटर प्रदान किए गए, ताकि वे अपने आसपास की हवा की गुणवत्ता को प्रतिदिन देख सकें और समझ सकें। यह पहल वायु वीरों द्वारा संचालित की गई। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण समिति की सचिव अंजलि बोस के 50 वर्षों के उल्लेखनीय योगदान का भी सम्मान किया गया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सामुदायिक सशक्तीकरण के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। अंजलि ने कहा कि महिलाएं हमेशा परिवर्तन की रीढ़ रही हैं, चाहे वह शिक्षा हो, न्याय हो या समानता। आज हम इस संघर्ष में स्वच्छ हवा को भी शामिल कर रहे हैं। आदर्श सेवा संस्थान की सदस्या लखी दास ने कहा कि वायु प्रदूषण महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित करता है। विशेष रूप से उन समुदायों की महिलाओं को, जो अधिकतर समय प्रदूषित इनडोर और आउटडोर वातावरण में बिताती हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में तेजी से सांस लेते हैं, जिससे वे सांस रोगों और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों के अधिक शिकार होते हैं।

### गुमला सिविल कोर्ट में 28 हजार वादों का निपटारा और 12.42 करोड़ राजस्व संग्रहित

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुमला सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत का ऑनलाइन उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को विधिक जागरूकता का संदेश देते हुए सशक्त रहने की प्रेरणा दी। वहीं लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में में आयोजित की गई। 10 विशेष बेंचों के माध्यम से कुल 28,031 वादों का निपटारा किया गया। साथ ही 12.42 करोड़ का राजस्व संग्रहित किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत विवाद निपटाने का सबसे त्वरित और किफायती माध्यम है। जहां दोनों पक्षों की सहमति से विवाद समाप्त होते हैं और इनके निर्णय के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ओमप्रकाश ने बताया कि वर्ष में चार बार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिससे लोग अधिक से अधिक लाभ उठाएं। एडीजे प्रथम प्रेम शंकर,अवर न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव,राम कुमार लाल गुप्ता ने भी अपने- अपने विचारों को रखा। मौके प्रेम शंकर, संजीव कुमार भाटिया, मनोरंजन कुमार, पार्थ सारथी घोष, निर्मला बरला, पूनम कुमारी, रीमा कुमारी, श्वेता सोनी, प्रतिक राज, श्रद्धा भूषण, शंभू सिंह सहित विभिन्न न्यायिक पदाधिकारी, बैंक अधिकारी, सरकारी विभागों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### डुमरी में उपायुक्त ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**गुमला/डुमरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डुमरी ब्लॉक स्थित विलुप्त प्राय आदिम जनजाति बहुल गांव गनीदारा का दौरा किया। इस गांव में कोरबा एवं असुर जनजाति के 40 परिवार निवास करते हैं। उपायुक्त ने राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय गनीदारा में ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। जिस पर उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।

# सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी द्वारा आपसी मतभेद को चंद मिनटों में सलटाया गया

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश प्रभारी सह सी आई डी के चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन ने संवेदक एवं पेटी ठीकेदार द्वारा वर्षों से चला आ रहा मतभेद को चंद मिनटों में सुलझा लिया और दोनों पक्षों को राजी खुशी गतंव्य को भेजने में कामयाब रहे। प्राप्त समाचार के अनुसार टुण्डी के एकलव्य विद्यालय एवं सरकारी डिग्री कॉलेज करमाटांड का निर्माण कार्य संवेदक मुन्ना सिंह के नाम आवंटित कर किया गया तभी उक्त संवेदक द्वारा कार्य को पेटी ठीकेदार अब्दुल मजीद अंसारी को बिना सहमति पत्र के काम को आवंटित कर दिया गया। पहले तो सब कुछ ठीक ठाक चला पर कार्य जब अंतिम चरण में पहुंचा तो संवेदक द्वारा पेटी ठीकेदार को लेन देन में काफी फजीहत करने लगा कार्य का सहमति के तौर पर कुल राशि 33 लाख 60 हजार 132 रूपए का था जिसमें संवेदक द्वारा पेटी ठीकेदार को 20 लाख 43 हजार 860 रूपए तक का



भुगतान बेहिचक कर दिया गया और कार्य भी पूर्ण हो चुका था शेष राशि 13 लाख 16 हजार 272 रूपए की मांग जब पेटी ठीकेदार अब्दुल मजीद अंसारी के द्वारा किया जाने लगा तो संवेदक अपनी मनमानी पर उतर गया और कार्य की मापी कराया गया मापी के बाद संवेदक मुन्ना सिंह ने एक रूपया भी नहीं निकलने की बात बताई मजेदार बात तो यह है कि इतनी बड़ी डील में दोनों पक्षों की ओर से सहमति पत्र पर किसी प्रकार का हस्ताक्षर नहीं किया गया।जब विवाद बढ़ने लगा तो भुक्तभोगी अब्दुल मजीद अंसारी ने प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक अपनी गुहार लगाई परंतु कहीं से भी न्याय नहीं मिल पाया अंतिम में भुक्तभोगी ने सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सह सी आई डी चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन को अपनी आपबीती सुनाई जहां त्वरित समाधान करने के लिए आज मनियांडीह थाना प्रभारी शिवकुमार एवं सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सह सी आई डी चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन की अध्यक्षता में दोनों पक्षों का बातें सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है किसी कनीय अभियंता की देखरेख में कार्य की मापी दोबारा कराई जायेगी तभी भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ होगी यह बात दोनों पक्षों को उचित लगा ओर दोनों पक्ष हंसी खुशी अपने अपने गंतव्य स्थान की ओर निकल गया। मौके पर सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सह सी आई डी चैयरमैन मोहम्मद जाहिद हुसैन, उनके निजी सचिव मोहम्मद सफी साहब, मनियांडीह थाना प्रभारी शिवकुमार,अवर निरीक्षक जगदीश सिंह, समाजसेवी फेलेन सोरेन,कमारडीह पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल रशीद अंसारी, झामुमो नेता अनवर अंसारी, संवेदक मुन्ना सिंह, मुर्तज अंसारी,पेटी ठीकेदार अब्दुल मजीद अंसारी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पर्यावरणविद डॉ. कौशल ने दो राज्यों के तीन विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

**महिला शक्ति की जागरूकता से ही कम होगा प्रदूषण का आतंक**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय व अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कन्या पूजन के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई व नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र- छात्राओं को पर्यावरण धर्म के संबंध में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निबटने के लिए शहर में आकाश बाग व गांवों में किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत बताई। कहा कि किसानों को वृक्ष खेती करने से ही आकाल व सुखाड़ से राहत तो मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी । इससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थितियों में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा को बंद



करने व दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में हेडमास्टर गुप्तेश्वर पासवान, योगेश्वर राम व वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले इस विद्यालय में लगाए गए पौधे आज पेड़ बनकर फल -फूल दे रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।

## आग लगने से दो झोपड़ियां जलीं, लाखों का नुकसान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के शेरहवा पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या 11 सिसवा बहुअरवा गांव में शनिवार की देर रात्रि आग लगने से दो फुसनुमा घर जलकर राख हो गया है। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में उपेंद्र शर्मा व दीनानाथ कुशवाहा के फुसनुमा घर एवं घर मे रखे कपड़ा, वर्तन, अनाज व 40 हजार नगदी समेत लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। वही दो बकरियो की भी मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पहुची अग्निशमन की गाड़ी व स्थानीय लोगों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय मुखिया अनुपधर दुबे उर्फ पिंटू दुबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सिसवा बहुअरवा में विती रात्रि आग लगने से दो घर जल गया है। आग कैसे लगी है इसके कारणों का पता नही चल पाया है। घटना की सूचना शिकारपुर थाने और सीओ को दे दी गई है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को स्थल जांच के लिए भेजा गया है। पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता मुहैया कराई जाएगी।



## मुखिया ने दिव्यांग शिविर लगाकर लोगों को किया जागरूक



**जिरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के भरौली पंचायत के मुखिया नागेंद्र सिंह ने अपने पंचायत क्षेत्र के भरौली मठ में रविवार को विकलांग शिविर के आयोजन किया । जिस शिविर में जो व्यक्ति विकलांग है वैसे व्यक्ति के लिए राज्य सरका द्वारा चलाए गए योजना के बारे में स्थानीय मुखिया नागेंद्र सिंह ने शिविर लगाकर लोगों को जानकारी दिया । मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विकलांगता पेंशन केवल उन विकलांग व्यक्तियों को कवर करने के लिए जो इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) के तहत शामिल नहीं हैं। साथ ही आगे कहा कि विकलांग व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा व्हील साइकिल भी दिया जा रहा है ताकि वह आत्मनिर्भर होकर अपना कार्य खुद कर लें। विकलांगता पात्रता मापदंड के लिए निम्न प्रावधानों का होना जरूरी बताए आवेदक को शारीरिक रूप से अक्षम किया हो और विकलांगता के न्यूनतम 40% का प्रमाणपत्र होना चाहिए।, इस योजना के लाभों का लाभ लेने के लिए कोई न्यूनतम या अधिकतम आयु सीमा नहीं है।, पेंशन का लाभ उठाने के लिए निर्धारित वार्षिक आय की कोई ऊपरी सीमा नहीं है, आवेदनकर्ता को राज्य के निवासी होना चाहिए या आवेदन जमा करने की तारीख से कम से कम 10 वर्षों के लिए राज्य में रहना चाहिए था।

## टाटा स्टील में 23 महिला फायर फाइटर संभाल रहीं जिम्मेदारी

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अग्निशमन विभाग में अबतक पुरुषों का ही दबदबा रहा है। लेकिन अब महिलाएं भी इस क्षेत्र में तेजी से कदम रख रही हैं। 7 सितंबर 2023 को टाटा स्टील ने 23 महिला अग्निशामकों को अपनी फायर सर्विसेज टीम में शामिल किया। यह भारत के स्टील उद्योग में महिला अग्निशामकों का पहला दल है। इस पहल को फ्लेम्स ऑफ चेंज नाम दिया गया है। ये महिलाएं अग्निशामक कंपनी, टीएमएच समेत पूरे शहर की सुरक्षा के लिए 24 घंटे और सातों दिन तैयार हैं। टाटा स्टील अपने विविधता और समावेश लक्ष्यों पर काम कर रही है। कंपनी को महसूस हुआ कि विविध कार्यबल के लिए मजबूत सहायता प्रणाली जरूरी है। खासकर आपात स्थिति में। इसी सोच के तहत फायर ब्रिगेड को पर्याप्त संसाधनों से मजबूत किया गया। महिला प्रशिक्षुओं को फायर एंड सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में कड़ा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कक्षा शिक्षण के साथ व्यावहारिक अनुभव भी शामिल था। इसके बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से 16 सप्ताह का बाहरी प्रमाणन पाठ्यक्रम कराया गया।

## मातृशक्ति का सम्मान करना हमारा है स्वाभिमान : लायन गुरवीर

**लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को किया सम्मानित**





**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। इसमें समाज के अग्रिम पंक्ति से लेकर समाज के अंतिम पंक्ति तक की वैसी महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कार्य से समाज को प्रभावित व प्रेरित किया है। इसी क्रम में पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, चिकित्सा के क्षेत्र में विनायका चाईल्ड हॉस्पिटल व एडवेंट पैथलैब की संचालिका डॉ श्वेता शेखर व सफाई कर्मी महिला को प्रशस्ति पत्र, पौधा व उपहार देकर सम्मानित किया गया। लायन्स प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे गुरवीर सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के रूप में रिष्मा रमेशन जैसी तेज- तर्रार पुलिस अधिकारी अपनी निर्भीकता व कुशल नेतृत्व से पलामू जिले में शांति व्यवस्था कायम की हैं। पुलिस अधीक्षक महोदया सभी के लिए प्रेरणादायी हैं। साथ ही सम्मानित चिकित्सक हो या सफाई कर्मी सभी मातृ शक्ति समाज के सभी उन माताओं बहनों की प्रतीक देवी स्वरुपा हैं। ये सृष्टि के सृजन से पोषण तक के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देती हैं। मौके पर सचिव नीलेश चंद्रा ने कहा कि ऐसी नारी शक्ति के कार्यों को सम्मानित करना लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के लिए गौरव की बात है। लायंस परिवार सदैव ही समाज के सभी वर्गों की सेवा व सम्मान के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसके लिए क्लब के सभी लायंस सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं। इस तरह के पुनित कार्य में अपना सर्वस्व न्यौछावर को तत्पर रहते हैं। इस अभियान में मुख्य रूप से विकास कुमार शेट्टी, ऋषिकेश दुबे, श्रीकांत कुमार व रणजीत मिश्रा शामिल थे।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दरौली/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली पर्व तथा रमजान के त्यौहार को शांतिपूर्ण व सद्भाव के माहौल में मनाने के उद्देश्य से थाने परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। थानाध्यक्ष रौशन कुमार की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित इस बैठक में अंचलाधिकारी विद्याभूषण कुमार भारती ने कहा कि त्यौहारों के दौरान पड़ोसियों को किसी तरह की परेशानी न होने दे तथा आपसी भाईचारे के साथा उत्सव मनायें।

यह महीना रमजान व होली दोनो का है ऐसे में दोनों धार्मिक श्रद्धालुओं से अपील है की एक दूसरे के सुबिधा का ख्याल रखें। बैठक का सफल संचालन करते हुये सीओ ने प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों से आए मुखिया,सरपंच,वार्ड सदस्य सहित गणमान्य लोगों से उनका विचार आमंत्रित किया व अपना सुझाव तथा जिला प्रशासन का निर्देश सुनाया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि किसी भी गांव में कोई समस्या




उत्पन्न होता महसूस हो तो हमें तुरंत सूचित करें। बैठक में पवन पांडे,मृत्युंजय तिवारी,अली अकबर, अंबे कुमार चौबे,बालेश्वर सिंह, नंदकुमार ओझा, बच्चा प्रसाद,राजेंद्र यादव, अमित कुमार पांडे,अजय कुमार सिंह,आदित्य सिंह, सुरेंद्र प्रसाद,सुरेंद्र मिश्रा संजय कुमार,नासिर खान, मनोज पासवान,धनंजय मिश्रा,साहेब हुसैन सहित कई अन्य शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में बिछड़े दंपती एक हुए, 6.10 करोड़ राजस्व मिला

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इसका ऑनलाइन प्रसारण जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत हॉल में भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान झालसा एवं राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन भी किया गया। जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को आयोजित लोक अदालत में रिकॉर्ड 2 लाख 49 हजार 799 मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 6 करोड़ 9 लाख 96 हजार 453 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। मामलों के निष्पादन के लिए न्यायिक पदाधिकारियों की 12 बेंच एवं घाटशिला अनुमंडल कोर्ट में कुल तीन बेंच का गठन किया गया था। पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की अदालत में पति-पत्नी के बीच चल रहे एक वाद को मध्यस्थता से सुझलाया गया। दंपती का नाम शिला कुमारी व अभय अपूर्वा हैं। दोनों का विवाह 11 नवम्बर 2018 को राम मंदिर टेल्को में हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह दोनों परिवार के सदस्यों की सहमति से तय किया गया था। लेकिन कुछ दिनों में ही पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। इससे दानों अलग रह रहे थे और फैमिली कोर्ट में केस चल रहा था। लोक अदालत में पति-पत्नी ने मतभेद भूलकर एक साथ रहने का संकल्प लिया। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया गया।

## आरडीबी रिएल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला 42 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप स्टॉक आरडीबी रिएल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बड़ा काम मिला है। कंपनी ने शनिवार को एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि उन्हें वर्धमान ग्रुप रियलबिल्ड एलएलपी से मुंबई में एक प्रॉपर्टी बनाने का काम मिला है। इस ऑर्डर के मिलने के बाद अब कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे।

**41 करोड़ रुपये का काम-** इस कॉन्ट्रैक्ट के लिए कंपनी को कुल 42 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। इसमें जीएसटी या अन्य कोई टैक्स शामिल नहीं है। इस ऑर्डर में हर एक बिल पर 5 प्रतिशत का रिटेंशन भी होगा। बता दें, कंपनी के पास काम को पूरा करने के लिए 24 महीने का समय है। या फिर 7 मार्च से 2025 से 2 साल तक का समय मिलेगा।

पिछले सप्ताह कंपनी ने बताया था कि उसने नॉन एग्रीकल्चर लैंड को बेच दिया। इस जमीन को 60 करोड़ रुपये में बेचा गया है। कंपनी की यह जमीन सूरत नगरपालिका कॉरपोरेशन के अंदर आती थी।

**कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन?-** आरडीबी रिएल्टी के शेयर शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के समय पर बीएसई में 1.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 58.23 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। पिछले 5 साल में यह स्टॉक 2800 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 290 प्रतिशत की तेजी आई है।

कंपनी के निवेशकों के लिए अच्छी बात यह है कि जब इस साल ज्यादातर स्टॉक शेयर बाजार में संघर्ष कर रहे हैं तब भी यह 10 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। कंपनी का 52 वीक हाई 61.27 रुपये और 52 वीक लो लेवल 11.59 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 1006.41 करोड़ रुपये है।

## 'मालिक' ने बेच दिए 9,00,000 शेयर, 70 प्रतिशत टूटा चुका है स्टॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों का बुरा हाल है। अब कंपनी से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। कंपनी के प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच दिया। इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ शुक्रवार को साझा की गई। बता दें, बीते 8 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 70 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी।




**फंड जुटाने पर कंपनी का ध्यान-** एक और जानकारी देते हुए कंपनी ने बताया कि वो स्टॉक स्प्लिट और फंड जुटाने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं। इसके लिए कंपनी की बोर्ड मीटिंग 13 मार्च को बुलाई गई है। इसी में इसका फैसला होगा। बता दें, इससे पहले गुरुवार को कंपनी ने बताया था कि उनके सीएफओ अंकित जैन ने इस्तीफा दे दिया है। अब उनकी जगह जबरिमेहदी लेंगे।

**प्रमोटर्स ने बेचे 9 लाख शेयर-** एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। यानी उन्होंने कुल 9 लाख शेयरों की बिक्री की है। इस पैसा का उपयोग कंपनी में निवेश के लिए और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। बता दें, इस बिक्री के बाद अब कंपनी में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 59.70 प्रतिशत रह गई है।

**वॉरेन बफे की 5 बातें बच्चों को जरूर सिखाएं**

# पैसों की कभी नहीं होगी तंगी, कारोबार शुरू करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वॉरेन बफे दुनिया के अमीर लोगों में शुमार हैं। वह न केवल दुनिया के बड़े निवेशकों में शामिल हैं बल्कि बर्कशायर हैथवे के सीईओ भी हैं। उन्होंने धैर्य, स्मार्ट निवेश और आर्थिक अनुशासन के सिद्धांतों पर अपना भाग्य बनाया है। बफे सिर्फ अपने बिजनेस में ही कामयाब नहीं हैं, बल्कि बच्चों को पैसे के बारे में महत्वपूर्ण सबक सिखाने को भी प्राथमिकता देते हैं।



साल 2011 में बफे ने सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब नामक एक एनिमेटेड सीरीज बनाने में मदद की। इसका उद्देश्य बच्चों को व्यवसाय, निवेश और वित्तीय साक्षरता की मूल बातें सिखाना था। यह शो 26 एपिसोड तक चला। इसमें कुछ बच्चों की कहानी दिखाई गई जो पैसे के मामलों में बफे से सलाह लेते थे। साल 2013 में उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा था कि बच्चों को पैसों के बारे में समझाना कभी भी जल्दी नहीं होता। चाहे वो नए खिलौने की कीमत समझना हो या पैसे बचाने का महत्व। यहां 5 ऐसी बातें दी गई हैं जिन्हें बफे ने अपने बच्चों को सिखाया था। आप भी अपने बच्चों को ये बातें सिखा सकते हैं।

### जल्दी शुरुआत करें

बफे हमेशा कम उम्र से ही वित्तीय शिक्षा के महत्व पर जोर देते रहे हैं। साल 2013 में सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, कभी-कभी माता-पिता अपने बच्चों के किशोरावस्था में पहुंचने पर ही पैसे का सही इस्तेमाल करने के बारे में बात करना शुरू करते हैं। जबकि वे प्री-स्कूल से ही शुरू कर सकते हैं। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के मुताबिक बच्चे 7 साल की उम्र से ही पैसे से जुड़ी आदतें विकसित करने लगते हैं। कम उम्र में ही बच्चों को बचत, खर्च और कमाई जैसी बुनियादी बातें बताकर पेरेंट्स उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय सफलता के लिए तैयार कर सकते हैं।

### छोटी-छोटी बचत का भी महत्व

बफे सिखाते हैं कि ब्याज की शक्ति के कारण समय के साथ छोटी-छोटी बचत भी बढ़ सकती है। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब में बफे ने कहा है कि नियमित रूप से थोड़े से पैसे बचाने से भी फायदा होता है। इस सबक को सिखाने का एक व्यावहारिक तरीका बच्चों को उनका अपना गुल्लक या बैंक अकाउंट देना है। पैरेंट्स ऐसे ऐप्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं जिनसे बच्चे अपनी बचत पर नजर रख सकें और जमा राशि पर ब्याज भी कमा सकें।

### स्मार्ट खर्च करने की आदत डालें

बच्चों को सबसे पहले यह सीखना चाहिए कि जरूरतों और चाहतों में अंतर कैसे करें। बफे एक आसान तरीका बताते हैं कि अपने बच्चों से उन चीजों की सूची बनाने को कहें जो वे खरीदना चाहते हैं। फिर, हर चीज को एक साथ देखें और तय करें कि यह जरूरी है या फिजूलखर्ची। यह आदत जल्दी डालने से माता-पिता अपने बच्चों को बड़े होने पर बेहतर खर्च करने की आदतें विकसित करने में मदद कर सकते हैं।

### स्किल निखारकर संपत्ति बढ़ाएं

बफे खुद जीवन भर सीखते रहे। वह अक्सर सेल्फ स्टडी के महत्व पर जोर देते हैं। सीक्रेट मिलिनेयर्स क्लब के एक एपिसोड में उन्होंने कहा है कि सबसे अच्छा निवेश जो आप कर सकते हैं वह खुद में है। जितना अधिक आप सीखेंगे, उतना ही अधिक आप कमाएंगे। बफेट खुद रोजाना कई अखबार पढ़ते हैं और बच्चों को ज्ञान के प्रति जुनून विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। निरंतर सीखना लॉन्ग टर्म के लिए वित्तीय सफलता की कुंजी है।

### कारोबारी मानसिकता को प्रोत्साहित करें

बफे ने सिर्फ छह साल की उम्र में च्यूइंग गम और कोक की बोतलें बेचकर पैसा कमाना शुरू कर दिया था। बच्चों को अपने खुद के बिजनेस आइडिया तलाशने के लिए प्रोत्साहित करें। फिर चाहे वह नींबू पानी का स्टॉल हो या ऑनलाइन स्टोर। इससे बच्चों को वित्तीय सिद्धांतों को जल्दी समझने में मदद मिलती है। पैरेंट्स मार्गदर्शन और यहां तक कि छोटा बिजनेस शुरू करने में मदद करने के लिए शुरुआती पैसा देकर बच्चों को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

# शेयर मार्केट से 113 लाख करोड़ निकालकर फुर्र हो गए विदेशी निवेशक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर मार्केट में इस समय बुरे दौर से गुजर रही है। पिछले कुछ महीनों में इसमें काफी गिरावट आ चुकी है। बीच में कुछ दिनों को छोड़ दें तो लगभग हर दिन इसमें गिरावट रही है। मार्केट में गिरावट का सबसे बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का मार्केट से पैसा निकालना रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट से 1.3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 113 लाख करोड़ रुपये) निकाल चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट से पैसा निकालकर चीन का रुख कर रहे हैं। इनके पैसा निकालने के कारण भारतीय शेयरों की कीमतें काफी गिर गई हैं। यही वजह है कि वैश्विक फंड मैनेजर अभी भी भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने से हिचकिचा रहे हैं।

**इस साल कितनी रकम निकाली?-** इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 15 बिलियन डॉलर (करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये) निकाल लिए हैं। साल 2022 में 17 बिलियन डॉलर निकाले गए थे, जो तब का रेकॉर्ड है। अगर विदेशी निवेशक इसी तरह भारतीय शेयर मार्केट से पैसा निकालते रहे तो साल 2022 का यह रेकॉर्ड टूट सकता है। इस बिकवाली से भारतीय शेयर बाजार का मूल्य 1.3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 113 लाख करोड़ रुपये) घट गया है।

### चीन में क्यों आई तेजी?

भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी, कंपनियों के मुनाफे में कमी और अमेरिका की ओर से लगाए जा सकने वाले टैरिफ की चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। एशियाई बाजारों में निवेश करने वाले व्यापारी अब सस्ते चीनी शेयरों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। चीनी शेयर बाजार में तेजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास की वजह से आई है।

### गंगा बहने लगी उल्टी

पहले माना जा रहा था कि निवेशक चीन से भारत की ओर आएंगे, लेकिन अब उल्टा हो रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर अब कोविड से पहले वाली धीमी गति पर लौट आई है। इसका एक बड़ा कारण लोगों का खर्च कम होना है।

### मार्च में भी निकासी जारी

मार्च में भी विदेशी निवेशकों की निकासी जारी है। 7 मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये निकाल लिए गए हैं। इस साल अब तक कुल 1.37 लाख करोड़ रुपये की निकासी हो चुकी है। बाजार के जानकारों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में बिकवाली की रफ्तार थोड़ी कम हुई है।

# एलन मस्क को अपनी जमीन दे रहीं बांग्लादेशी कंपनियां, स्टारलिंक के साथ काम करने को मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक बांग्लादेश में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने जा रही है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि कई बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ साझेदारी की है। ये कंपनियां स्टारलिंक के ग्राउंड अर्थ स्टेशन बनाने में मदद करेंगी।

इसके लिए बांग्लादेशी कंपनियों ने स्टारलिंक के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। अमेरिका से एक टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर टीम बांग्लादेश का दौरा कर रही है। यह टीम स्टारलिंक के साथ काम कर रही है। इस पार्टनरशिप में जमीन देना, निर्माण में सहायता और बुनियादी ढांचे के रखरखाव जैसे काम शामिल हैं। स्टारलिंक टीम के दौरे से बांग्लादेशी कंपनियों को उन जगहों के बारे में पता चला जहां स्टारलिंक काम करना चाहती है।



**कंपनियां दे रहीं अपनी जमीन-** कुछ जगहों पर कंपनियां स्टारलिंक को अपनी जमीन दे रही हैं। वहीं कुछ जगहों पर स्टारलिंक हाईटेक पार्क की संपत्ति पर विचार कर रही है। मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक फैज अहमद तैयब ने बताया कि जगहों और कार्यान्वयन के विवरण पर अभी बातचीत चल रही है।

तैयब को उम्मीद है कि स्टारलिंक से बांग्लादेश के शहरों और दूर-दराज के इलाकों में तेज इंटरनेट मिलेगा। उन्होंने उत्तरी क्षेत्रों और तटीय इलाकों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती या प्राकृतिक आपदाओं से कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा, हम अगले 90 दिनों में स्टारलिंक के साथ एक समझदार मॉडल लागू करने की कोशिश करते रहेंगे।

### मुहम्मद यूनुस ने लिखा था पत्र

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 19 फरवरी को एलन मस्क को एक पत्र लिखा था। उन्होंने मस्क को बांग्लादेश आने और स्टारलिंक सैटेलाइट सेवा शुरू करने का निमंत्रण दिया।

मुख्य सलाहकार ने मस्क से कहा कि बांग्लादेश की यात्रा से उन्हें युवा बांग्लादेशी पुरुषों और महिलाओं से मिलने का मौका मिलेगा। ये युवा इस तकनीक के मुख्य लाभार्थियों में से होंगे।

मुख्य सलाहकार ने अपने उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान को स्पेक्स टीम के साथ मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगले 90 दिनों में बांग्लादेश में स्टारलिंक शुरू करने के लिए जरूरी काम पूरा किया जाए।

### मस्क से हुई बातचीत

13 फरवरी को मुहम्मद यूनुस ने मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भविष्य में सहयोग और बांग्लादेश में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने पर चर्चा हुई। स्टारलिंक के आने से बांग्लादेश में इंटरनेट की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू होगा।

# कभी बेंगलुरु शांत शहर था... हर्ष गोयनका ने छेड़ी नई बहस, शेयर की नारायण मूर्ति और नंदन नीलेकणि की फोटो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने बेंगलुरु को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की है। इसमें उन्होंने बेंगलुरु के अतीत और वर्तमान की तुलना की है। साथ ही इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि और एनआर नारायण मूर्ति की फोटो भी शेयर की है। पोस्ट में उन्होंने बेंगलुरु के बदलाव पर बात की है।



गोयनका ने पोस्ट में उस समय को याद किया है जब बेंगलुरु एक शांत शहर था। सुबह कब्बन पार्क में सैर, प्रीमियर पद्मिनी में आराम से ड्राइव और दोपहर किताबों की दुकानों में बिताना आम बात थी। उन्होंने बताया कि कैसे कुछ आइआइटी ग्रेजुएट्स ने ढ्ढ्ञ बूम लाकर शहर को बदल दिया।

**क्या लिखा है पोस्ट में?-** गोयनका ने एक्स पर लिखा है, एक समय था जब बेंगलुरु एक शांत स्वर्ग था- सुबह कब्बन पार्क में सैर, प्रीमियर पद्मिनी में आराम से ड्राइव और दोपहर पुरानी किताबों की दुकानों में। फिर, कुछ होशियार आइआइटी को अपनी पत्नियों से कुछ शुरुआती पैसे मिले, और अब... हम गार्डन सिटी की हवा का आनंद लेने से ज्यादा समय आउटर रिंग रोड पर ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। प्रगति, वे इसे कहते हैं!

### यूजर्स ने क्या कहा?

गोयनका की इस पोस्ट पर लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ लोगों ने नीलेकणि और मूर्ति का बचाव किया है। इन यूजर्स का कहना है कि बेंगलुरु का तेजी से बदलना लाजमी था।

वहीं कुछ ने शहर की खराब व्यवस्था को इसके बुनियादी ढांचे की समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। यूजर ने बेंगलुरु के दो फोटो शेयर किए हैं। एक फोटो साल 1991 का है, जिसमें बेंगलुरु में ग्रीनरी और खुली जगह दिखाई दे रही है। वहीं दूसरे फोटो में ऊंची-ऊंची इमारतें हैं।

# टूटे-फूटे सिरेमिक से नए प्रोडक्ट बनाता है अर्थ तत्व, कई ब्रांड लगे हैं लाइन में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइंस का एक नियम है- ऊर्जा को न तो खत्म किया जा सकता है और न ही पैदा। इसे एक रूप से दूसरे रूप में बदला जा सकता है। ऐसा ही कुछ जगह-जगह पड़ी खराब चीजों को लेकर भी है। ऐसे काफी लोग हैं जो दुनियाभर की खराब चीजों को नई चीज में बदल रहे हैं और इससे अच्छी कमाई कर रहे हैं। इन्हीं में शशांक निमकर भी शामिल हैं।

शशांक निमकर अर्थ तत्व के फाउंडर हैं। इनकी कंपनी टूटे-फूटे सिरेमिक को फिर से नई चीजों में बदलती है। इससे न केवल सिरेमिक के कचरे का सही इस्तेमाल हो रहा है बल्कि पर्यावरण को भी बचाने में मदद मिल रही है। शशांक की इस कंपनी में कई लोग काम करते हैं।

**पर्यावरण की रक्षा में सहयोग-** अर्थ तत्व कंपनियों से खराब सिरेमिक सामान लेता है। इस सामान को फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाता है। शशांक कहते हैं, हमारा पेटेंट वाला रिसाइकिल सिरेमिक मटेरियल प्राकृतिक संसाधनों की खुदाई को 60 फीसदी तक कम करता है। इससे पर्यावरण की रक्षा करने में मदद मिलती है। पारंपरिक सिरेमिक से 35 फीसदी अधिक मजबूत है। इसे पकाने के लिए कम एनर्जी की आवश्यकता होती है।



**कैसे हुई अर्थ तत्व की शुरुआत-** शशांक ने साल 2016-19 में अहमदाबाद के एक इंस्टीट्यूट से सिरेमिक और ग्लास डिजाइन का कोर्स किया था। पढ़ाई के दौरान सिरेमिक कंपनियों का दौरा किया। वहां उन्होंने देखा कि टूटे-फूटे सिरेमिक प्रोडक्ट का काफी कचरा इकट्ठा था। यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते।

कुछ रिसर्च के बाद उन्होंने पाया कि भारत में कुल सिरेमिक प्रोडक्शन का करीब 15 से 30 फीसदी बर्बाद जाता है। उन्होंने इस कचरे को रीसाइकिल करने के बारे में प्लान बनाया। साल 2020 में गुजरात सरकार की ओर से 20 लाख रुपये का अनुदान मिला। इसके बाद साल 2021 में उन्होंने अर्थ तत्व की शुरुआत कर दी।

**कैसे काम करती है कंपनी?-** इनकी कंपनी सिरेमिक कचरे को ढालने योग्य मिट्टी में बदलती है। इसके बाद इसमें शुद्ध मिट्टी मिलाई जाती है। यह नेचुरल बाइंडर के रूप में काम करती है। फिर इसे कई और प्रोसेस से गुजारा जाता है और इससे एक नया घोल तैयार किया जाता है। इस घोल से सिरेमिक के दूसरे नए आइटम बनाए जाते हैं।

**कितनी है कमाई?-** इनकी कंपनी कई जगह रीसाइकिल सिरेमिक से बने प्रोडक्ट बेच रही है। काफी ग्राहक इनसे रीसाइकिल मिट्टी भी खरीदते हैं। इस मिट्टी पर कई तरह के डिजाइन तैयार किए जाते हैं। कई बड़े ब्रांड भी इनके साथ काम करने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं।

शशांक की कारोबार में चार लोग काम करते हैं। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इन्हें वह 10 हजार रुपये प्रति महीने की सैलरी भी देते हैं।

# टाटा कैपिटल का प्लान, टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद दाखिल करेगी आईपीओ दस्तावेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी मिलने के बाद आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल कर सकती है। मामले में सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के अंतिम आदेश का इंतजार है। आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) का होगा।




सूत्रों ने बताया इस आकार के लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन करीब 11 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। सूत्रों ने कहा कि एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक मिल सकता है। कंपनी को दस्तावेजों के मसौदे के बारे में भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है।

टाटा कैपिटल को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी को आईपीओ के लिए अपने निदेशक मंडल की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। कंपनी आईपीओ के तहत 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कुछ मौजूदा शेयरधारकों की तरफ से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी।

आईपीओ के अलावा टाटा कैपिटल ने सार्वजनिक सूचीबद्धता से पहले अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिये कोष जुटाने की योजना की भी घोषणा की है। यदि सार्वजनिक निर्गम सफल रहता है, तो यह देश के वित्तीय क्षेत्र के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम में से एक होगा। नवंबर, 2023 में टाटा टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता के बाद हाल के वर्षों में यह टाटा समूह का दूसरा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सूचीबद्धता जरूरतों को पूरा करने के प्रयास का हिस्सा है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 09-03-2025 21:56 Page 1



# देवघर में होलिका दहन के बाद होगा हरि और हर का मिलन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। देवघर परंपराओं का शहर है। यहां सालों भर धार्मिक अनुष्ठान एवं पर्व त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। 12 ज्योतिलिंगों में एकमात्र ऐसी ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ का मंदिर है जहां पर हरी और हर का मिलन होता है।

मान्यता है कि होलिका दहन के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में हरी और हर का मिलन हुआ था। हरि का मतलब है भगवान विष्णु, हर का मतलब है बाबा बैद्यनाथ। ये मिलन होली के मौके पर कराया जाता है। इस परंपरा की शुरूआत रावण के द्वारा आत्म लिंग को लंका ले जाने से जुड़ी हुई है।

जिस समय रावण आत्म लिंग लेकर लंका जा रहे थे, उस वक्त लिंग को धारण करने से पहले भोलेनाथ ने रावण से कहा था कि जहां पर मेरा आत्म लिंग धरती पर स्पर्श करोगे, मैं वहीं पर स्थापित हो जाऊंगा।

कैलाश से निकाल कर जब वे हार्दिकी वन, जो वर्तमान में हरला जोड़ी के नाम से जाना जाता है, वहां पर रावण को तीव्र लघुशंका लग गई। आसपास में घने जंगल निर्जन स्थल होने के कारण कोई नहीं दिखाई पड़ रहा था। उसी समय भगवान विष्णु चरवाहे के रूप में प्रकट हुए।

रावण ने उन्हें देखकर आत्म लिंग पकड़ने के लिए कहा। इस पर भगवान विष्णु ने कहा कि महाराज यह तो बहुत भारी है मैं ज्यादा देर तक पकड़ कर नहीं रह सकता हूं, इसलिए जल्दी आ जाइएगा।

रावण के बहुत देर तक लघु शंका में रहने के कारण भगवान विष्णु अपनी माया से वहां से निकलकर माता सती का जहां पर हृदय गिरा था, वहां पर बाबा बैजनाथ को स्थापित कर दिया। वह दिन फागुन पूर्णिमा का दिन था। तभी से बाबाधाम ने हरी और हर का मिलन की परंपरा चली आ रही है।

देवघर के लोग इस दिन को बाबा बैद्यनाथ की स्थापना दिवस के रूप में भी धूमधाम से मनाते हैं। इस बार 13 मार्च को हरिहर मिलन रात्रि 11:30 बजे होगा। इससे पूर्व रात 10:50 बजे पर होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। बाबा धाम में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

बाबा मंदिर प्रांगण स्थित राधा कृष्ण मंदिर से 13 मार्च को शाम चार बजे डोली निकाली जाएगी। जिस पर राधा कृष्ण की मूर्ति को बिठाकर बाबा मंदिर में परिक्रमा करने के बाद आजाद चौक स्थित दोल मंच पर उसे विराजमान कराया जाएगा। जहां पर भक्त राधा कृष्ण की मूर्ति पर अबीर-गुलाल अर्पित करेंगे एवं भंडारी परिवार के द्वारा झूला झुलाया जाएगा। वहीं, दोल मंच के नीचे रात्रि 10:50 बजे पर विधिवत होलिका दहन के लिए विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के अंत में आहूति दी जाएगी।

इसके पश्चात भगवान श्री हरि और राधा गोपाल को पालकी पर बिठाकर नगर भ्रमण करते हुए बाबा मंदिर 11:50 बजे पर पहुंचेंगे, जहां पर हरी और हर का मिलन कराया जाएगा।

इसके बाद बाबाधाम में होली शुरू हो जाएगी। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। होलिका दहन की विशेष पूजा के बाद ही हरिहर मिलन करने की परंपरा है।

तीर्थ पुरोहित विनोद दत्त द्वारी बताते हैं कि होलिका दहन के बाद ही हरी और हर का मिलन कराया जाता है। इसी दिन श्री हरि विष्णु के द्वारा बाबा बैद्यनाथ की स्थापना की गई थी। इसलिए देवघर के लोग बाबा बैजनाथ की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाते हैं।

होलिका दहन के दिन हिरण्यकश्यप दैत्य के द्वारा अपनी बहन की मदद से प्रहलाद को जलाने के लिए होलिका को बुलाया था। जिसको वरदान था कि वह आग में नहीं जलेगी। इस कारण से प्रहलाद को अपने गोद में लेकर आग में बैठ गई थी।

लेकिन श्री हरि के कृपा से अनन्य भक्त प्रहलाद आग में नहीं जले और उनकी बुआ आग में जलकर भस्म हो गई ।

उसी दिन से यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाने लगा। शहर के विभिन्न हिस्सों में होलिका दहन को लेकर खुले मैदान में तैयारी की जा रही है।

लोग अपने-अपने घरों से पूजन सामग्री गोबर से बने पुतले एवं लकड़ी आदि की व्यवस्था में जुट गए हैं।

वहीं, पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने बताया कि सात मार्च से ही होलाष्टक शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में सुदूर इलाकों में लोग होलाष्टक की पूजा-अर्चना करते हैं। होलिका दहन के साथ यह अनुष्ठान पूर्ण होता है। जिसमें दान पुण्य स्नान व्रत आदि का प्रावधान है। जो लोग यह अनुष्ठान करते हैं, उन्हें सुख समृद्धि वैभव की प्राप्ति होती है।

होलिका दहन के दिन होलिका दहन करने के बाद भस्म को पुरुष माथे पर तिलक के रूप में लगाते हैं और महिला गले में लगाती हैं।

# पुलिस के एक्शन से बालू माफिया में मचा हड़कंप

## बालू लदे 14 ट्रैक्टरों को किया जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा**। अंचल अधिकारी सारांश जैन तथा जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार द्वारा की गई संयुक्त छापामारी में परसाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से अवैध बालू परिवहन कर रहे चौदह ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। सभी जब्त ट्रैक्टर हजारीबाग जिले के अलग-अलग गांवों के बताए जा रहे हैं।

वहीं, प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। परसाबाद स्थित बराकर नदी घाट से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर में अवैध बालू लोडकर परिवहन किया जाता है। इसके बाद हजारीबाग जिले के विभिन्न स्थानों पर ऊंचे दामों में इस बालू को बेचा जाता है।

बता दें कि जयनगर प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों से प्रतिदिन अवैध बालू का खनन और परिवहन किया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है। वहीं, आम लोगों को भी काफी ऊंचे दामों में बिचौलियों द्वारा बालू बेचा जा रहा है, जिससे अबुआ आवास बनाने वाले लाभुकों को काफी परेशानी उठानी पड रही है।

प्रखंड के करियावां, तमाय तथा लतबेधवा घाट से भी प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर से अवैध बालू परिवहन कर झुमरी तिलैया के विभिन्न स्थानों में अधिक दामों में बालू बेची जाती है।

जयनगर प्रखंड मुख्यालय के समीप से ही सरमाटांड नदी से बालू उठाव कर जयनगर में बेचा जा रहा है। बालू परिवहन करने वाले ट्रैक्टर को चालक द्वारा लाइट बंद कर काफी तेज गति से भगाया जाता हैं, जिससे किसी को इसका पता न लगे।



बालू के अवैध खनन की वजह से इन मार्गों में टैक्टरों की आवाजाही बनी रहती है, इससे सड़क पर आते-जाते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस सड़क से प्रतिदिन छात्र छात्राओं का भी स्कूल आना जाना होता है, जिससे खतरे की आशंका बनी रहती है।

आड़षा थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। हेसला गांव के पास सड़क पर पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को रोकने का संकेत दिया तो दोनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गए।

पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर-के ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रयास करने के बाद भी बालू तस्करी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है।

# सांसद ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में झलका रंगारंग उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। रंगों का त्योहार होली नजदीक है, और राजधानी रांची में भी होली की रंगत छा गई है। इसी अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस अवसर पर कहा कि सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल है। यह त्योहार विश्वभर में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। जैसे जीवन में अनेक रंग होते हैं, वैसे ही होली के रंग हमें आनंद और उमंग से भर देते हैं।

उन्होंने कहा कि यह त्योहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रयागराज में कुंभ स्नान में 68 करोड़ लोगों की भागीदारी इसका उदाहरण है। प्रधानमंत्री का संदेश है



कि हमें अपने खान-पान में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए, जिससे हमारा स्वास्थ्य बेहतर बना रहे।

इस अवसर पर फूलों की होली और गुलाल-अबीर से सराबोर होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। भजनों और होली गीतों के साथ हास्य कविताओं ने माहौल को और उल्लासमय बना दिया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण के रूप में नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया गया।

इस कार्यक्रम में नगर विधायक सी. पी. सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, सुदेश महतो, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, मुकेश काबरा, राज वर्मा, ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद सारस्वत, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, बिंदेश्वर प्रसाद, सुरेश पांडेय, ललन श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, ललित ओझा, डॉ. रवि भट्ट, नंदकिशोर अरोड़ा, रविंदर मोदी, बलराम सिंह, संजीव चौधरी, सतीश सिन्हा, कमलजीत सिंह संटी, संजय पोद्दार, कुमुद झा, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत मित्तल, संतोष सेठ, अमित चौधरी, महेश पोद्दार, आदित्य मल्होत्रा, नवजोत अलंग, किशन साबू, पवन मंत्री, सुरेश सिंह, हरेंद्र सिंह, शशि सिंह, बिरंचि साव, अशोक मुंडा, ओम प्रकाश पांडेय, सोमरा उरांव, नीलम सिंह, एच. डी. सिंह, आनंद श्रीवास्तव, संजय सराफ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक ने नृत्य के जरिए महिलाओं को किया प्रेरित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपने हुनर को भूल जाते हैं, लेकिन पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने महिला दिवस के मौके पर एक खास संदेश दिया है। उन्होंने नृत्य के जरिए महिलाओं को प्रेरित किया और अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

अंबा प्रसाद ने अपने पोस्ट में महिलाओं से अपने हुनर को न छोड़ने की अपील की। उन्होंने नृत्य की एक झलक दिखाते हुए कहा ₹ये नृत्य है नारी के संघर्ष और शक्ति की कहानी, हर लय, हर ताल में उसके हौसले की रवानी।₹ इस पोस्ट को देखकर उनके समर्थक और अन्य लोग भी उनके इस नए अंदाज की तारीफ कर रहे हैं।

समाज में अक्सर महिलाओं को उनके सपनों से पीछे हटने पर मजबूर किया जाता है। ऐसे में अंबा प्रसाद ने अपने हुनर के जरिए महिलाओं को प्रेरित करने की कोशिश की है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसे खूब सराह रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता की बेरहमी से पिटाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरलंगा (रामगढ़)**। गोला प्रखंड क्षेत्र के अतिसूदूरवर्ती बरलंगा और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी विकास आर्यन और सअनि मंगल उरांव सोनडीमरा निवासी जितेंद्र महतो को शुक्रवार की रात घर से उठाकर थाना ले आए। घर से उठाकर थाना ले आने के बाद उसकी बेरहमी से लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की गई। पिटाई से जितेंद्र महतो घायल हो गया। जितेंद्र महतो ने इसकी लिखित सूचना विधायक ममता देवी को दी। जितेंद्र कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैं।

बताया जाता है कि सरगडीह पंचायत के ग्राम डीमरा में वार्ड सदस्य रुपा देवी के पति विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में जिओ टैग का काम किया जा रहा था। इस संबंध मे जितेंद्र ने कहा कि आप प्रतिनिधि नहीं, जो प्रतिनिधि है उसे बुलाइए। इसी बात को लेकर जितेंद्र को पुलिस मारने लगी।

जितेंद्र ने शिकायत में बताया कि थाना प्रभारी ने मुझे घर से घसीटते हुए जबरन अपने गाड़ी में बैठाया और गाड़ी में बैठाने के बाद भी जमकर मारा।

इतना ही नहीं थाना ले जाकर मुझे थाना प्रभारी और थाना के सअनि मंगल उरांव, कमल भगत के द्वारा लाठी-डंडे से जमकर पीटा गया, जिससे मैं बेहोश हो गया। पुनः जब मुझे होश आया तो, उन्होंने मुझे फिर से मारा। जितेंद्र ने बताया कि होश आने पर पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन पुलिस ने उसे पानी तक नहीं दिया।

घटना की सूचना मिलते ही विधायक ममता देवी बरलंगा थाना पहुंचीं और दो घंटे थाना में बैठी रहीं। थाना से ही एसपी और एसडीपीओ से दूरभाष पर बात कर थाना प्रभारी को अविलम्ब सस्पेंड करने की मांग की।

इस संबंध मे एसपी ने भरोसा दिलाया है कि निश्चित कारवाई की जाएगी। एसपी के द्वारा भरोसा दिलाने के बाद विधायक रात्रि 9 बजे थाना से उठकर चली गई। विधायक ने थाना प्रभारी को कहा कि आप जैसे गलत अधिकारियों के चलते युवा बंदूक थामने पर मजबूर हो रहे।

कितनी बड़ी गलती किया था जो आप ने निर्दयी होकर एक इंसान को बेरहमी से पीटा। बताया जाता यह भी है कि यह सारा खेल थाना क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर राजनैतिक उद्देश्य को साधने के लिए किया गया है

विधायक ने कहा कि अगर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह पुनः अनशन पर बैठेंगी। मामले की जानकारी कांग्रेस कार्यकताओं ने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के. राजू को भी दी।

# सांसद ने किया मोबाइल मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा**। सांसद सुखदेव भगत ने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

सांसद ने इस अवसर पर कहा कि इस मिनी हॉस्पिटल के जरिये लोगों को त्वरित चिकित्सकीय सेवा उनके घर के पास उपलब्ध होगा। इसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निश्शुल्क होगी।

लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन, दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जाएगा। इस वैन की उपलब्धता कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसका संचालन एपीरोन संस्था द्वारा किया जा रहा है।

# होली में राज्यकर्मियों को सरकार का तोहफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कर्मियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कर्मियों को ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने एवं अपने आश्रितों की जानकारी देनी होगी।

इनके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम समय सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऑनलाइन नामांकन एसईएचआइएस डाट झारखंड डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से होगा।

पूर्व में आवेदन कर चुके पात्र तथा नए पात्र कर्मियों दोनों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहले चरण में राज्य कर्मियों का ही नामांकन होगा, जिनके लिए योजना एक मार्च से लागू है।पेंशनरों, बोर्ड-निगम के कर्मियों, विश्वविद्यालय शिक्षकों एवं कर्मियों, अंगीभूत कालेजों के शिक्षकों एवं कर्मियों तथा अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारियों के लिए यह योजना एक मई से लागू होनी है। इसलिए इनके लिए नामांकन प्रक्रिया बाद में शुरू होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन समर्पित होने के बाद वह संबंधित डीडीओ के पास सत्यापन के लिए चला जाएगा। डीडीओ द्वारा सत्यापन किए जाने के बाद आवेदक को बीमा कार्ड जारी किया जाएगा।

ऑनलाइन आवेदन के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर (पुराने आवेदक के लिए), कर्मी एवं आश्रितों का फोटो, जन्म तिथि, आधार नंबर, आफिस डिटेल जैसे नियुक्ति तिथि, कार्यालय का पता आदि तथा जीपीएफ नंबर देना अनिवार्य किया गया है। ज्ञात हो कि राज्य कर्मियों एवं उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज सूचीबद्ध अस्पतालों में होगा। गंभीर बीमारी की स्थिति में 10 लाख रुपये तक का इलाज होगा। इसमें एयर एंबुलेंस की निःशुल्क सेवा का भी प्रविधान किया गया है।

# गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती है। राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम



दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आठ माहसे वेतन का भुगतान नहीं, भुखमरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा**। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम को पिछले आठ माह से वेतन नही मिला है, जिसकी वजह से उनके समक्ष भुखमरी जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। दुकानदार राशन देने से इनकार कर दे रहे है। अगर एक या दो दिनों के भीतर वेतन नही मिलता है तो रंगों और भाईचारे का महापर्व होली फीकी रह जाएगी।

बताया गया कि जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में कुल ग्यारह एएनएम कार्यरत हैं, जिन्हें जुलाई-2024 से वेतन नही मिला है। सभी एएनएम कार्यालय के चक्कर लगाकर थक चुके है। सिविल सर्जन कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक भानू ज्योति आवंटन नही आने का बहाना बनाकर टाल रहे है।

पिछले एक माह से आवंटन भी आ चुका है। बावजूद इसके वेतन का भुगतान नही किया गया है। एएनएम का कहना है कि वेतन निकासी के एवज में कमीशन की मांग की जा रही है।

# महिला समूहों की महिलाओं ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। विधायक कल्पना सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विभिन्न समूहों से पहुंची महिलाओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन से मिलने पहुंची महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी कुछ मांगों एवं भावनाओं से अवगत कराया।

मौके पर विधायक सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बैंक खाते में ₹मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना₹ की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की



महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है।

मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

# लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चौकों-छक्कों की बारिश

## डब्ल्यूपीएलः यूपी वॉरियर्स ने डब्ल्यूपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, टूट गया स्मृति मंधाना एंड कंपनी का दिल, गत चैंपियन डब्ल्यूपीएल बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 18वें मैच में लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर शनिवार 8 मार्च (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) की रात चौके-छक्कों की बारिश हुई। टूर्नामेंट में क्वालिफिकेशन की रेस से पहले ही बाहर हो चुकी यूपी वॉरियर्स ने डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी पूरा जोर लगाया, लेकिन वह 12 रन पीछे रह गई।

आरसीबी को चमत्कार की जरूरत थी। ऋचा घोष और स्नेह राणा ने अपनी अविश्वसनीय बल्लेबाजी से लगभग कर ही दिया था, लेकिन दीप्ति शर्मा की अगुआई वाली यूपी वॉरियर्स ने जीत का रास्ता खोज लिया। यूपी वॉरियर्स ने गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ऐसी ही जीत चिन्नास्वामी में एक रोमांचक मुकाबले में हासिल की थी। आरसीबी के लिए यह हार इसलिए भी दुखद है क्योंकि वह क्वालिफिकेशन की रेस से बाहर हो गई।

यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैच में 18 छक्के लगे, जो डब्ल्यूपीएल मैच में दूसरे सबसे ज्यादा हिट हैं। इससे पहले 2024 में बेंगलुरु में रॉयल





चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच में 19 छक्के लगे थे। इस मैच में 71 चौके लगे, जो डब्ल्यूपीएल के किसी भी मैच में सबसे ज्यादा हैं। डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

इस तरह दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। यूपी वारियर्स ने जॉर्जिया वॉल (नाबाद 99 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक से डब्ल्यूपीएल में अपने अंतिम मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 12 रन से जीत हासिल कर सीजन का सम्मानजनक समापन किया। जॉर्जिया वॉल प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। जॉर्जिया वॉल डब्ल्यूपीएल इतिहास में सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली खिलाड़ी भी बनीं। डिवाइन ने 2023 में आरसीबी के खिलाफ ही 99 रन की पारी खेली थी।

यूपी वारियर्स ने 5 विकेट पर 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने शानदार बल्लेबाजी की, लेकिन टीम 19.3 ओवर में 213 रन पर ऑलआउट हो गई। विकेटकीपर ऋचा घोष ने 33 गेंद में 69 रन, एलिस पैरी ने 15 गेंद में 28 रन, एस मेघना ने 12 गेंद में 27 रन और स्नेह राणा ने 6 गेंद में 26 रन बनाये। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और सोफी एक्लेस्टोन ने 3-3 विकेट झटके, जबकि चिनेल हेनरी को 2 विकेट मिले।

## मोहाली में 5 अप्रैल को आईपीएल, टिकट की बुकिंग शुरू, महाराजा यादविंद्र स्टेडियम मुल्लांपुर में होगा मैच

### पंजाब और राजस्थान के बीच पहला मुकाबला



**चंडीगढ़, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी अपने होम ग्राउंड महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर मोहाली में होने वाले मैचों के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग (रविवार) दोपहर 1 बजे से शुरू की है। इस बार दर्शकों को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली को पहली बार इस मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलेगा। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के अधिकतर मैच धर्मशाला में होते थे, लेकिन इस बार धोनी और कोहली दोनों ही मुल्लांपुर स्टेडियम में पहली बार खेलते नजर आएंगे।

## कॉर्बिन बॉश मुंबई इंडियंस में पदार्पण के लिए तैयार



**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स घुटने की चोट के कारण आगामी आईपीएल से बाहर हो गए हैं जिससे गेंदबाजी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश मुंबई इंडियंस में उनकी जगह लेने के लिए तैयार हैं। बॉश (30 वर्ष) ने 86 टी20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 59 विकेट लिए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 81 है। उन्होंने अभी तक आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है। लेकिन उन्होंने दक्षिण अफ्रीका 2020 में मुंबई इंडियंस केप टाउन के खिताब जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इस अभियान के दौरान 11 विकेट लिए।एमआई ने एक बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स चोट के कारण आगामी टाटा आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं और मुंबई इंडियंस ने उनके स्थान पर उनके हमवतन कॉर्बिन बॉश को अनुबंधित किया है। पिछले साल पदार्पण करने के बाद एक टेस्ट और दो वनडे में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने वाले बॉश को चोटिल एनरिक नॉर्किया की जगह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। वह पहले राजस्थान रॉयल्स में नेट गेंदबाज के रूप में टीम का हिस्सा थे।कॉर्बिन बॉश पूर्व दक्षिण अफ़्रीकी तेज गेंदबाज़ टर्टियस बॉश के पुत्र हैं, जिन्होंने 1992 में दक्षिण अफ़्रीका के लिए एक टेस्ट मैच और दो एकदिवसीय मैच खेले थे। वह वास्तविक ऑलराउंडर के रूप में बहुमुखी प्रतिभा, बल्ले और गेंद से प्रभावशाली योगदान देने में सक्षम हैं। दक्षिण अफ्रीकी पिचों का अच्छा अनुभव है जो भारतीय परिस्थितियों में अच्छी तरह से काम आ सकती है। खासकर उछाल वाली पिचों पर। मुंबई इंडियंस, जो अपनी मजबूत तेज गेंदबाजी इकाई के लिए जानी जाती है, जिसमें जसप्रीत बुमराह जैसे सितारे शामिल हैं, संभवतः बॉश इसे और मजबूत कर सकते हैं।



## ऑटिस गिब्सन केकेआर के सहायक कोच बने

**कोलकाता, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ऑटिस गिब्सन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के लिए अपना सहायक कोच बनाया है। वह रयान टेन डेशकाटे की जगह लेंगे, जो अब भारत के सहायक कोच हैं।

गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं। इससे पहले केकेआर ने ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटॉर बनाया था। टीम के मुख्य कोच अभी भी चंद्रकांत पंडित हैं, जबकि बी अरूण, चार्ल क्रो और नेथन लीमॉन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य हैं। गिब्सन संन्यास लेने के बाद लगातार कोचिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। 2007 में वह इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच थे। इसके बाद वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच बने। इसके बाद वह फिर से इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच बने और फिर इसी भूमिका में बांग्लादेश टीम के साथ गए। वह कई फ्रेंचाइजी लीग में भी कोचिंग कर चुके हैं।

### इंडियन वेल्स

## 5 बार के चैंपियन जोकोविच पहले मैच में हारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को रविवार (आईएसटी) को इंडियन वेल्स ओपन के पहले दौर में लकी लूजर बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपनी बढ़ती हुई दिग्गज किलिंग प्रतिष्ठा में इजाफा किया। वह इंडियन वेल्स में जोकोविच को हराने वाले लगातार दूसरे लकी लूजर बन गए।

जोकोविच लगातार अपना तीसरा मैच हार गए, जो आखिरी बार 2018 में चोट से प्रभावित सीजन के हिस्से के रूप में हुआ था। उन्होंने 2025 में भी चोटों का सामना किया है, ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए ऑफिस का एक बुरा दिन था। मैं टेनिस के स्तर के लिए खेद व्यक्त करता हूं, क्योंकि मैं इन दिनों जिस तरह से अभ्यास करता हूं, वह बहुत ही खराब है। सेंटर कोर्ट और अन्य कोर्ट के बीच बहुत अंतर है। जोकोविच ने कहा, बॉल सेंटर कोर्ट पर कुछ सबसे ऊंचे क्ले कोर्ट से भी ऊंची उछल रही थी। अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में रिटायर होने, दोहा ओपनर में माटेओ बेरेटिनी से हारने और अब वैन डे जैन्डसचुल्प से हारने के बाद, यह दूसरी बार है जब जोकोविच 2008 सीजन (2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन-मियामी) की शुरुआत के बाद से लगातार तीन मैच हारे हैं।

एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर सबसे ज्यादा खिताब (40), फाइनल (59) और सेमीफाइनल (78) का रिकॉर्ड रखने वाले सर्ब मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में नडाल की बराबरी करने से चूक गए, हालांकि रिकॉर्डधारी नडाल के पास पहले से ही सबसे ज्यादा मास्टर्स खिताब हैं। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच के एक असामान्य रूप से त्रुटिपूर्ण शुरुआती सेट का फायदा उठाया और निर्णायक गेम में कुछ बेहतरीन शॉट-मेकिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो घंटे एक मिनट में जीत हासिल की। शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी आठवीं जीत हासिल करके, वैन डे जैन्डसचुल्प ने 2025 में पहली बार एटीपी टूर पर लगातार दो जीत दर्ज की। हालांकि, वैन डे जैन्डसचुल्प की प्रतिष्ठा इतालवी से कहीं ज्यादा है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सीजन में कार्लोस अल्काराज और राफेल नडाल को हराया था और गुरुवार को निक किर्गियोस पर जीत हासिल की।



### संन्यास लें या न लें

## अगले आईसीसी टूर्नामेंट में नहीं दिखेंगे भारत के ये 3 दिग्गज







**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन अटकलों को खारिज भी किया, लेकिन इन सभी सवालों के जवाब के लिए ज्यादा इंतजार करने की जरूरत नहीं है। एक बात तय है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा संन्यास लें या न लें भविष्य में तीनों शायद ही आईसीसी टूर्नामेंट में दिखें। कम से कम अगले आईसीसी टूर्नामेंट में तो तीनों नहीं दिखेंगे, जो 2026 में होना। ये खिलाड़ी उम्र के उस पड़ाव पर हैं कि वे शायद ही 2027 तक खेलें।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नहीं दिखेंगे दिग्गज

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद 1 साल के अंदर 1 आईसीसी फाइनल और 1 आईसीसी टूर्नामेंट होना है। जून में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 खेला जाएगा। भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर न्यूजीलैंड के खिलाफ और फिर ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारकर लॉर्ड्स का टिकट बुक नहीं करा पाई। यही वजह है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। साल 2026 में भारत और श्रीलंका की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप होना है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा इसमें खेलते नहीं दिखेंगे। वजह साफ है तीनों टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं।

### क्या 31 महीने तक खेल जारी रख पाएंगे ये दिग्गज

2027 वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवंबर में होगा यानी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल के बाद 31 महीने का समय। रोहित शर्मा 30 अप्रैल को 38 साल के हो जाएंगे। 31 महीने बाद उनकी उनकी उम्र 40 साल से ज्यादा होगी। रविंद्र जडेजा 6 दिसंबर को 37 के हो जाएंगे। वह 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक 39 साल के हो जाएंगे। विराट कोहली 5 नवंबर को 37 के हो जाएंगे। 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक उनकी उम्र भी 39 साल के आसपास होगी। इस उम्र तक खिलाड़ी संन्यास ले लेते हैं। एमएस धोनी 43 साल की उम्र में आईपीएल खेल रहे हैं, लेकिन उन्होंने भी अपना आखिरी वनडे जून 2019 में खेला था। रोहित, विराट और रविंद्र जडेजा तीनों के लिए सबसे बड़ा चैलेंज यह भी है कि अब ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला जाता और टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो जैसा ऑस्ट्रेलिया का दौरा रहा है और अगर इंग्लैंड दौरे पर वे खुद को साबित नहीं कर पाए तो शायद ही आगे खेलना जारी रख पाएं।

# मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर, आईपीएल के शुरूआती मैचों में बुमराह नहीं आएंगे नजर

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 शुरू होने में दो हफ्ते का वक्त है। इससे पहले मुंबई इंडियंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। जसप्रीत बुमराह को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी में अभी कुछ समय लग सकता है। भारत का यह टॉप तेज गेंदबाज आईपीएल से पहले या दूसरे सप्ताह तक बाहर रह सकता है। वह अप्रैल में मुंबई इंडियंस से जुड़ सकते हैं। बुमराह कमर के निचले हिस्से में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर रहने के बाद बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं।

बीसीसीआई सूत्र के हवाले से बताया,बुमराह की मेडिकल रिपोर्ट ठीक है। उन्होंने सीओई में गेंदबाजी फिर से शुरू कर दी है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वह अगले दो सप्ताह में आईपीएल की शुरुआत में गेंदबाजी कर पाएंगे। मौजूदा स्थिति के अनुसार वह अप्रैल के पहले सप्ताह में वापसी कर सकते हैं।

### धीरे-धीरे बुमराह को वर्कलोड बढ़ेगा

ऐसी स्थिति में बुमराह के मुंबई के लिए पहले तीन या चार मैच न खेलने की संभावना है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार बुमराह ने अभी तक पूरी ताकत से गेंदबाजी शुरू नहीं की है। सूत्र ने कहा, यह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर है। मेडिकल टीम धीरे-धीरे उनके वर्कलोड को बढ़ाएगी। जब तक वह कुछ दिनों तक बिना किसी परेशानी के पूरी ताकत से गेंदबाजी करने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक मेडिकल टीम द्वारा उन्हें मंजूरी दिए जाने की संभावना नहीं है। संयोग से, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव के भी अप्रैल में आईपीएल में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

### इंग्लैंड दौरे पर निगाहें

इस बात को ध्यान में रखना होगा कि आईपीएल के तुरंत बाद भारत को इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अंतिम लक्ष्य बुमराह को इंग्लैंड में अधिक से अधिक टेस्ट मैचों के लिए फिट रखना है। रोहित शर्मा के टेस्ट कप्तान बने रहने को लेकर अनिश्चितता के बीच बुमराह को कप्तानी की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है। पता चला है कि बुमराह और मोहम्मद शमी के चोटिल होने की संभावना के कारण चयनकर्ता इंग्लैंड के पूरे दौरे की योजना इन दो तेज गेंदबाजों के इर्द-गिर्द नहीं बनाना चाहते हैं।





## संक्षिप्त समाचार

### हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए भी मिलेगी फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए भी 10 मार्च से उड़ान मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस को ही इसके लिए अनुमति मिली है। हिंडन से रोजाना मुंबई के लिए विमान उड़ेगा और मुंबई से यहां पहुंचेगा। 10 मार्च को ही बेंगलुरु के लिए दिन में दूसरी उड़ान की भी शुरुआत हो रही है। हिंडन एयरपोर्ट से इस समय आदमपुर, नांदेड़, किशनगढ़, लुधियाना और बठिंडा की घरेलू उड़ान और बेंगलुरु, गोवा और कोलकाता की व्यावसायिक उड़ान चल रही है। मुंबई हिंडन एयरपोर्ट से जुड़ने वाला नौवां शहर होगा। 10 मार्च को मुंबई से पहली बार विमान हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार मुंबई से सुबह साढ़े नौ बजे उड़ान शुरू होगी और दोपहर 12-10 बजे विमान हिंडन पर उतरेगा। वापसी में दोपहर एक बजे विमान हिंडन से उड़ान भरेगा और शाम पौने चार बजे मुंबई पहुंचेगा। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि हिंडन की कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। यात्रियों का अच्छा रेस्पान्स मिल रहा है, जिसके चलते आने वाले समय में इसके कनेक्टिविटी में और इजाफा होगा। 10 मार्च से हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान की शुरुआत हो रही है। इसी माह हिंडन से चेन्नई, जम्मू और भुवनेश्वर के लिए भी उड़ान शुरू होने वाली है

### दिल्ली पुलिस की महिला सिपाही से दुष्कर्म, साथी ने ही लूटी आबरू; गर्भवती कर छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में दिल्ली पुलिस की एक महिला कॉन्स्टेबल ने विभाग के ही एक कॉन्स्टेबल पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर वजीराबाद थाने में शुक्रवार को आरोपी कॉन्स्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल रंजना (परिवर्तित नाम) रोहतक की रहने वाली है। उसकी शादी दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल से हुई थी। 2018 में पति की मौत के बाद वर्ष 2019 में उसे दिल्ली पुलिस में बतौर कॉन्स्टेबल अनुकंपा नियुक्ति मिली। एफआईआर के अनुसार, वर्ष 2022 में आईपीएल मैच की ड्यूटी के दौरान पीड़िता की मुलाकात रोहतक के ही रहने वाले कॉन्स्टेबल मोनू से हुई। मोनू सिक्योरिटी लाइन में तैनात था। एक ही इलाके के होने के कारण उन दोनों में बातचीत होने लगी। पीड़िता ने बताया कि बीते साल दिसंबर में वह अपनी सहेली और उसके पति के साथ फिल्म देखने गई थी। उनके साथ कॉन्स्टेबल मोनू भी था। फिल्म देखने के बाद मोनू भी पीड़िता के वजीराबाद स्थित फ्लैट पर आ गया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### 50 करोड़ का कैश और सोना मिला, 600 करोड़ के सबूत; दिल्ली-नोएडा में बड़ी छापेमारी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों के ठिकानों पर शनिवार को चौथे दिन भी आयकर विभाग की जांच जारी रही। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक की बरामदगी हो चुकी है, जिसमें कैश और सोना-चांदी शामिल है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, फ्लैटों की बिक्री में 600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि नकद में लेने के पुख्ता सबूत मिले हैं।ग्रुप की गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली की करीब छह परियोजनाओं के फ्लैटों की बिक्री में ये रकम ली गई। अलग-अलग ठिकानों से 10 करोड़ रुपये नकद, 40 करोड़ से अधिक कीमत के जेवरात और बुलियन बरामद किए गए। सूत्रों का कहना है कि ग्रुप और उसकी सहयोगी कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ अभी जारी है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि जांच जारी है। ऐसे में बरामदगी में वृद्धि होने की संभावना है। आयकर विभाग की 30 टीमों ने काउंटी ग्रुप और उससे जुड़ी कंपनियों के नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली और कोलकाता में 30 ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापेमारी की थी। आयकर विभाग के सूत्रों का कहना है कि ग्रुप और उसकी सहयोगी कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ जारी है। जांच में कोलकाता में चार से पांच शेल कंपनियों का खुलासा हुआ है। टीमें दस्तावेज खंगाल रही है। इन कंपनियों के जरिए मोटी रकम को घुमाया गया।

# यूपी के नेता राजा भैया के खिलाफ दिल्ली में एफआईआर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। भानवी सिंह पिछले काफी समय से अपने पति से अलग दिल्ली में रह रही हैं।

भानवी कुमारी सिंह की ओर से दिल्ली पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में अपने पति रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 498 के तहत यह एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में फिलहाल आगे की जांच जारी है।

दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह मामला पहले क्राइम अगेंस्ट वुमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी गया था। इसके बाद जब यह मामला थाने आया तो केस दर्ज किया गया है।

एफआईआर के मुताबिक, भानवी सिंह ने अपनी शिकायत कहा है कि मेरे पत्नी रघुराज प्रताप सिंह पिछले कई वर्षो से मेरे खिलाफ शारीरिक और मानसिक क्रूरता कर रहे हैं और हाल की मेडिकल रिपोर्ट से यह साबित होता है कि मेरे पति द्वारा किए गए शारीरिक शोषण के कारण मेरे अंग क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे मेरी जान को खतरा है।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपने पति के खिलाफ क्रूरता और हिंसा के खिलाफ एनसीडब्ल्यू और डीएएलएसए के समक्ष 20 मार्च 2023 को भी शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि, इस उम्मीद में कि चीजें बदल जाएंगी और मेरा विवाहित जीवन फिर से शांतिपूर्ण हो जाएगा, मैंने उक्त शिकायत वापस ले ली थीं। हालिया मेडिकल रिपोर्ट और पिछले एक साल से निरंतर जारी क्रूरता ने मुझे और अधिक और आघात पहुंचाया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि दिल्ली और यूपी में दोनों पक्षों के बीच कई मामले लंबित हैं। हालांकि, हाल की रिपोर्टों और दूसरे पक्ष द्वारा मुझे मिली मौत की धमकियों ने मुझे अपने जीवन की सुरक्षा के लिए वर्तमान शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया है। हाल ही में दी गई मौत की धमकियों का विवरण भी उक्त शिकायत का हिस्सा है।

भानवी सिंह के द्वारा कहा गया है कि मेरी शादी के 30 वर्षों में मेरे पति द्वारा कई बार मुझे शारीरिक और मानसिक क्रूरता का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरा विवाह 17.02.1995 को राजभवन, पुरानी बस्ती, उत्तर प्रदेश में हिंदू रीति-रिवाजों और समारोहों के अनुसार संपन्न हुआ था। मैं और मेरे पति दोनों ही एक पुराने शाही परिवार से हैं और मेरे पति एक शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वह अवध के भदरी एस्टेट से हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक हैं, और उनके पास पर्याप्त राजनीतिक प्रभाव है।

भानवी सिंह ने कहा कि मैं भी बस्ती के पूर्व राजघराने से ताल्लुक रखती हूं। हमारे शाही वंश का उल्लेख मेरे द्वारा जीए गए अत्यंत रूढ़िवादी और संरक्षित जीवन को उजागर करने के लिए है। साथ ही मेरे पति एक पारंपरिक रूढ़िवादी व्यक्ति शक्ति हैं।

उन्होंने आगे कहा कि शादी के बाद मुझे अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी और अपने पति और उनकी मां के साथ रहने के लिए बैती स्थित अपने ससुराल जाना पड़ा, जहां मैं बाल्टी कोठी, कुंडा, प्रतापगढ़, यूपी में रहती थी। यह बताना जरूरी है कि मेरे पति के पिता भदरी में रहते थे, जो हमारे ससुराल से पंद्रह मिनट की दूरी पर है। हालांकि, मेरे पति के पास अपने परिवार के साथ रहने का विकल्प होने के बावजूद, वह ज्यादातर समय अपनी पत्नी और माता-पिता से दूर शाहनजफ रोड, लखनऊ स्थित अपने पैतृक घर में बिताते थे, उनका दावा था कि उन्हें लखनऊ में काम है। जबकि मेरे पति कई महीने लखनऊ में बिताते थे, मैं ज्यादातर समय ससुराल में ही रहती थी, घर और अपनी सास की देखभाल करती थी, उनकी जरूरतों को पूरा करती थी। हालांकि, मैंने इस बारे में कभी कोई असंतोष व्यक्त नहीं किया और हमेशा एक कर्तव्यनिष्ठ पत्नी और बहू रही हूं। मैंने ससुराल में हमेशा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने का प्रयास किया, तथा अपनी जरूरतों से अधिक अपने पति और ससुराल वालों की खुशी और संतुष्टि को प्राथमिकता दी।

एफआईआर के अनुसार, भानवी ने आरोप है कि शादी के तुरंत बाद, मुझे एहसास हुआ कि मेरी सास अपने बेटे के साथ-साथ घर के कामकाज पर भी बहुत ज्यादा अधिकार जताती थीं और उसे कंट्रोल करती थीं। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ जब मेरी सास मेरे पति के बैती में रहने पर भी हमारे कमरे में सोने पर जो देती थीं, जो एक विवाहित जोड़े को दी जाने वाली प्राइवेस के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा दर्शाता था। मैंने अपनी सास के प्रति अत्यधिक सम्मान के कारण इस बारे में कभी भी असंतोष का एक शब्द भी नहीं कहा। मुझे यह भी लगा कि, एक नवविवाहित के रूप में मैं इसका विरोध नहीं कर सकती थी और उम्मीद करती थी कि समय के साथ बेहतर समझ विकसित होगी।

इस तरह की सोने की व्यवस्था जारी रही, जिससे मुझे बहुत असहज महसूस हुआ। जून/जुलाई 1995 के आसपास एक या दो मौकों पर जब मैं आधी रात को जागती थी, तो मैं अपनी सास को खड़ी होकर हमारे ऊपर नजर रखती पाती थी, जो परेशान करने वाला था। हमारे बीच निजी पल बहुत कम थे, केवल मेरे पति की इच्छा पर ही होते थे, जब वे अपनी मां को कमरे से बाहर जाने के लिए कहते थे। उन्होंने कहा कि यह भी परेशान करने वाली बात थी कि मेरे पति, उच्च शिक्षित होने के बावजूद, एक रूढ़िवादी और पारंपरिक जीवन शैली का पालन करते थे।

## संवैधानिक पद पर थीं, उन्हें कुछ तो; महिला समृद्धि योजना पर दिल्ली भाजपा चीफ का आतिशी को जवाब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी के महिला समृद्धि योजना पर सवाल उठाने पर आज जवाब दिया। पूर्व दिल्ली सीएम आतिशी ने कहा था कि 8 मार्च को दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपये आने थे, लेकिन केवल कमेटी बनी। इसपर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वह खुद सीएम रही हैं, संवैधानिक पद पर थीं, उन्हें कुछ कानूनी प्रक्रिया तो मालूम होगी। उनके बयान से हताशा और निराशा दिख रही है।

लोधी गार्डन में एक कार्यक्रम में पहुंचे दिल्ली बीजेपी चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बार-बार आतिशी को कार्यवाहक मुख्यमंत्री कहा। मुझे आतिशी के बयान में निराशा और हताशा ज्यादा नजर आ रही है,वे खुद एक संवैधानिक पद पर रही हैं,उन्हें कुछ कानूनी प्रक्रिया के बारे में पता होना चाहिए। किसी भी योजना के लिए बजट स्वीकृत होना जरूरी है,जिसके लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी है। हमने कल वह काम किया। इसके लिए 5100 करोड़ रुपये आवंटित किए। हमारी प्रतिबद्धता है कि हम हर वादा पूरा करेंगे। अरविंद केजरीवाल और आतिशी पर निशाना साधते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जितने गड्ढे केजरीवाल और आतिशी मार्लेना छोड़ कर गई हैं, उन्हें भरने में समय लगेगा। हमारा लक्ष्य है कि हम दिल्लीवालों से किए हर वादे को पूरा करेंगे, इस दिशा में हमने कदम बढ़ा दिए हैं। सचदेवा ने कहा कि महिलाओं को उनके खाते में 2500 मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही दिल्ली में सीवेज की समस्या, पानी की समस्या, सड़कों की समस्या को भी ठीक करना है। वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी को पंजाब में 2100 रुपये महीना देने वाले वादे को याद दिलाते हुए कहा कि आप कृपा करके पंजाब की महिलाओं पर ध्यान दें, हम दिल्ली के लोगों का ध्यान रख लेंगे।

# शरजील इमाम ने भड़काने के लिए चालाकी से भाषण दिया, आरोप तय करते हुए बोली दिल्ली की अदालत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जामिया इलाके में वर्ष 2019 में हुए दंगे के मामले में आरोपी शरजील इमाम पर आरोप तय करते हुए अदालत ने कई महत्वपूर्ण बातें कही हैं। अदालत ने कहा है कि वरिष्ठ पीएचडी छात्र होने के चलते आरोपी शरजील ने अपने भाषण को चालाकी से पेश किया।

शरजील ने अपने समुदाय के अलावा अन्य समुदायों का उल्लेख करने से परहेज किया, लेकिन चक्का जाम के पीड़ित सभी समुदाय के लोग थे। उसने केवल एक समुदाय के लोगों को ही चक्का जाम के लिए भड़काया। आरोपी शरजील न केवल भड़काने वाला था, बल्कि वह हिंसा भड़काने की बड़ी साजिश का सरगना भी था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह की अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि शरजील ने खुले तौर पर एक समुदाय के मन में क्रोध और घृणा की भावना पैदा की। उन्हें उत्तर भारत के कई राज्यों में बड़े पैमाने पर व्यवधान पैदा करने के लिए उकसाया। ऐसे शख्स की यह दलील नहीं सुनी जा सकती कि सार्वजनिक सड़कों पर भीड़ द्वारा किया गया दंगा उसके भाषण का परिणाम नहीं था और इसके लिए उसे आपराधिक दायित्व में नहीं डाला जा सकता।

अदालत ने माना है कि उसका भाषण क्रोध और घृणा को भड़काने के लिए था, जिसका स्वाभाविक परिणाम सार्वजनिक सड़कों पर गैरकानूनी सभा के सदस्यों द्वारा व्यापक हिंसा से हुआ। उसने अपने सांप्रदायिक भाषण के माध्यम से हिंसक भीड़ गतिविधि को भड़काकर उकसाया, जिसके लिए उसके खिलाफ धारा 109 आईपीसी के साथ धारा 153 ए आईपीसी भी उचित रूप से लागू होते हैं। अदालत ने कहा है कि यहां यह ध्यान देने की जरूरत है कि चक्का जाम से कुछ भी शांतिपूर्ण नहीं हो सकता है। दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले शहर में किसी भी समय गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचाने की जल्दी होती है। चक्का जाम संभावित रूप से उनकी हालत खराब कर सकता है और अगर उन्हें समय पर चिकित्सा देखभाल नहीं मिलती तो उनकी मृत्यु भी हो सकती है। आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले वाहन सड़कों पर हैं। चक्का जाम अनिवार्य रूप से जनता के जीवन और स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

## पाकिस्तान में भुखमरी से तंग लोग मस्जिदें तोड़ उसकी ईंटें और लोहा बेच भर रहे पेट !



**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में लोग अब मस्जिदों को तोड़कर उसकी ईंटें और लोहे को बेचकर अपना पेट भर रहे हैं। हाल ही में यह तीसरी मस्जिद है जिसे तोड़ा गया है। लोग कह रहे हैं, ÷अगर अल्लाह हमें रोटी नहीं दे सकता, तो मस्जिदों की क्या जरूरत?÷ जो समुदाय कभी मंदिरों को तोड़कर यह कहता था कि सिर्फ अल्लाह ही सबसे बड़ा है, आज वही अल्लाह के घरों को खुद अपने हाथों से ढहा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक मस्जिद को तोड़ते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान में आर्थिक तंगी और भुखमरी के कारण लोग गुस्से में मस्जिदों को तोड़कर उनकी सामग्री बेच रहे हैं। हालांकि विश्वास न्यूज की जांच में यह दावा भ्रामक निकला।

वायरल वीडियो पाकिस्तान का ही है, लेकिन इसमें दिखाई गई मस्जिद अहमदिया मुस्लिम समुदाय की है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के धार्मिक स्थलों को बार-बार निशाना बनाया जाता है, क्योंकि वहां उन्हें गैर-मुस्लिम माना जाता है। फेसबुक और ट्विटर पर इस वीडियो को कई भ्रामक दावों के साथ शेयर किया जा रहा है। कुछ यूजर्स ने लिखा÷ - ÷पाकिस्तान में भुखमरी इतनी बढ़ गई है कि लोग मस्जिदें तोड़कर लोहे और ईंटें बेच रहे हैं। कराची में एक महीने में तीसरी मस्जिद तोड़ी गई।÷ एक ने लिखा-÷चार-चार निकाह करके 20-30 बच्चे पैदा किए और कहा कि यह अल्लाह की देन है, लेकिन अब अल्लाह खाना नहीं दे रहा।÷ ट्विटर पर भी इसी दावे के साथ यह वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और भुखमरी के कारण लोग मस्जिदों को तोड़कर उनकी सामग्री बेचने पर मजबूर हो गए हैं। इस वीडियो की सत्यता की जांच के लिए रिवर्स इमेज सर्च किया तो 3-4 फरवरी 2023 की रिपोर्ट मिली, जिसमें इस वीडियो से मेल खाती तस्वीर प्रकाशित की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार यह वीडियो पाकिस्तान के कराची शहर का है। वीडियो में दिख रही मस्जिद अहमदिया मुस्लिम समुदाय की है। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय को आधिकारिक रूप से गैर-मुस्लिम माना जाता है और उनके धार्मिक स्थलों को अक्सर निशाना बनाया जाता है। न्यूज एजेंसी ،हृद्ध ने भी 3 फरवरी 2023 को इस घटना की रिपोर्टिंग की थी। उनके अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कराची के सदर इलाके में अहमदिया मस्जिद पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

## अमेरिका में एक और हिंदू मंदिर पर हमला, लिखे गए मोदी और भारत विरोधी नारे

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर रविवार को हमले हुए। मंदिर की दीवारों पर इस दौरान भारत विरोधी संदेश लिख दिए गए। परिसर को अपवित्र करने की कोशिश की गई। आपको बता दें कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिका में हुआ यह दूसरी ऐसी घटना है। बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि चीनो हिल्स में उनका मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है। इसने यह भी कहा कि समुदाय कभी भी नफरत को जड़ पकड़ने नहीं देगा।

बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।

हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने कहा, हमारी सामान्य मानवता और विश्वास यह सुनिश्चित करेगा कि शांति और सहानुभूति का शासन हो। चीनो हिल्स पुलिस विभाग ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया है। यह घटना इस समय अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने वाली नफरत की घटनाओं की श्रृंखला का हिस्सा बन गई है, जिसे लेकर हिंदू समुदाय में गहरी चिंता और असंतोष व्याप्त है।

## फ्लाइट में 30000 फुट की ऊंचाई पर महिला ने पूरे कपड़े उतार कर किया ड्रामा



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में ह्यूस्टन से फीनिक्स जाने वाली साउथवेस्ट एयरलाइन की फ्लाइट में एक महिला ने अचानक अजीब हरकतें शुरू कर दीं, जिससे विमान के भीतर हड़कंप मच गया। महिला ने उड़ान भरने के बाद अपने कपड़े उतारने शुरू कर दिए और कॉकपिट में घुसने की कोशिश की, जिससे फ्लाइट की स्थिति बेकाबू हो गई। पायलट ने स्थिति को संभालते हुए विमान को वापस हवाईअड्डे पर लैंड करने का निर्णय लिया। यह घटना सोमवार को हुई थी, जब फ्लाइट ने ह्यूस्टन एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी।

महिला ने पहले विमान के उड़ान भरने के बाद चिल्लाना शुरू किया और फिर अचानक अपने कपड़े उतारने लगी। उसने सबसे पहले अपनी टोपी और जूते उछाल दिए, फिर अपनी शर्ट और पैंट उतार दिए और नग्न अवस्था में विमान के अंदर घूमने लगी। महिला ने इस दौरान फ्लाइट अटेंडेंट के साथ भी बदसलूकी की और कॉकपिट में घुसने की कोशिश की।

महिला की इस हरकत से स्थिति और भी बिगड़ गई, और विमान में मौजूद यात्रियों ने डर और घबराहट महसूस की। क्रू मेंबर्स और फ्लाइट अटेंडेंट्स ने महिला को काबू करने की कोशिश की, लेकिन महिला पूरी तरह से बेकाबू हो गई। एक फ्लाइट अटेंडेंट ने महिला को कंबल ओढ़ाकर उसे शांत करने की कोशिश की, लेकिन महिला ने उसे नकार दिया और विमान से उतरने की मांग की। स्थिति बिगड़ने पर पायलट ने तुरंत विमान को वापस एयरपोर्ट पर लौटने का निर्णय लिया। पायलट ने विमान को ह्यूस्टन एयरपोर्ट पर वापस लैंड कर दिया, जहां एयरलाइन कर्मचारी महिला को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को बुलाया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया और उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा।

ह्यूस्टन पुलिस के अनुसार, महिला पर फिलहाल कोई कानूनी मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन उसे एहतियात के तौर पर हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति का मूल्यांकन किया जा रहा है और उसे अस्पताल में रखा गया है। साउथवेस्ट एयरलाइन ने इस घटना के बाद एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने एक घंटे की देरी के लिए यात्रियों से माफी मांगी।

## ऑस्ट्रेलिया में साइक्लोन अल्फ्रेड का तांडव, 3 लाख से ज्यादा घरों में अंधेरा; बाढ़ की चेतावनी जारी

**सिडनी , एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया में साइक्लोन अल्फ्रेड का तांडव जारी है। इसका असर ऑस्ट्रेलिया के कई राज्यों में देखा जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य में कई लोगों के घर से बिजली चली गई, क्योंकि अल्फ्रेड नामक चक्रवात के कारण विनाशकारी हवाएं और भारी बारिश हुई,जिसके कारण बाढ़ की चेतावनी जारी कर दी गई।

ऊर्जा वितरक एनर्जेक्स ने इसको लेकर एक बयान में कहा कि क्वींसलैंड के दक्षिण-पूर्व में करीब 316,540 लोगों के घर में तूफान के चलते अंधेरा छा गया है, जबकि गोल्ड कोस्ट शहर सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र रहा, जहां तूफान के कारण 112,000 से ज्यादा लोग बिजली के बिना रह गए।

तूफान 16 दिनों तक चक्रवात के रूप में रहने के बाद शनिवार को क्वींसलैंड तट पर पहुंचा, जिसके कारण लाखों निवासियों ने तैयारियां शुरू कर दी।

राज्य की राजधानी ब्रिसबेन में भी तूफान आया, जिसका असर दक्षिणी पड़ोसी न्यू साउथ वेल्स में भी महसूस किया गया।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इस घटना को लेकर कहा कि क्वींसलैंड और उत्तरी न्यू साउथ वेल्स में अचानक बाढ़ और तेज हवाओं के कारण स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की तरफ से कैनबरा में प्रसारित अपने भाषण में अल्बानीज ने कहा, आने वाले दिनों में भारी बारिश, विनाशकारी हवा के झोंके और तटीय लहरों का असर जारी रहने की संभावना है। देश के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने कहा कि रविवार को भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और इसका असर ब्रिसबेन के साथ-साथ क्वींसलैंड के क्षेत्रीय केंद्रों इप्सविच, सनशाइन कोस्ट और जिमपी पर भी पड़ सकता है। ब्यूरो ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि राज्य में लगभग 90 किलोमीटर प्रति घंटे (60 मील प्रति घंटे) की गति से विनाशकारी हवाएं भी चल सकती हैं।

# कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, नारायणी व राष्ट्र निमार्ता हैं : मनोज सिंह






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मातृशक्ति एक ऐसी शक्ति का परिचायक है जो समता में अति सामान्य किंतु विषमताओं में असाधारण रूप से निडर, प्रखर, दृढ व जुझारू साबित होती हैं। दैविक, वैदिक, ऐतिहासिक व आधुनिक, हर कालखंड में कालजयी इतिहास रचने वाली नारी, सचमुच नारायणी है, राष्ट्र-निमार्ता है।

आज के इस आयोजन में एक बात जो स्पष्ट रूप से परिलक्षित है कि बोकारो के साधारण, अभिवंचित मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास की धुरि है यह संकल्प सृजन। उक्त बातें मनोज कुमार सिंह, सदस्य खादी और ग्रामोद्योग, पूर्वी क्षेत्र, भारत सरकार ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेक्टर 9 डी के सभागार में आयोजित मातृशक्ति संगम में बतौर मुख्य अतिथि कहे। साथ ही खादी ग्रामोद्योग से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी बनने हेतु प्रेरित किया। सर्वप्रथम अतिथि का स्वागत पारंपरिक तरीके से तिलक, आरती व पुष्प भेंट से करते हुए अभिनंदन किया गया। भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत उद्बोधन करते हुए संस्था के मूख्य संरक्षक राजेंद्र कुमार ने संस्था द्वारा क्रियान्वित कार्यों से सभी को अवगत कराते हुए आगे बढकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय होने हेतु समाज से अपील की। संस्था की महासचिव साध्वी झा ने संस्थागत कार्य सहित महिला समुहों के वर्ष भर की उपलब्धि को रेखांकित करते हुए कहा कि अपने अभिवंचित व साधारण समाज की बहनें जंग लगे तलवार की भांति हो गई हैं, उनकी पहचान व क्षमताएं बादल में छूपे सूर्य की तरह हो गई है, संकल्प सृजन माध्यम मात्र है, संस्था के बहाने, सोई प्रतिभा जगाने का काम बहनें कर रही हैं। खादी और ग्रामोद्योग से झारखंड निदेशक मांगेराम ने रेशा व कागज उद्योग की जानकारी देते हुए हर संभव सहयोग की बात कहे। संस्था की ओर से दो उत्कृष्ट समूह को (राधारानी महिला सृजनश्री, हार्टिंग बस्ती, कमला महिला सृजनश्री, से० 9 हटिया मोड) वर्ष भर की उपलब्धि हेतु सर्वश्रेष्ठ सम्मान मनोरमा कश्यप विजय रत्न तथा मनोरमा कश्यप समाज रत्न सम्मान से सुशोभित किया गया। इसी के साथ बडा खटाल की अंजना, शिवाजी कलोनी की अरुणा, रानीपोखर की माँ जया तथा पचोरा की तक्षशिला महिला सृजनश्री को उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अविनाश कुमार (पूर्व डिप्टी मेयर) कौशल किशोर राय, विकास पांडेय, विक्रम महतो, गोपाल सहित अन्य गण्यमान्य जनों ने बहनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिनु, सुनिता, अनिता, नेहा, ईंदू, डॉली, सुभद्रा, सत्यभामा, सुलेखा, रिंकू, नीतू, गीता, रीता सिंह,गुलाबी, निमा, खुशबू, रंगीली, लालमोती, शर्मिला, उषा, लिलावती शर्मा, विभाष सिंह, कमलदेव, बलराम झा सहित विभिन्न क्षेत्रों से 632 बहनें उपस्थित थीं।

# विस्थापितों के साथ वादा खिलाफी कर रही हेमंत सरकार : अमित

**विस्थापितों ने गाँवों को पंचायत का दर्जा देने की माँग को लेकर फूंका हेमंत सरकार पूतला**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों ने सेक्टर 9 बसंती मोड़ पर गाँवों को पंचायत का दर्जा देने की माँग को लेकर राज्य की हेमंत सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर भाजपा नेता कुमार अमित ने कहा कि हेमंत सरकार विधानसभा चुनाव में विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देने का वादा किया था पर अब सरकार में आने के बाद टाल मटोल कर रही है। गाँवों के पंचायत का दर्जा देने का अधिकार राज्य सरकार का है पर इस मुद्दे पर सरकार का सेल प्रबंधन से सहमति लेने की बात करना हास्यास्पद है। बोकारो विधायक का सरकार के इस स्टैंड से संतुष्ट होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार विस्थापितों को अब और नहीं छल सकती। हेमंत सरकार को विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देना हीं होगा। विस्थापित नेता उत्तम महतो ने कहा कि विस्थापित हमेशा छले गए हैं पर अब हम इन गाँवों को पंचायत का दर्जा ले कर हीं रहेगें। इसके लिए विस्थापित भीषण संघर्ष करने को तैयार हैं। इस अवसर पर विनय कुमार, विनोद कुमार, रामदयाल सिंह, मनीष कुमार, राहुल सिंह, सुनील महतो, सजल रजवार, प्रदीप महतो, किशन महतो, तुलसी रजवार, जागेश्वर रजवार, जगरन्नाथ नायक, रवि महतो, बिट्टु कुमार, विष्णु सिंह, लालबाबू, चंद्रप्रकाश, अशोक मंगली, अजय सिंह, आदर्श आदि के अलावे बड़ी संख्या में विस्थापित उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### चंद्रवंशी समाज का होली मिलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंद्रवंशी समाज का होली मिलन समारोह बोकारो चंद्रवंशी विकास परिषद द्वारा अधिवक्ता अतुल कुमार रवानी की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन में आयोजन किया गया । समारोह में समाज के सर्वांगीण विकास पर चिंतन किया गया, जहां सरकारी प्राधिकरण के जरिए समाज के कम्यूनिटी हॉल के निर्माण के जमीन की व्यवस्था करने पर विचार किया गया। साथ ही सी न टी ऐक्ट.के नियमों की बाध्यता से इस समाज को राहत देने की मांग पर चर्चा किया गया. मौके पर उपाध्यक्ष बबलू चंद्रवंशी ,कोषाध्यक्ष चुन्नु चंद्रवंशी, महासचिव लीला देवी, सह सचिव विनोद कुमार सिंह, संगठन मंत्री मोहन चंद्रवंशी, सुरेश प्रसाद,मौजूद थे. समारोह मुख्य अतिथि उत्पाद अधीक्षक आशुतोष कुमार, डॉ के पी सिन्हा, डॉ ओ पी सिन्हा, आर पी सिंह, अधिवक्ता राजश्री, अयोध्या रमन,रंजीत कुमार, सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।



### पूर्व विधायक के होली मिलन में उड़े रंग गुलाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो से भाजपा के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने आज अपने आवास में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। होली मिलन कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने पार्टी के नेताओं कार्यकताओं को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक की पत्नी भी लोगों को रंग गुलाल लगाती नजर आई। पूर्व विधायक के होली मिलन कार्यक्रम में सैकड़ों लोग जुटे। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था।जिसमें पूर्व विधायक ने होली के गाने भी गए। पूर्व विधायक ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, सभी लोग गिले शिकवे दूर कर इस सतरंगी रंग में समा जाएं। सभी के जीवन में सतरंगी खुशियां आए। बोकारो में अमन शांति हो यही हमारी कामना है। हम चाहते हैं कि बोकारो पूर्व की तरह विकास के पद पर आगे बढ़े।



### पोषण सखियों की राज्य इकाई की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को धनबाद एकीकृत पोषण सखी संघ झारखंड के बैनर तले राज्य इकाई की बैठक गोल्फ ग्राउंड मैदान में की गई बैठक में 6 जिलों में नियुक्त पोषण सखियों ने भाग लिया। सर्व सम्मति से पूर्व में हुए गिरिडीह जिला में राज्य कमेटी बैठक और उसका निर्णय का बहिष्कार करते हुए पूर्व प्रदेश कमेटी पर ही अपना विश्वास जताया। साथ ही धनबाद पश्चिमी जिला अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से रजनी रवानी का चयन किया गया।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अंजनी पासवान, प्रदेश संगठन महामंत्री पार्वती सोरेन, प्रदेश संरक्षक सोनी पासवान धनबाद जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे, सुषमा कुमारी कोषाध्यक्ष मनोरमा देवी, प्रमिला पासवान सैबुन निशा, आदि हजारों की संख्या में पोषण सखी मौजूद रही।



होली को ले अवैध शराब के खिलाफ चला विशेष अभियान

### 300 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट

**मेदिनीनगर(पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर होली को ले अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। तरहसी पुलिस ने उदयपुरा-1 पंचायत के सेलारी सुखरो टोला व सेवती में कार्रवाई की। अवैध 300 किलो जावा महुआ व शराब नष्ट किया गया। पुलिस ने बरामद जावा महुआ व शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। विशेष अभियान में तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार, एसआई अशोक राम व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने शाम 5 बजे बताया कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य होली के दौरान शराब के अवैध कारोबार को रोकना था। पर्व के दौरान कोई अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए अभियान चलाया गया। एसआई अशोक राम ने बताया कि पुलिस विभाग का अभियान गंभीरता से चलाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि के बारे में पुलिस को सूचित करें। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने में सहयोग करें।

### पूर्व सांसद रामदेव राम के बेटे अनिल राम का हुआ निधन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पलामू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद रामदेव राम के पुत्र अनिल राम का निधन हो गया है। वे 60 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए। पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर भाजपा तक के सफर में उन्होंने विभिन्न दायित्वो का निर्वहन किया। एक कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं। उनके निधन की खबर सुनते ही अंतिम दर्शन , श्रद्धांजलि व शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए शाहपुर स्थित उनके आवास पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं लगातार जाना - आना जारी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि स्व अनिल राम सरल एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय अनिल राम अपने पूरे राजनीतिक जीवन में छल कपट से दूर रहकर गरीब व असहाय को मदद पहुंचने का अथक प्रयास किया। शोक व्यक्त करने वालों में श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, अमलेश्वर दुबे, मनोज सिंह, विभाकर नारायण पांडे, प्रफुल्ल सिंह, नरेंद्र पांडे, विजय आनंद पाठक, जय दुबे, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, परमानंद चौबे, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, प्रदीप सिन्हा, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अभिमन्यु तिवारी, अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, कृष्ण गुप्ता, सरवन गुप्ता, छोटू सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# इंकलाबी नौजवान सभा की बैठक सम्पन्न




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा की जीबी बैठक गांधी सेवा सदन, धनबाद में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता इनौस के राज्य अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने की एवं संचालन पवन महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज उपस्थित थे । बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव नीरज ने कहा कि धनबाद में नौजवानों के साथ एक जुझारू आंदोलन खड़ा करने की योजना है। जिसके लिए प्रखंड से पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर नौजवानों को इंकलाबी नौजवान सभा में जोड़ेंगे। आज नौजवानों के साथ जो चुनौती है यह मोदी सरकार आने के बाद हुई है।देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है।सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में बेचकर युवाओं के अवसरों को छीना जा रहा है। थोड़ा बहुत रोजगार है उसमें नाना प्रकार की धांधली है।23 मार्च को भगत सिंह की शहादत दिवस पर इंकलाबी नौजवान सभा जिले के सभी प्रखंडों में नौजवानों की गोलबंदी के साथ भगत सिंह की सपनों का हिंदुस्तान बनाने का संकल्प लेते हुए मार्च निकालेंगे एवं 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के दिन जगह-जगह पर मार्च निकालकर जयंती मनाएंगे और संगठन को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राणा चाटराज,अशोक यादव, सोमनाथ चक्रवर्ती, विक्की पंडित, धीरज शर्मा,मंगल महतो, विमल रवानी, आकाशदीप महतो, सुरेश दास, ठाकुर महतो,अधिक यादव, महेश यादव,धर्मेंद्र सिंह, राजेश पासवान,शंकर बाउरी, भोला भुईया आदि शामिल थे।

# स्टेक होल्डरों को योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**कसमार(बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार के खैराचातर पंचायत भवन में आज किशोरियों तथा महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ाव तथा जेंडर हिंसा के खिलाफ स्टेक होल्डर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि सरकार के द्वारा किशोरियों तथा महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की सरकार की योजनाएं हैं, जिससे सभी को आच्छादित करना है। इन योजनाओं की जानकारी जन-जन तक ले जाना है। तथा किशोरियों का ड्रॉप आउट तथा जेंडर आधारित हिंसा हिंसा को समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पंचायत के विभिन्न वार्डो में पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, सहीया, एसएचसी ग्रुप, धार्मिक नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे किसी भी प्रकार के दिक्कत तथा हिंसा को समाप्त करने में तत्काल मदद मिल पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि संस्था के द्वारा कसमार प्रखंड के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर महिला हिंसा तथा बाल विवाह के खिलाफ सघन रूप से कार्य किया जा रहा है। साथ ही किशोरियों तथा महिलाओं को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जा रहा है। इस दौरान सहयोगिनी समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा की किशोरियों को तकनीकी प्रशिक्षण तथा जानकारी देकर उनका लीडरशिप डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहयोगिनी की एनिमेटर प्रतिमा सिंह ने किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि अनिल कुमार कपड़दार, विगन महली, मनोज घासी, अशोक घासी, आंगनवाड़ी सेविका कंचन देवी, पिंकी देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, नीलम देवी, रीता देवी, रितु देवी, संजय कुमार महतो, कृष्णा जायसवाल आदि उपस्थित थी।




# बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज ने किया होली मिलन का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बसंत ऋतु आने के बाद से ही होली की खुमार चढ़ने लगती है। बोकारो में भी इसका असर देखने को मिलने लगा है। बोकारो चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सभी व्यापारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इस दौरान व्यापारी होली के गानों पर झूमते हुए नजर आए। चेंबर के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सालों भर तनाव में रहने के बाद इस तनाव को दूर करने के लिए हम लोग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन करते हैं और हम यही कामना करते हैं कि आगे सभी व्यापारी तनाव मुक्त रहें। चेंबर के संरक्षक संजय वैद ने कहा कि हमारे भारत की जो सांस्कृतिक विरासत है वह बहुत समृद्ध है और उसी कड़ी में होली का त्यौहार आता है, जो की उमंग उल्लास और उत्साह से मनाया जाता है और इस त्यौहार की सबसे बड़ी खासियत है कि छोटे बड़े ऊंच नीच का कोई यहां पर भेदभाव नहीं रहता है और हम लोग सब काफी खुशी से इस रंगों के त्यौहार को मानते हैं।

## 35 बछड़ों से भरे ट्रक को पुलिस ने किया जप्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंडराजोरा थाना पुलिस ने झारखंड बंगाल बॉडर चेक पोस्ट के निकट गाय के 35 बछड़ों से भरे ट्रक संख्या बी आर 24जीबी-0199 को जांच के क्रम में जप्त कर लिया। ट्रक बंगाल की ओर जा रहा था। पुलिस ने इसकी सूचना पशुपालन विभाग को दी। पशुपालन विभाग के चिकित्सक और कर्मी मौके पर पहुंचे और बछड़ो के स्वास्थ्य जांच की। पशुपालन विभाग के कर्मी ने बताया कि इन बच्चों की उम्र लगभग डेढ़ से 2 साल है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है। पुलिस गाड़ी मालिक के माध्यम से इसका कारोबार करने वाले लोगों की पहचान करने में जुड़ गई है। इन बछड़ों को कहां से लाया जा रहा था और कहां पहुंचा जा रहा था इसका पता लगाने में जुटी है।

# चौथी बार राम निवास तिवारी बनें तोलरा रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में ऐतिहासिक रामनवमी पूजा आयोजन को ले शोखा बाबा मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से रामनिवास तिवारी को चौथी बार रामनवमी पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। बबलू तिवारी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। रामनवमी पूजा कमेटी के मार्गदर्शन मंडली सुमंत तिवारी, शिक्षक अरुण त्रिवेदी, संजय तिवारी, धीरन तिवारी, धनंजय तिवारी को शामिल किया गया है। रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम निवास तिवारी ने बताया कि तोलरा गांव की आयोजित पूजा पंडाल ऐतिहासिक होगा। इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया कि भगवान राम के तस्वीर के साथ ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही शोखा बाबा के दरबार में भव्य अखंड पूजा अर्चना होगा। बताया कि प्रत्येक मंगलवार को महावीरी शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# हाड़ी जाति समाज सुधार समिति का होली मिलन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को हीरापुर स्थित गांधी सेवा सदन परिसर में सामाजिक संस्था हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने होली मिलन समारोह मनाया जिसमें धनबाद जिला हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर दुलाल लगाकर,गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। समिति के अध्यक्ष किशोर हाड़ी एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज को सुरक्षित एवं नशा मुक्त होली खेलने की अपील की। होली मिलन में जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी,कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी,उपाध्यक्ष बिरजु हाड़ी, सचिव राजेश हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी,रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, जिला सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, जिला वरीय पदाधिकारी संजय हाड़ी,जिला संगठन सचिव चतुर हाड़ी,जिला संरक्षक अमित किशोर,युवा समिति से युवा समित्ति के अध्यक्ष विनोद हाड़ी,महासचिव अजय हाड़ी,उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी,प्रकाश हाड़ी,राजू हाड़ी,सचिव दिनेश हाड़ी संगठन सचिव भरत हाड़ी,संतोष हाड़ी,बिक्की हाड़ी,अमर हाड़ीरक्षा मंत्री विरेन्द्र हाड़ी,सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, मीडिया प्रभारी रमन हाड़ी, कार्यकारणी सदस्य राजू हाड़ी, सुरेन्द्र हाड़ी, रवि हाड़ी, दिलीप हाड़ी, झरिया प्रखड सूचना मंत्री विकाश हाड़ी,समिति के पदाधिकारी डब्लु हाड़ी, सोमर हाड़ी, लाला हाड़ी उपस्थित थे।

# जिले भर में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का हुआ आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु का सुरक्षा/बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसी क्रम में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सघन हीमोग्लोबिन जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल बोकारो, अनुमण्डलीय अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। जहां सभी गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इस दौरान चिकित्सक टीम द्वारा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से होने वाले नुकसान के संबंध में भी बताया गया। वहीं, शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बूस्ट करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां अपने आहार में शामिल करने की बात कहीं। महिलाओं को साग, पालक, शिमला मिर्च और ब्रोकली खाना चाहिए। इसके अलावा फलों (अनार, केला, चुकंदर, खजूर आदि) का भी नियमित सेवन को कहा गया। शिविर में कुल 4,032 महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। सोमवार को भी सभी स्वास्थ्य संस्थानों में हीमोग्लोबिन जांच किया जाएगा। शिविर में जरीडीह प्रखंड में 303 महिलाओं, चास प्रखंड में 580 महिलाओं, नावाडीह प्रखंड में 380 महिलाओं, चंदनकियारी प्रखंड में 321 महिलाओं, बेरमो प्रखंड में 505 महिलाओं, कसमार प्रखंड में 363 महिलाओं, पेटरवार प्रखंड में 504 महिलाओं, गोमिया प्रखंड में 322 महिलाओं एवं चास शहरी में 754 महिलाओं का हेमोग्लोबिन जांच किया गया।

# टुण्डी विधायक आधा दर्जन कार्यक्रमों में हुए शामिल योजनाओं की सौगात जनता के नाम की



**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो आज शनिवार अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने सभी समर्थकों के साथ शामिल हुए और कई योजनाओं का आधारशिला रखा सर्वप्रथम दक्षिणी टुण्डी के करमाटांड मोहनाद पथ पर स्थित जोरिया में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से बनने वाले पुल का दीप प्रज्जवलित एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया वहीं भवन प्रमंडल द्वारा कार्यान्वित बालक बालिकाओं के लिए डी एफ एम टी फंड से शौचालय निर्माण कार्य का आधारशिला रखा साथ ही कदैया जामा मस्जिद के ठीक सामने 100 के वी ए का नया ट्रांसफार्मर का फीता काट कर उद्घाटन किया ओर इफ्तार पार्टी में शामिल हुए इसके अलावा लालाटोला निवासी संदीप कुमार सिन्हा के ज्येष्ठ पुत्र की शादी में शामिल हुए और वर वधू को आशीर्वचन दिया। मौके पर कामेश्वर सिंह, फूलचंद किस्कू, अजीमुद्दीन अंसारी ,अजीत मिश्रा, गिरिलाल किस्कू, सुरेन्द्र सोरेन,बसंत महतो, आनंद महतो, धनेश्वर मुर्मू,गनी अंसारी, इम्तियाज अंसारी,यादव सेन, राहुल सिंह चौहान हेंब्रम, समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK